आर.एन.आई.नं. RAJHIN/2003/11926 | जयपुर, जोधपुर एवं अजमेर से प्रकाशित राज्य स्तरीय दैनिक | डाक पंजियन संख्या: जयपुर सिटी/005/2026-2028

# हुक्मनामा समाचार

वर्ष 23 : अंक 270: मूल्य 2 रु. : पृष्ठ संख्या 8

www.hukmnamasamachar.com | जयपुर, गुरुवार, 02 जुलाई, 2026 | www.Lokvarta.net

# बस-ट्रेलर भिड़े, 8 की मौत, 28 घायल

## किसी ने पत्नी तो किसी ने पति को खोया, आग की लपटों के बीच मची चीख पुकार, हाई लेवल कमेटी करेगी जांच




**दौसा (हुक्मनामा समाचार)।** देश की सबसे आधुनिक और हाई-स्पीड सड़कों में शुमार दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे का दौसा से गुजरने वाला हिस्सा एक बार फिर भीषण हादसे का गवाह बना। बुधवार तड़के कोलवा थाना क्षेत्र में वीडियो कोच बस और ट्रेलर की टक्कर के बाद लगी भीषण आग ने आठ लोगों की जिंदगी छीन ली, जबकि 28 यात्री घायल हो गए। इस हादसे ने एक बार फिर एक्सप्रेसवे की सुरक्षा व्यवस्था और हादसों की रोकथाम पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। दौसा जिले में दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर लगातार हो रहे हादसों के चलते अब स्थानीय लोगों के बीच इसे 'मौत का एक्सप्रेसवे' कहा जाने लगा है। तेज रफ्तार, भारी वाहनों की आवाजाही और बार-बार सामने आ रही दुर्घटनाओं ने इस हाईवे को सुरक्षित यात्रा की बजाय खौफ का पर्याय बना दिया है। बुधवार का हादसा भी इसी कड़ी की सबसे दर्दनाक घटनाओं में शामिल हो गया, जिसने आठ परिवारों के चिराग हमेशा के लिए बुझा दिए। लेकिन इतना तय है कि यह दुर्घटना फिर यह सवाल छोड़ गई है कि आखिर आधुनिक एक्सप्रेसवे पर लगातार हो रही जानलेवा दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश कब लगेगा। हर हादसे के बाद जांच और दावे तो होते हैं, लेकिन मौतों का सिलसिला थमता नजर नहीं आ रहा। यदि समय रहते ठोस और प्रभावी कदम नहीं उठाए गए, तो यह एक्सप्रेसवे लोगों के लिए सुविधा से ज्यादा भय का प्रतीक बनता जाएगा।

दौसा जिले से गुजर रहे दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर बुधवार तड़के करीब 2:30 से 3 बजे के बीच कोलवा थाना क्षेत्र में धनावड़ रेस्ट एरिया के समीप पिलर संख्या-169 के पास एक भीषण सड़क हादसा हो गया। ऋषिकेश-हरिद्वार से इंदौर जा रही एक वीडियो कोच बस को ट्रेलर ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों वाहन अनियंत्रित होकर एक्सप्रेसवे से नीचे उतर गए और कुछ ही देर में उनमें आग लग गई। इस दर्दनाक हादसे में 8 लोगों की मौत हो गई, जबकि 28 यात्री घायल हो गए। घायलों में महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसे के समय अधिकांश यात्री गहरी नींद में सो रहे थे। टक्कर के बाद बस के पिछले हिस्से में आग लग गई, जिसने देखते ही देखते पूरी बस और ट्रेलर को अपनी चपेट में ले लिया। बस में सवार कई यात्रियों ने शीशे और इमरजेंसी गेट तोड़कर किसी तरह अपनी जान बचाई, जबकि अंदर फंसे छह यात्री आग की लपटों में झुलस गए। शव इस कदर जल गए कि उनकी पहचान तक संभव नहीं हो सकी। प्रशासन अब डीएनए जांच एवं अन्य वैज्ञानिक तकनीकों की मदद से मृतकों की पहचान कराएगा। हादसे की सूचना मिलते ही कोलवा, बांदीकुई और सिकंदरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। दमकल की कई गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। पुलिस, प्रशासन और स्थानीय लोगों की सहायता से घायलों को बाहर निकालकर एंबुलेंस के जरिए दौसा जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार जारी है। बताया जा रहा है कि अधिकांश यात्री मध्यप्रदेश के निवासी हैं, जो हरिद्वार और ऋषिकेश से दर्शन कर लौट रहे थे।एक साथ बड़ी संख्या में घायलों और मृतकों के पहुंचने पर दौसा जिला अस्पताल में आपातकालीन व्यवस्था लागू की गई। चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मियों को तत्काल अस्पताल बुलाया गया और सभी घायलों का प्राथमिकता के आधार पर उपचार शुरू कराया गया।

### कलेक्टर ने बनाई जांच टीम

जिला कलेक्टर सौम्या झा ने हादसे की जांच के लिए 8 सदस्यीय टीम बनाई है। टीम को जल्द से जल्द जांच कर रिपोर्ट सौंपने के आदेश दिए गए हैं।

### राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने शोक व्यक्त किया

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने दौसा में दिल्ली - मुंबई एक्सप्रेस पर हुए भीषण सड़क हादसे पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने ईश्वर से मृतकों की पुण्यात्मा की शांति और शोक संतप्त परिजनों को यह दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की है। उन्होंने हादसे में घायलों के जल्द स्वस्थ होने की भी कामना की है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि दौसा में दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर हुई सड़क दुर्घटना में जनहानि का समाचार पीड़ादायक है। ईश्वर दिवंगत आत्माओं को अपने श्री चरणों में स्थान दें तथा शोकाकुल परिजनों को यह अपार दुःख सहने की शक्ति प्रदान करें। घटना की सूचना मिलते ही दौसा सांसद मुरारी लाल मीणा, दौसा विधायक दीनदयाल बैरवा, बांदीकुई विधायक भागचंद टांकड़ा , महुवा विधायक राजेंद्र मीणा, जिला कलेक्टर डॉ. सौम्या झा, अतिरिक्त जिला कलेक्टर अरविंद शर्मा, उपखंड अधिकारी संजू मीणा, तहसीलदार गजानंद मीणा तथा कोतवाली थाना प्रभारी भगवान सहाय शर्मा जिला अस्पताल पहुंचे और घायलों का हालचाल जाना।

## संक्षिप्त खबरें

### मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आज देवमाली आएंगे

**ब्यावर, (हुक्मनामा समाचार)।** ब्यावर जिले के मसुदा उपखंड के निकट देवमाली में आज मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आएंगे। इसे लेकर प्रशासनिक तैयारियां तेज हो गई हैं। बुधवार को मसूदा विधायक वीरेंद्र सिंह कानावत और जिला प्रशासन के अधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिला कलेक्टर कमल राम मीणा, जिला पुलिस अधीक्षक, जिला परिषद अजमेर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. गोपाल लाल मीणा, अतिरिक्त जिला कलेक्टर ब्रह्म लाल जाट सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, पेयजल, विद्युत आपूर्ति, स्वच्छता, मंच निर्माण और बैठक व्यवस्था सहित सभी आवश्यक तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की। इस दौरान संबंधित विभागों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

### पूर्व विधायक ने चुनाव आयोग-सरकार को भेजा लीगल नोटिस

#### हाईकोर्ट ने 31 जुलाई तक चुनाव के दिए थे निर्देश

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** प्रदेश में पंचायत और निकाय चुनाव का मामला एक बार फिर हाईकोर्ट पहुंच सकता हैं। पूर्व विधायक संयम लोढ़ा ने 31 जुलाई तक पंचायत-निकाय चुनाव कराने के अदालती आदेश की पालना में चुनाव की प्रक्रिया शुरू नहीं करने पर राज्य चुनाव आयोग और राज्य सरकार को लीगल नोटिस भेजा है।

नोटिस में कहा गया है कि हाईकोर्ट पंचायत-निकाय चुनाव के लिए स्पष्ट निर्देश दे चुका है। कोर्ट यह भी स्पष्ट रूप से कह चुका कि 20 जून तक परिसीमन व मतदाता सूचियों के संबंध में प्रक्रिया पूरी कर ली जाए। लेकिन इसके बावजूद आयोग और सरकार ने अभी तक चुनाव कराने की तैयारी नहीं की है। पूर्व विधायक ने बुधवार को राज्य निर्वाचन आयुक्त राजेश्वर सिंह, आयोग सचिव राजेश वर्मा, पंचायती राज सचिव जोगाराम व स्थानीय निकाय निदेशक जुइकर प्रतीक चंद्रशेखर को लीगल नोटिस भेजा हैं।

### तमिलनाडु में विजय सरकार गिराने की साजिश

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** तमिलनाडु में एक्टर विजय की पार्टी तमिलगा वेत्री कड़गम के विधायकों को 35 करोड़ रुपए का लालच देकर राज्य सरकार को गिराने की कथित साजिश का दावा किया गया है। राज्य के खुफिया विभाग ने कहा है कि इस योजना को समय रहते नाकाम कर दिया गया।

पार्टी सूत्रों के अनुसार, साजिश के तहत टीवीके के 15 विधायकों से एक साथ इस्तीफा दिलाकर सरकार को संकट में डालने की तैयारी थी। इसी बीच ऊथंगुरै से अन्नाद्रमुक विधायक डॉ. एन. इलैयाराजा ने आरोप लगाया कि उन्हें स्पीकर के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव में वोट देने के बदले 35 करोड़ रुपए की रिश्वत की पेशकश की गई।

शिकायत के बाद पुलिस और खुफिया एजेंसियों ने जांच शुरू की और चेन्नई की एक कंसल्टेंसी फर्म से जुड़े तीन लोगों (तिरुनावुक्करासु, नरेष और त्यागराजन) को गिरफ्तार किया। जांच में उनके द्रमुक विधायक सेंथिल बालाजी से संबंध होने की जानकारी मिली है।

**35 करोड़ की पेशकश की गई थी: विधायक :** 29 जून को विधायक इलैयाराजा ने चेन्नई पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि थिरुनावुक्करासु नाम के व्यक्ति ने खुद को एक सर्वे एजेंसी का प्रमुख बताकर उनसे फोन पर संपर्क किया।

**29वां राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस सम्मेलन : डिजिटल ने शासन को बनाया प्रभावी, पारदर्शी, उत्तरदायी और नागरिक-केंद्रित**

# प्रदेश संपर्क जन-अभियोग निवारण का प्रभावी मंच : भजनलाल शर्मा

#### मुख्यमंत्री ने राजस्थान लैंग्वेज मॉडल ट्रेनिंग हैकाथॉन, स्मार्ट राजस्थान, राजस्थान इनोवेशन चैलेंज और ई-मित्र व्हाट्सएप सेवा का किया शुभारंभ

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि तकनीक केवल सुविधा का साधन न होकर सामाजिक समावेशन एवं जनकल्याण का प्रमुख माध्यम बने। डिजिटल शासन का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे और कोई भी नागरिक विकास की मुख्यधारा से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने डीबीटी के माध्यम से हर योजना का लाभ सीधे लाभार्थी के खाते में पहुंचाया है। जन-धन, आधार और मोबाइल के जरिये बिचैलियों का दखल खत्म किया और डिजिटल इंडिया जैसी पहल कर तकनीक को आर्थिक विकास का साधन बनाया।

मुख्यमंत्री बुधवार को राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर (आरआईसी) में दो दिवसीय 29वें राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस सम्मेलन के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की मंशा है कि ई-गवर्नेंस को आसान, प्रभावी और किफायती बनाया जाए। इसी क्रम मेंयूपीआई आज लेनदेन का आसान जरिया बन चुका है। शासन को अधिक प्रभावी, पारदर्शी, उत्तरदायी और नागरिक-केंद्रित बनाने में एआई, डेटा विश्लेषण, डिजिटल ढांचा और साइबर सुरक्षा महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि राजस्थान में तकनीक को जनकल्याण का प्रभावी माध्यम बनाने की दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है। राजस्थान संपर्क जन-अभियोग निवारण का प्रभावी मंच बन चुका है। इस प्लेटफॉर्म से हर महीने ढाई से तीन लाख शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण हो रहा है। उन्होंने कहा कि वे स्वयं राजस्थान संपर्क पर शिकायतों का निवारण करते हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा राज्य सरकार ने राजस्थान एआई-एमएल पॉलिसी 2026 लागू की है। इसके जरिए एआई के उपयोग से प्रशासन, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि और उद्योग सहित विभिन्न क्षेत्रों में व्यापक कार्यों का आधार तैयार हुआ है। वहीं, एवीजीसी एंड एक्सआर पॉलिसी लागू कर एनिमेशन, गेमिंग, विजुअल इफेक्ट्स और डिजिटल तकनीकों में युवाओं के लिए नए अवसरों का मार्ग प्रशस्त हुआ है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने एआई एवं क्वांटम कम्प्यूटिंग मिशन की भी शुरूआत की है।

उन्होंने कहा कि राजस्थान देश के अग्रणी स्टार्टअप राज्यों में तेजी से उभर रहा है। पिछले दो वर्षों में यहां स्टार्टअप्स की संख्या 4 हजार से बढ़कर साढ़े आठ हजार से अधिक हो गई है। वहीं, निवेश 250 करोड़ रुपये से बढ़कर एक हजार करोड़ रुपये और रोजगार सृजन का आंकड़ा 22 हजार से बढ़कर 47 हजार से अधिक हो गया है।




**मोदी के नेतृत्व में 2014 से जेम ट्रिनिटी को शुरू किया**

सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने कहा कि गवर्नेंस, ई-गवर्नेंस और एआई इन गवर्नेंस से हम सभी को तेज सेवा, ज्यादा सेवा और सबसे बेहतर सेवा जैसी तीन प्रमुख सर्विसेज मिलती हैं। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में 2014 से जेम ट्रिनिटी को शुरू किया गया। आज विश्व में सबसे ज्यादा कैशलेस ट्रांजेक्शन यूपीआई के माध्यम से हमारे देश में हो रहा है। उन्होंने कहा कि हमें ऐसी व्यवस्था बनानी है, जिसमें सरकार आमजन तक उनकी जरूरतों को पूरा करने के लिए तेजी से पहुंचे। डेटा और एआई की मदद से ये लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। राज्य सरकार पारदर्शिता से आमजन को सशक्त बनाने और त्वरित सेवाओं के लिए प्रदेश में तकनीक को अपनाकर निरंतर बढ़ावा दे रही है।

इस अवसर पर संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल, मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास, सचिव इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी एस. कृष्णन, सचिव प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत निवेदिता शुक्ला वर्मा, शासन सचिव सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग रवि कुमार सुरपुर, विभिन्न राज्यों एवं विभागों के उच्चाधिकारी सहित तकनीकी क्षेत्र से जुड़े उद्यमी, विशेषज्ञ, स्टार्टअप्स प्रोफेशनल्स एवं बड़ी संख्या में युवा उपस्थित रहे।

## 30 दिन जेल में रहे तो पीएम-सीएम की कुर्सी जाएगी

#### संसदीय समिति प्रावधान हटाने के पक्ष में नहीं

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अगर कोई प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, केंद्रीय मंत्री या राज्य मंत्री किसी गंभीर अपराध के मामले में गिरफ्तार होने के बाद लगातार 30 दिन तक न्यायिक हिरासत में रहता है, तो उन्हें पद छोड़ना पड़ सकता है। इससे जुड़े बिलों को सरकार मानसून सत्र में दोबारा पेश कर सकती है। सूत्रों के मुताबिक 130वें संविधान संशोधन बिल पर बनी संसद की संयुक्त संसदीय समिति इससे जुड़े प्रावधानों को हटाने के पक्ष में नहीं है। समिति 17 जुलाई को अपनी रिपोर्ट को मंजूरी दे सकती है। गृहमंत्री अमित शाह ने इससे जुड़े 3 बिलों को पिछले मानसून सत्र में संसद के दोनों सदनों में रखा था, जिसके बाद इसे इन्हें जेपीसी को भेजने का प्रस्ताव मंजूर कर लिया गया था। CBI-ED ने 2014 के बाद 13 सिटिंग मंत्रियों को गिरफ्तार किया।

## एसआई भर्ती-2021 पेपर लीक में एसओजी की कार्रवाई

#### 35 लाख में बिका था सॉल्व पेपर, कोचिंग संचालक समेत दो मास्टरमाइंड गिरफ्तार



**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान की बहुचर्चित उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा-2021 पेपर लीक मामले में स्पेशल ऑपरेशंस ग्रुप को एक और बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। एसओजी ने पेपर लीक सिंडिकेट से जुड़े दो मुख्य किरदारों—एमएडी फाउंडेशन कोचिंग के संचालक और पेपर सप्लायर को दबोच लिया है। इन दोनों ने मिलीभगत कर परीक्षा से पहले ही अभ्यर्थियों को सॉल्व पेपर मुहैया कराया था, जिसके दम पर वे खाकी वर्दी पहनकर सब-इनस्पेक्टर बन बैठे थे। न्यायालय ने दोनों आरोपियों को 4 जुलाई तक एसओजी की रिमांड पर सौंप दिया है, जहाँ इनसे पैसों के लेन-देन और गिरोह के अन्य नेटवर्क को लेकर कड़ाई से पूछताछ की जा रही है। इस महा-घोटाले में अब तक कुल 149 आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस विशाल बंसल ने बताया कि 29 जून को मुख्य आरोपी दिनेश किलका (निवासी प्रेमपुरा, सीकर) को गिरफ्तार किया गया, जो परीक्षा के समय शाहपुरा स्थित एमएडी फाउंडेशन कोचिंग का संचालक था। दिनेश की निशानदेही पर 30 जून को पेपर सप्लाई करने वाले राकेश कुमार (निवासी सीकर) को भी दबोच लिया गया। कोचिंग संचालक दिनेश किलका ने सीकर के राकेश कुमार से 35 लाख रुपए में परीक्षा से पहले ही लीक हुआ सॉल्व पेपर खरीदा था। इसके बाद दिनेश ने इस पेपर को अभ्यर्थी अविनाश पलसानिया को 20 लाख रुपए और परमेश चौधरी को 16 लाख रुपए में बेचकर उन्हें परीक्षा से पहले ही पूरा पेपर रटवाया था।

## जम्मू-कश्मीर में बादल फटा, अरुणाचल में बाढ़

### एमपी-बिहार में बिजली गिरने से 8 की मौत

**भोपाल/जयपुर (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर को डोडा में बुधवार सुबह 2 बार बादल फटा। भलेसा के कलालगीसर इलाके में बादल फटने से बाढ़ आ गई। ढेर सारा मलबा पहाड़ी से बहकर सड़क पर आ गया। इससे रास्ते ब्लॉक हो गए। वहीं, अरुणाचल प्रदेश में बाढ़ और लैंडस्लाइड का कहर है। अब तक 4 लोगों की मौत हो चुकी है। अंजॉ जिले के सारती गांव में लैंडस्लाइड में एक व्यक्ति की मौत हुई। इधर, मध्य प्रदेश के हरदा-खरगोन में बिजली गिरने से 3 लोगों की मौत हो गई, जबकि बैतूल में एक ही परिवार के चार लोग झुलस गए। वहीं, चंपा नदी के उफान में बाइक समेत दो युवक बह गए।बिहार में भी बिजली गिरने से 5 लोगों की मौत हो गई। यूपी के सोनभद्र में मंगलवार शाम 4 बजे पिकनिक मनाने गए 3 लोग बरसाती नाले के तेज बहाव में बह गए। एक ही मौत हुई। मानसून ने बुधवार को पंजाब और हरियाणा में एंट्री कर ली। अब दिल्ली और राजस्थान को छोड़ पूरे देश में मानसून पहुंच गया है। मौसम विभाग ने अनुमान जताया है कि जुलाई में देश के ज्यादातर हिस्सों में सामान्य से कम बारिश हो सकती है। देश में इस साल जून महीने में 1901 के बाद पांचवीं सबसे कम बारिश दर्ज की गई है।



### पेनल्टी कॉर्नर




### पटेला री पोल

पांचना बांध का विवाद सुलझा, बदलेगी अब हवा
लंबे समय से विवाद बना था, पर लगी इस बार दवा
74 गांव थे आमने-सामने, संकट था यह बहुत बड़ा
राजनेता रोटियां सेक रहे थे, समाज का पीछे खड़ा

...मुखिया जी

## दोहा में मध्यस्थों के जरिए अमेरिका और ईरान में बातचीत



**दोहा (एजेंसी)।** कतर की राजधानी दोहा में बुधवार को अमेरिका और ईरान के बीच कतर और पाकिस्तान की मध्यस्थता में अप्रत्यक्ष बातचीत जारी रही। सिन्हुआ समाचार एजेंसी ने एक सूत्र के हवाले से बताया कि फिलहाल बातचीत अप्रत्यक्ष तरीके से हो रही है। दोनों देशों के प्रतिनिधि आमने-सामने नहीं मिल रहे हैं। बैठकें बंद कमरे में हो रही हैं और मध्यस्थ देश दोनों पक्षों के बीच बातचीत आगे बढ़ा रहे हैं।' सूत्र के मुताबिक, बातचीत का मुख्य मुद्दा 17 जून को इस्लामाबाद में हुए समझौता ज्ञापन (एमओयू) को लागू करना है। इसमें ईरान की फ्रीज की गई संपत्तियों और होर्मुज स्ट्रेट की समुद्री सुरक्षा जैसे विषय शामिल हैं।

मंगलवार को कतर ने पुष्टि की थी कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ और जेरेड कुशनर दोहा पहुंच चुके हैं लेकिन वे ईरानी अधिकारियों से सीधे मुलाकात नहीं करेंगे।

कतर के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माजिद अल अंसारी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल सीधे ईरान से बात करने के बजाय मध्यस्थों से मुलाकात करेगा। इस दौरान अमेरिका और ईरान के बीच हाल ही में हुए एमओयू को लागू करने की प्रगति पर चर्चा होगी।

# भारत-मलेशिया की रणनीतिक साझेदारी

## रक्षा सहयोग को मिलेगा नया विस्तार



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत और मलेशिया ने अपने रक्षा संबंधों को और मजबूत बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। इसके तहत नई दिल्ली में 1 जुलाई को सैन्य सहयोग पर 12वीं भारत-मलेशिया उप-समिति बैठक आयोजित की गई। बैठक में दोनों देशों ने रक्षा और सुरक्षा से जुड़े लगभग सभी महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की और भविष्य के सहयोग का खाका तैयार किया। बैठक के दौरान दोनों देशों ने सैन्य सहयोग की अब तक की प्रगति की समीक्षा की। सैन्य अभ्यास, सैनिकों के आदान-प्रदान, प्रशिक्षण कार्यक्रमों, स्टाफ वार्ताओं, क्षमता निर्माण और समुद्री सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में हुए सहयोग पर संतोष व्यक्त किया गया। दोनों पक्षों ने माना कि पिछले कुछ वर्षों में रक्षा संबंध लगातार मजबूत हुए हैं और अब इन्हें अगले स्तर तक ले जाने का समय आ गया है। भारत और मलेशिया ने इस बात पर सहमति जताई कि दोनों देशों की सेनाओं के बीच संपर्क और बढ़ाया जाएगा। सैनिकों को एक-दूसरे के प्रशिक्षण संस्थानों में भेजने, पेशेवर अनुभव साझा करने और संयुक्त गतिविधियों की संख्या बढ़ाने पर भी चर्चा हुई। इससे दोनों देशों की सेनाओं के बीच बेहतर समझ और तालमेल विकसित होगा। बैठक में रक्षा उद्योग और आधुनिक तकनीक पर विशेष जोर दिया गया। दोनों देशों ने रक्षा प्रौद्योगिकी, साइबर सुरक्षा, रक्षा उत्पादन तथा मानवीय सहायता एवं आपदा राहत जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने की संभावनाओं पर विचार किया। तेजी से बदलते सुरक्षा माहौल को देखते हुए इन क्षेत्रों को भविष्य की जरूरत बताया गया। क्षेत्रीय और वैश्विक सुरक्षा हालात पर भी चर्चा हुई।भारत और मलेशिया ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति, स्थिरता, सुरक्षा और समुद्री मार्गों की स्वतंत्रता बनाए रखने की अपनी साझा प्रतिबद्धता दोहराई। दोनों देशों ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय कानून के सम्मान और नियम-आधारित व्यवस्था के जरिए ही क्षेत्र में स्थायी शांति सुनिश्चित की जा सकती है। आतंकवाद के खिलाफ सहयोग को भी महत्वपूर्ण विषय माना गया। दोनों पक्षों ने आतंकवाद-रोधी प्रयासों में मिलकर काम करने और क्षेत्रीय मंचों के माध्यम से सहयोग को आगे बढ़ाने पर सहमति व्यक्त की। यह बैठक इसलिए भी महत्वपूर्ण मानी जा रही है क्योंकि रक्षा सहयोग भारत और मलेशिया की उन्नत रणनीतिक साझेदारी का एक प्रमुख आधार बन चुका है।

दोनों देशों ने स्पष्ट किया कि आपसी विश्वास, साझा हितों और सुरक्षित एवं समृद्ध हिंद-प्रशांत क्षेत्र की समान सोच के आधार पर रक्षा संबंधों को और गहरा किया जाएगा। भारत यात्रा के दौरान मलेशियाई सैन्य प्रतिनिधिमंडल ने नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पहुंचकर भारत के वीर शहीदों को श्रद्धांजलि भी अर्पित की।

CMYK

## मौके पर हुआ रिकॉर्ड सत्यापन, सौंपी विभाजित जमाबंदी

# ग्रामीण सेवा शिविर में खरतवासिया के काश्तकारों के बरसों पुराने संयुक्त खाते का विभाजन

**चूरू (हुक्मनामा समाचार)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा संचालित ग्रामीण सेवा शिविरों का लाभ आमजन को मिल रहा है। इसी कड़ी में तारानगर उपखंड की आनंदसिंहपुरा ग्राम पंचायत में 30 जून को आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर में ग्राम खरतवासिया के काश्तकारों के वर्षों पुराने संयुक्त खाते का मौके पर ही विभाजन हुआ तो खातेदारों ने सरकार का आभार जताया। ग्राम खरतवासिया के मूल निवासी काश्तकार उदमीराम, कन्हैयालाल तथा रतीराम लंबे समय से एक ही संयुक्त खाता संख्या 51 में दर्ज थे। खाता संयुक्त होने के कारण इन काश्तकारों को अपनी-अपनी भूमि पर स्वतंत्र मालिकाना हक जताने, बैंक से कृषि ऋण लेने तथा भूमि प्रबंधन में व्यावहारिक दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था।

शिविर में काश्तकारों ने उपस्थित होकर राजस्व अधिकारियों के समक्ष अपने संयुक्त खाते के विभाजन का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया। उपखण्ड अधिकारी प्रियंका कड़ेला के दिशा-निर्देशन में शिविर प्रभारी एवं तहसीलदार हनुमान सिंह की राजस्व टीम द्वारा मौके पर ही अंतिम रूप देकर नई विभाजित जमाबंदी तैयार की गई और काश्तकारों को सौंपी गई।

बिना किसी कार्यालय के चक्कर लगाए मौके पर ही प्रकरण निस्तारित होने से काश्तकारों ने प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि जो कार्य वर्षों से अटका हुआ था, वह शिविर के माध्यम से एक ही दिन में पारदर्शिता के साथ संपन्न हो गया, जिसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं स्थानीय प्रशासन का आभार व्यक्त किया।



## सहकार सप्ताह का हुआ आयोजन

**टोंक (हुक्मनामा समाचार)।** केन्द्रीय सहकारी बैंक लिमिटेड टोंक के प्रबंध निदेशक सी.एल. बुनकर, द्वारा बताया गया है कि भारत सरकार द्वारा सहकारिता मंत्रालय के गठन के 5 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 29 जून से 6 जुलाई 2026 तक पूरे देश में सहकार सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। सहकारिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जिला स्तर पर सहकारिता की पहुंच आम कृषक एवं आमजन तक पहुंचे एवं देश के युवाओं व महिलाओं की सहकारिता के माध्यम से पहुंच बढ़े। विभिन्न गतिविधियों के सफल आयोजन के लिए प्रत्येक दिवस का थीम रखा गया है, 29 जून 2026 को कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया व प्रतिज्ञा दिवस आयोजित किया गया। और 30 जून 2026 को पैक्स परिवर्तन दिवस मनाया गया जिसमें व्यवस्थापक व प्रबंधकारिणी, ग्राम सेवा सहकारी समिति के सदस्यों द्वारा भाग लिया गया। इसी प्रकार बुधवार को कृषक सम्मान दिवस का आयोजन किसान सहकार भवन सिविल लाईन, टोंक में एडीएम टोंक विनोद कुमार मीणा की अध्यक्षता मे किया गया। इस कार्यक्रम में जिले के उत्कृष्ठ कार्य करने वाले ग्राम सेवा सहकारी समिति के अध्यक्षों, व्यवस्थापकों व प्रगतिशील कृषकों को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में सहकारी समितियां, टोंक के उप रजिस्ट्रार देशराज यादव, स्पेशल आडिटर सुधीर भटट, केन्द्रीय सहकारी बैंक लिमिटेड टोंक के अतिरिक्त अधिशाषी अधिकारी सिद्धान्त झाला, एवं किसान सहकार भवन के समस्त अधिकारी/कर्मचारियों व सम्मानित होने वाले अध्यक्षो, व्यवस्थापको व प्रगतिशील कृषकों द्वारा भाग लिया गया।

## कोतवाली थाना पुलिस की कार्यवाही, 5 हजार रुपये का इनामी हत्या का आरोपी गिरफ्तार, छह माह से था फरार

**सवाई माधोपुर (हुक्मनामा समाचार)।** जिले की कोतवाली थाना पुलिस ने हत्या के एक चर्चित मामले में फरार चल रहे 5 हजार रुपये के इनामी आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपी को कुस्तला क्षेत्र के पास से गिरफ्तार किया। आरोपी पिछले करीब छह माह से फरार चल रहा था और उसकी तलाश में पुलिस लगातार दबिश दे रही थी। कोतवाली थाना अधिकारी मदन लाल मीणा ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक तथा पुलिस उपाधीक्षक के सुपरविजन में थाना प्रभारी मदनलाल मीणा के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए प्रमोद मीणा (35) निवासी बंगाली कॉलोनी, देवली (जिला टोंक) को गिरफ्तार किया। थानाधिकारी ने बताया कि आरोपी के



खिलाफ हत्या के मामले में 5 हजार रुपये का इनाम घोषित था। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर मामले की गहन जांच में जुटी हुई है। थानाधिकारी ने बताया कि 30 दिसंबर 2025 को देवली से सवाई माधोपुर लौट रही बारात की बस में सीट को लेकर हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया था। विवाद के दौरान चाकूबाजी हुई, जिसमें मनोज की मौत हो गई थी। घटना के बाद कोतवाली थाने में हत्या का मामला दर्ज किया गया था। इस प्रकरण में पुलिस पहले ही चार आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी थी, जबकि प्रमोद मीणा घटना के बाद से लगातार फरार चल रहा था। उसकी गिरफ्तारी नहीं होने पर पुलिस अधीक्षक द्वारा 5 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था आखिरकार पुलिस टीम ने तकनीकी एवं मुखबिर तंत्र की सहायता से उसे गिरफ्तार कर लिया। कोतवाली थाना पुलिस ने बताया कि जिले में अपराधियों के विरुद्ध विशेष अभियान लगातार जारी है तथा फरार एवं वांछित आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए सघन कार्रवाई की जा रही है।

## दो साल से फरार साइबर ठगी गिरोह का सदस्य गिरफ्तार, कमीशन पर उपलब्ध कराता था बैंक खाता

**म्यूल अकाउंट के जरिए साइबर ठगों को पहुंचाता था रकम, सोशल मीडिया पर निवेश के नाम पर लोगों से होती थी ठगी**

**सवाई माधोपुर (हुक्मनामा समाचार)।** जिले की मान टाऊन थाना पुलिस ने साइबर अपराधों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए दो साल से फरार चल रहे एक स्थायी वारंटी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी लोकेश पुत्र टीकाराम उम्र 22 वर्ष निवासी बलरिया थाना चौथ का बरवाड़ा साइबर ठगी करने वाले गिरोह को कमीशन के बदले अपना बैंक खाता उपलब्ध कराता था। इस खाते का उपयोग साइबर ठगी से प्राप्त रकम के संग्रहण और हस्तांतरण (म्यूल अकाउंट) के लिए किया जाता था। मान टाऊन थाना अधिकारी सुनील कुमार गुप्ता ने बताया कि पुलिस अधीक्षक ज्येष्ठा मैत्रेयी के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं पुलिस उपाधीक्षक शहर के सुपरविजन तथा मानटाउन थाना प्रभारी सुनील कुमार गुप्ता के नेतृत्व में गठित टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी लोकेश पुत्र टीकाराम (22) निवासी बलरिया, थाना



चौथ का बरवाड़ा को गिरफ्तार किया। थानाधिकारी ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध माननीय न्यायालय द्वारा गिरफ्तारी हेतु स्थायी वारंट जारी किया गया था और वह पिछले दो वर्षों से फरार चल रहा था। उन्होंने बताया कि इस प्रकरण में पूर्व में चेतनराज, जितेश कुमार, समुद्र सिंह एवं भागचंद सहित चार अन्य आरोपियों को भी पूर्व में गिरफ्तार किया जा चुका है। थानाधिकारी ने बताया कि जांच में सामने आया कि आरोपी साइबर ठगों को अपना बैंक खाता उपलब्ध कराकर कमीशन प्राप्त करता था। साइबर ठगी से अर्जित धनराशि पहले इसी खाते में जमा कराई जाती थी, जिसके बाद विभिन्न बैंक खातों और डिजिटल भुगतान माध्यमों के जरिए रकम का हस्तांतरण कर वास्तविक अपराधियों की पहचान छिपाई जाती थी।

## 15 दिवस में सूचनाएं भिजवाएं

**टोंक (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान राज्य कृषि उद्योग निगम लिमिटेड के पूर्व कार्मिकों द्वारा पाँचवे वेतन आयोग की सिफारिशों का लाभ दिये जाने के अभ्यावेदन कृषि विभाग को दिए हैं। राजस्थान राज्य कृषि उद्योग निगम लिमिटेड के आयुक्त ने बताया कि निगम के पूर्व कार्मिक जो 1 सितम्बर 1996 एवं इसके पश्चात उक्त निगम में कार्यरत थे, वे इस सूचना के प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर अपना आवेदन नाम, पद, नियुक्ति तिथि, सेवानिवृत्ति तिथि, कार्यालय, 1 सितम्बर 1996 को आहरित वेतन एवं वेतनमान, बैंक विवरण आदि सहित डाक द्वारा एवं ईमेल आइडी बंहण्ंहतप/तंरेजींदण्हवअण्पद पर प्रेषित करें। विलम्ब से प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

## मुख्यमंत्री कार्यालय के निर्देश पर समता भवन क्षेत्र की जलभराव समस्या के समाधान के आदेश

**सवाई माधोपुर (हुक्मनामा समाचार)।** समता भवन, गौतम कॉलोनी स्थित गोपाल लाल शर्मा एवं रामचरण मीणा के मकान के समीप लंबे समय से बनी जलभराव की समस्या के समाधान को लेकर मुख्यमंत्री कार्यालय ने जिला प्रशासन को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री कार्यालय के संयुक्त सचिव (एलके) ललित कुमार द्वारा 28 मार्च 2023 को जारी पत्र में जिला कलक्टर, सवाई माधोपुर को निर्देशित किया गया है कि समता भवन, वार्ड संख्या-7, गौतम कॉलोनी निवासी गोपाल लाल शर्मा द्वारा मुख्यमंत्री को भेजे गए प्रार्थना-पत्र में उल्लेखित तथ्यों का नियमानुसार परीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। पत्र में स्पष्ट कहा गया है कि प्रार्थना-पत्र में उठाई गई जलभराव की समस्या के निराकरण के लिए नियमानुसार आवश्यक कदम उठाकर की गई कार्रवाई से मुख्यमंत्री कार्यालय को भी अवगत कराया जाए। मुख्यमंत्री कार्यालय के इस निर्देश के बाद क्षेत्रवासियों को उम्मीद है कि वर्षों से चली आ रही जलभराव की समस्या का शीघ्र समाधान होगा और लोगों को राहत मिलेगी।

## पांचना बांध जल विवाद का 20 वर्ष बाद हुआ समाधान

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल पर दोनों पक्षों में बनी सहमति, लिखित समझौता संपन्न

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के मार्गदर्शन और राज्य सरकार की सकारात्मक पहल से करौली जिले के पांचना बांध के पानी के वितरण को लेकर दोनों पक्षों में 20 वर्ष पुराने विवाद का समाधान हो गया। जयपुर के शिक्षा संकुल में हुई समझौता वार्ता के दौरान ग्रामीण विकास मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा, जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत और गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम की उपस्थिति में लिखित समझौता संपन्न हुआ। सभी जनप्रतिनिधियों और संबंधित पक्षों ने सौहार्दपूर्ण वातावरण में जनहित को सर्वोपरि रखते हुए सहमति बनाई।



**तय होगी पानी छोड़ने की तारीख, जल्द शुरू होगी टेस्टिंग-** प्रेस वार्ता के दौरान जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने मुख्यमंत्री का आभार प्रकट करते हुए कहा कि उनकी सकारात्मक सोच के चलते दोनों पक्षों में संवाद के बाद सहमति बनी। उन्होंने कहा कि सरकार ने दोनों पक्षों की जायज मांगें मान ली हैं। साथ ही, बांध का पानी छोड़े जाने को लेकर सात दिन के भीतर विभाग तारीख तय कर लेगा। अब नहरी तंत्र का तकनीकी आकलन करते हुए इसकी टेस्टिंग के लिए जल प्रवाह शीघ्र प्रारंभ किया जाएगा।

उन्होंने यह भी कहा कि दोनों पक्षों द्वारा सिंचाई क्षेत्र को विकसित करने तथा कमांड क्षेत्र के भीतर लिफ्ट योजना के माध्यम से सिंचाई तंत्र को सुदृढ़ करने की मांग को लेकर भी शीघ्र कार्य शुरू करने का आश्वासन दिया गया है। गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम ने राज्य सरकार की इस पहल का स्वागत करते हुए सभी पक्षों से नहरों में जल प्रवाह शीघ्र प्रारंभ किए जाने का आग्रह किया। वहीं मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने दो दशक पुराने इस विवाद को सुलझाने पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए उपस्थित किसानों को आपसी सहयोग, समन्वय और सौहार्द बनाए रखने के लिए धन्यवाद दिया। बैठक में उपस्थित अतिरिक्त मुख्य सचिव जल संसाधन विभाग राजस्थान जयपुर अभय कुमार, ए.डी.जी.पी. डायरेक्टर आरपीए संजीव नार्जरी, शासन सचिव ग्रामीण विकास विभाग कृष्ण कुणाल, महानिरीक्षक भरतपुर कैलाश चन्द बिश्नोई, संभागीय आयुक्त भरतपुर नलिनी कठोतिया, मुख्य अभियंता जल संसाधन विभाग भुवन भास्कर तथा जिला कलेक्टर करौली एवं सवाई माधोपुर, पुलिस अधीक्षक करौली एवं सवाई माधोपुर ने परियोजना में उत्पन्न गतिरोध के समाधान से जुड़े सभी पहलुओं तथा राज्य सरकार द्वारा की जा रही कार्यवाही से अवगत कराया। इस अवसर पर गुडला संघर्ष समिति, ग्रामोत्थान संस्था एवं गंभीर नदी जल बचाओ समिति के प्रतिनिधियों ने भी दो दशक पुरानी समस्या का समाधान करने पर भजनलाल सरकार का आभार व्यक्त किया।

### 2100 एमसीएफटी क्षमता का बांध, 10 हजार हेक्टेयर में होती है सिंचाई

उल्लेखनीय है कि 2100 एमसीएफटी क्षमता के पांचना बांध से लगभग 10,000 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई होती है, किंतु वर्ष 2006 के बाद से बांध से कमांड क्षेत्र की नहरों में जल प्रवाह नहीं हो रहा था। गुडला सहित क्षेत्र के 21 राजस्व गांव लगातार यह मांग कर रहे थे कि बांध से लिफ्ट सिंचाई परियोजना के माध्यम से उन्हें पानी उपलब्ध कराया जाए, तभी नहरों में जल प्रवाह की अनुमति दी जाए। 20 वर्ष से चली आ रही इस मांग को पूरा करने के लिए अब तक कोई गंभीर प्रयास नहीं किए गए थे।

### मुख्यमंत्री की बजट घोषणा से बदली तस्वीर-

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने वर्ष 2026-27 के बजट में गुडला क्षेत्र के इन 21 राजस्व गांवों को लिफ्ट सिंचाई स्कीम के माध्यम से पानी दिए जाने की घोषणा की थी। इस बजट घोषणा से क्षेत्र में सकारात्मक माहौल बना। इसके बाद नहरों की मरम्मत के लिए 11.50 करोड़ रुपए की लागत से कार्य प्रारंभ किया गया, जो अब पूरा होने की ओर है। आज की चर्चा के दौरान इस योजना के धरातल पर क्रियान्वयन को सुनिश्चित किए जाने के क्रम में जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत द्वारा आश्वासन दिया गया।

## एक नजर

### ग्रामीण सेवा शिविर में दिव्यांग टीकाराम को मिला सामाजिक सुरक्षा पेंशन का लाभ

**भरतपुर (हुक्मनामा समाचार)।** ग्रामीण सेवा शिविर जरूरतमंदों के लिए राहत साबित हो रहे हैं। ग्राम पंचायत मछरिया में आयोजित शिविर में ग्राम पहाड़ी निवासी 50 वर्षीय दिव्यांग टीकाराम को सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना का त्वरित लाभ मिला। शारीरिक असमर्थता के कारण वे लंबे समय से पेंशन के लिए कार्यालयों के चक्कर नहीं लगा पा रहे थे। शिविर में अधिकारियों ने उनके दस्तावेजों का मौके पर सत्यापन कर प्रक्रिया शुरू की। कैंप प्रभारी एवं उपखंड अधिकारी सुशीला मीणा के निर्देशन में ब्लॉक सामाजिक सुरक्षा अधिकारी और कनिष्ठ लेखाकार ने राज एसएसपी पेंशन मोबाइल ऐप के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन पूरा किया, जिसके बाद उनकी पेंशन स्वीकृत कर दी गई। पेंशन स्वीकृत होने पर टीकाराम ने राज्य सरकार और प्रशासन का आभार जताया। यह पहल संवेदनशील प्रशासन, सुशासन और तकनीक के प्रभावी उपयोग का उदाहरण बनकर सामने आई।

### 500 करोड़ की निवेश राशि लौटाने की मांग, 5 हजार से अधिक निवेशकों ने पीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

**खैरथल (हुक्मनामा समाचार)।** समीपवर्ती मातौर ग्राम स्थित नवांश इंडिया निधि लिमिटेड चिटफंड कंपनी में निवेश करने वाले हजारों निवेशकों ने कंपनी के संचालकों, प्रबंधकों और एजेंटों के खिलाफ सख्त कार्रवाई तथा जमा राशि वापस दिलाने की मांग को लेकर केंद्र सरकार से हस्तक्षेप की गुहार लगाई है। पीड़ितों की ओर से प्रधानमंत्री, केंद्रीय गृहमंत्री और वित्त मंत्री को भेजे गए ज्ञापन में बताया गया है कि कंपनी ने ग्रामीण क्षेत्रों के करीब 5 हजार से अधिक लोगों से निवेश के नाम पर 500 करोड़ रुपए से अधिक की राशि जमा करवाई थी। आरोप है कि कंपनी के संचालकों, प्रबंधकों और एजेंटों निवेशकों की जमा पूंजी का गबन कर लिया। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि इस संबंध में खैरथल थाने में एफआइआर दर्ज है। चूंकि कंपनी का पंजीकरण रजिस्ट्रार ऑफ कंपनीज जयपुर में है, इसलिए मामले की जांच और कार्रवाई कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन है। मंत्रालय द्वारा उप रजिस्ट्रार सह आधिकारिक समापक की नियुक्ति किए जाने के बावजूद अब तक निवेशकों को कोई राहत नहीं मिल सकी है। पीड़ितों का आरोप है कि कंपनी से जुड़े लोगों की संपत्तियों को कुर्क करने की प्रक्रिया भी प्रभावी ढंग से आगे नहीं बढ़ रही है। इससे हजारों परिवार आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं। कई निवेशकों की जीवनभर की जमा पूंजी फंस जाने से उनकी आर्थिक स्थिति गंभीर हो गई है और वे मानसिक तनाव से भी गुजर रहे हैं। कंपनी संचालकों, प्रबंधकों, एजेंटों और परिजनों ने निवेशकों की राशि से करीब 47 स्थानों पर करोड़ों की अचल संपत्तियां अर्जित की है।

### सफलता की कहानी - ग्रामीण सेवा शिविरों में मिल रही है आमजन को राहत

**श्रीगंगानगर (हुक्मनामा समाचार)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में जनकल्याण के लिये प्रतिबद्ध राजस्थान सरकार द्वारा आमजन तक जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर जरूरतमंद परिवारों के लिये राहत बन रहे हैं।



सादुलशहर पंचायत समिति की ग्राम पंचायत मन्नीवाली में बुधवार को आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर में रूकमा देवी पत्नी धर्मपाल, मुकेश पत्नी ओमप्रकाश, रानी पत्नी रामेश्वर, रणवीर पुत्र रामप्रताप, मनोज कुमार पुत्र पन्नाराम, प्रकाश पुत्र नत्थूराम को आवासीय भूखण्ड का पट्टा देकर लाभान्वित किया गया। इसी प्रकार वीबी जीराम-जी योजना के तहत जानकारी और जॉब कार्ड वितरित किए गए। शिविर में एसडीएम संजय कुमार अग्रवाल, सुनीता देवी, राजेन्द्र जोईया, राम कुमार गोयल, धीरेन्द्र यादव सहित अन्य मौजूद रहे। योजना का लाभ मिलने पर लाभार्थियों ने माननीय मुख्यमंत्री व राज्य सरकार का आभार व्यक्त किया। श्रीकरणपुर पंचायत समिति की ग्राम पंचायत कमीनपुरा में बलविन्द्र कौर द्वारा वृद्धावस्था पेंशन हेतु आवेदन किया।

### भावणी ग्राम पंचायत प्रशासक रामबाबू शर्मा पदमुक्त

### अतिरिक्त आयुक्त एवं शासन उप सचिव (द्वितीय) त्रिलोक चंद मीणा ने जारी किए आदेश

**जमवारामगढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** पंचायतीराज विभाग ने रामबाबू शर्मा प्रशासक (निर्वतमान सरपंच) पंचायत समिति आंधी ग्राम पंचायत भावणी को पदमुक्त करने के आदेश जारी किए हैं। आदेश जारी करते हुए अतिरिक्त आयुक्त एवं शासन उप सचिव(द्वितीय) त्रिलोक चंद मीणा ने बताया की रामबाबू शर्मा के विरुद्ध मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद जयपुर से प्राप्त जांच रिपोर्ट में घुमंतू, अर्द्ध घुमंतू, जोगी (नाथ) परिवार के लोगों को दांतली गांव स्थित खसरा नंबर 316/305 आबादी भूमि के पट्टे दिए जाने एवं खसरा नंबर 280 व 284 से अतिक्रमण हटवाये जाने संबंधी शिकायत प्रकरण में राजस्थान पंचायतीराज अधिनियम 1994 एवं नियम 1996 में वर्णित प्रावधानों के तहत कार्रवाई नहीं करने संबंधी आरोप प्रमाणित पाये गये है। अतः प्रकरण के अंतर्गत राज्य सरकार से प्राप्त निर्देश एवं विभागीय आदेश क्रमांक 13524342 दिनांक 11-2-2025 की पालना में रामबाबू शर्मा को ग्राम पंचायत भावणी पंचायत समिति आंधी जिला जयपुर के प्रशासक पद से मुक्त किया जाता है।



### आज विभिन्न स्थानों पर लगेंगे ग्रामीण एवं शहरी सेवा शिविर

**धौलपुर (हुक्मनामा समाचार)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशानुसार जिले में 12 जून से 15 जुलाई तक ग्रामीण एवं शहरी सेवा शिविरों का आयोजन निरंतर किया जा रहा है। जिला कलक्टर श्रीनिधि बी.टी. ने बताया कि शिविरों में आमजन को राज्य सरकार की जन-कल्याणकारी एवं फ्लैगशिप योजनाओं का लाभ घर-द्वार पर उपलब्ध कराया जा रहा है। शिविरों का समय प्रातः 9:30 बजे से सायं 6 बजे तक रहेगा और प्रत्येक नागरिक का कार्य उसी दिन पूरा करने का प्रयास किया जाएगा। 2 जुलाई को धौलपुर, बाड़ी, बसेड़ी, राजाखेड़ा, सैपऊ और सरमथुरा की चयनित ग्राम पंचायतों के अटल सेवा केन्द्रों पर ग्रामीण शिविर लगाए जाएंगे। वहीं नगर परिषद धौलपुर तथा बाड़ी, राजाखेड़ा, सैपऊ, मनियां, सरमथुरा और बसेड़ी की नगरपालिकाओं में वार्डवार शहरी सेवा शिविर आयोजित होंगे।

### प्रोफेसर प्रशान्त चन्द्र महालनोबिस की 133वीं जयन्ती मनाई

**टोंक (हुक्मनामा समाचार)।** प्रोफेसर प्रषान्त चन्द्र महालनोबिस की 133वीं जयन्ती को 20वें सांख्यिकी दिवस पर कृषि (षस्य) प्रषिक्षण संस्थान, मे जिला स्तरीय कार्यषाला का आयोजन किया गया। इस समारोह का मुख्य विषय (न्दसवबापदह जीम च्वजमदजपंस वि क्ंजं) पर आधारित था। उप निदेषक राजेन्द्र सिंह शेखावत नें प्रो. पी.सी. महालनोबिस के जीवन परिचय एवं सांख्यिकी में उनके योगदान पर विस्तार सें जानकारी दी। सांख्यिकी निरीक्षक कोमल सोनी, नें मंच संचालन किया। इस विषेष अवसर पर विभाग में उत्कर्ष कार्य करनें वाले कार्मिको को प्रोफेसर पी.सी. महालनोबिस अवार्ड देकर सम्मानित किया गया।

— सशक्त पत्रकारिता का विश्वसनीय मंच —

हुक्मनामा समाचार
आपकी खबर, आपका हक

# हुक्मनामा

## समाचार

**जोधपुर | जयपुर | अजमेर से प्रकाशित**

★ राज्य स्तरीय दैनिक समाचार पत्र ★

### राजस्थान के प्रमुख जिलों में

# संवाददाता एवं विज्ञापन प्रतिनिधि आमंत्रित

आपकी कलम आपकी पहचान

श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, चूरू, झुंझुनूं, सीकर, कोटपूतली-बहरोड़, अलवर, खेरतल- तिजारा, दौसा, भरतपुर, धौलपुर, डीग, करौली जिले के आसपास के इलाके से जुड़ने के लिए **आज ही संपर्क करें**




**राजस्थान**
के हर जिले की हर खबर

## संपर्क करें

0141-2220403

8824399949

9828011251

Website:
www.hukmnamasamachar.com

- निष्पक्ष पत्रकारिता हमारी पहचान
- व्यापक नेटवर्क हर जिले में उपस्थिति
- आपकी आवाज़ जन-जन तक
- विश्वसनीय समाचार हमारी जिम्मेदारी

**हुक्मनामा समाचार के साथ जुड़ें और बनें बदलाव की आवाज़**

सही खबर | सटीक खबर | हर खबर आपके लिए

## 29वां राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस सम्मेलन

# एआई आधारित सुशासन पर हुआ मंथन, स्थानीय भाषा में सुशासन को बढ़ावा देने पर जोर

## प्लेनरी सेशन-1 : 'एआई बेस्ड गवर्नेंस फॉर ऑल'




**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** 29वें राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस सम्मेलन के तहत राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित प्रथम प्लेनरी सत्र का विषय 'एआई बेस्ड गवर्नेंस फॉर ऑल' रहा। सत्र के अध्यक्ष एवं प्रथम पैनलिस्ट, केन्द्र सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सचिव एस. कृष्णन ने कहा कि आमजन को शासन-प्रशासन से जुड़े कार्य अपनी मातृभाषा में करने की सुविधा मिलनी चाहिए, न कि ऐसी भाषा में जिसके लिए उन्हें अनुवादक की आवश्यकता पड़े। उन्होंने कहा कि भाषिणी जैसे एआई आधारित प्लेटफॉर्म विभिन्न भाषाओं एवं बोलियों में अनुवाद की सुविधा प्रदान कर स्थानीय भाषा में प्रभावी सुशासन का मार्ग प्रशस्त कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि सीपी ग्राम जैसे ऐप न्यायिक कार्यवाहियों के स्थानीय भाषाओं में अनुवाद में भी सहायक हैं, जिससे आमजन को अपनी मातृभाषा में न्याय प्राप्त करने में सुविधा मिल रही है। उन्होंने यह भी कहा कि विभिन्न सरकारी विभागों के बड़े डेटा सेट्स को एआई की सहायता से एकीकृत एवं व्यवस्थित कर बेहतर डेटा गवर्नेंस सुनिश्चित करने तथा सरकारी योजनाओं एवं कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन के प्रयास किए जा रहे हैं। **भारत एआई महाशक्ति बनने की दिशा में अग्रसर—** द्वितीय पैनलिस्ट, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय में वैज्ञानिक-जी एवं एआई एवं इमर्जिंग टेक्नोलॉजी की प्रमुख सुकविता भाटिया ने कहा कि भारत 60 लाख एआई वर्कफोर्स और 2 लाख स्टार्टअप्स के साथ वैश्विक स्तर पर एआई महाशक्ति के रूप में उभर रहा है। उन्होंने बताया कि एआई वाइब्रेंसी के मामले में भारत विश्व में तीसरे स्थान पर है। देश की चुनौतियों के समाधान के लिए एआई आधारित, स्केलेबल एवं नागरिक-केंद्रित समाधान विकसित किए जा रहे हैं। कई राज्य सरकारें सड़कों के गड्ढों की पहचान, बेहतर सड़क अवसंरचना की आवश्यकता वाले क्षेत्रों का निर्धारण तथा अन्य सार्वजनिक सेवाओं में एआई का प्रभावी उपयोग कर रही हैं। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण एवं समावेशी नागरिक सेवाओं के लिए एआई का उपयोग अब अनिवार्य बनता जा रहा है। **एआई से समावेशी विकास और विकसित भारत के लक्ष्य को मिलेगा बल, वंचित वर्गों के सशक्तीकरण में एआई की भूमिका—** तृतीय पैनलिस्ट एन.एस.एन. मूर्ति, गवर्नमेंट एंड पब्लिक सर्विसेज कंसल्टिंग लीडर, डेलॉइट ने कहा कि एआई के माध्यम से समाज के वंचित एवं कमजोर वर्गों को बड़े पैमाने पर सशक्त बनाया जा सकता है। उन्होंने किसानों, दिव्यांगजनों तथा अन्य जरूरतमंद वर्गों को एआई आधारित समाधानों से प्राप्त हो रहे लाभों के उदाहरण प्रस्तुत किए। वहीं, चतुर्थ पैनलिस्ट अर्नव कपूर, डिप्टी डायरेक्टर (पॉलिसी, कम्युनिकेशंस एवं फिलैंथ्रॉपिक पार्टनरशिप्स), गेट्स फाउंडेशन ने कहा कि एआई दुनिया का सबसे बड़ा 'इक्वलाइजर' साबित हो सकता है। उन्होंने कहा कि एआई तक सार्वभौमिक पहुंच सुनिश्चित करना आवश्यक है, साथ ही लोगों में विश्वास का निर्माण भी उतना ही महत्वपूर्ण है ताकि धोखाधड़ी की आशंका के कारण वे एआई के उपयोग से भयभीत न हों। **फ्रंटियर टेक्नोलॉजी से विकसित भारत का संकल्प होगा साकार—** पंचम पैनलिस्ट प्रदीप सिंह, प्रोग्राम डायरेक्टर/एडवाइजर (ग्रीन ट्रांजिशन, क्लाइमेट एंड एनवायरनमेंट, आईटी एवं टेलीकॉम), नीति आयोग ने नीति फ्रंटियर टेक हब की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह पहल भारत में एआई आधारित सुशासन को गति देने और वर्ष 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को साकार करने में महत्वपूर्ण योगदान दे रही है। उन्होंने कहा कि नई प्रौद्योगिकियों के प्रभावी उपयोग से शासन को अधिक पारदर्शी, दक्ष और नागरिक-केंद्रित बनाया जा सकता है। **प्रश्नोत्तर सत्र के साथ हुआ समापन—** सत्र के अंत में प्रतिभागियों एवं विशेषज्ञों के बीच प्रश्नोत्तर का आयोजन किया गया, जिसमें एआई आधारित सुशासन के विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत चर्चा हुई। राजस्थान के मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास भी सत्र के दौरान उपस्थित रहे। समापन अवसर पर सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग के विशिष्ट सचिव एवं आयुक्त हिमांशु गुप्ता ने सभी पैनलिस्टों को स्मृति-चिह्न भेंट किए।

## प्लेनरी सेशन-2: 'ब्रिजिंग डिजिटल डिवाइड'

### एआई आधारित वॉइस तकनीक बन रही है समावेशी डिजिटल गवर्नेंस का आधार




29वें राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस सम्मेलन के पहले दिन बुधवार को एआई आधारित, नागरिक-केंद्रित एवं समावेशी डिजिटल गवर्नेंस को सशक्त बनाने की दिशा में विभिन्न विषयों पर मंथन किया गया। इसी क्रम में 'ब्रिजिंग डिजिटल डिवाइड— वॉइस फर्स्ट सॉल्यूशंस इन इम्पॉर्टेंट पब्लिक सर्विसेज' विषय पर आयोजित प्लेनरी सेशन-द्वद्ध में एआई एवं वॉइस फर्स्ट तकनीकों के माध्यम से सरकारी सेवाओं को अधिक सरल, सुलभ एवं प्रभावी बनाने के सम्बन्ध में चर्चा हुई। सम्मेलन में देशभर से आए नीति-निर्माताओं, प्रशासनिक अधिकारियों, तकनीकी विशेषज्ञों एवं विभिन्न संस्थानों के प्रतिनिधियों ने एआई आधारित डिजिटल गवर्नेंस के विभिन्न आयामों पर अपने विचार एवं अनुभव साझा किए। सत्र की अध्यक्षता करते हुए केंद्र सरकार के प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग के अतिरिक्त सचिव पुनीत यादव ने कहा कि डिजिटल गवर्नेंस का वास्तविक उद्देश्य तकनीक विकसित करना नहीं, बल्कि समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक सरकारी सेवाओं की सहज पहुंच सुनिश्चित करना है।

उन्होंने कहा कि किसी भी डिजिटल पहल की सफलता तभी है, जब उसका लाभ आम नागरिक तक पहुंचे। उन्होंने सीपीग्राम्स का उदाहरण देते हुए बताया कि वर्ष 2007 में एक छोटे डिजिटल प्रयास के रूप में शुरू हुई इस पहल में शिकायतों के निस्तारण में औसतन 159 दिन लगते थे, जबकि एआई आधारित तकनीकों के उपयोग से यह अवधि घटकर मात्र 15 दिन रह गई है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में प्रत्येक माह एक लाख से अधिक शिकायतों का निस्तारण किया जा रहा है। पोर्टल के तहत एआई आधारित 'समाधान दीदी' प्लेटफॉर्म 22 भारतीय भाषाओं में सेवाएं उपलब्ध कराकर डिजिटल समावेशन को नई दिशा दे रहा है। डिजिटल इंडिया भाषिणी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अमिताभ नाग ने कहा कि भारत की भाषाई विविधता को देखते हुए डिजिटल सेवाओं की सफलता तभी संभव है, जब प्रत्येक नागरिक अपनी मातृभाषा में इनका उपयोग कर सके। उन्होंने कहा कि भारत जैसे बहुभाषी देश में भाषा संबंधी, डिजिटल पहुंच और साक्षरता से जुड़ी चुनौतियों को दूर करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि वॉइस रिकग्निशन, मशीन ट्रांसलेशन, टैक्स्ट-टू-स्पीच जैसी एआई आधारित तकनीकों के माध्यम से भाषिणी नागरिकों को उनकी अपनी भाषा में सरकारी सेवाएं उपलब्ध करा रही है। केंद्र सरकार के पेंशन एवं पेंशनर्स कल्याण विभाग के संयुक्त सचिव ध्रुवज्योति सेनगुप्ता ने कहा कि एआई एवं वॉइस फर्स्ट तकनीक ने पेंशन सेवाओं को अधिक सरल, पारदर्शी एवं नागरिक-केंद्रित बनाया है। उन्होंने बताया कि भविष्य, जीवन प्रमाण, सीपीएनग्राम्स (ष्टक्कस्वह्र-तक्रक्रस्), अनुभव, संकल्प तथा यूनिफाइड पेंशन पोर्टल जैसे डिजिटल प्लेटफॉर्म पेंशनभोगियों को समयबद्ध एवं सुगम सेवाएं उपलब्ध करा रहे हैं। उन्होंने कहा कि वॉयस आधारित सेवाओं ने भाषाई बाधाओं को समाप्त कर अंतिम छोर तक नागरिकों को बिना किसी अवरोध के सेवाएं उपलब्ध कराना संभव बनाया है। श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, केंद्र सरकार के अतिरिक्त सचिव अजॉय शर्मा ने कहा कि डिजिटल प्लेटफॉर्म का उद्देश्य प्लेटफॉर्म को सशक्त बनाना नहीं, बल्कि 'पंक्ति के अंतिम व्यक्ति' को सशक्त बनाना होना चाहिए। उन्होंने वर्ष 2021 में प्रारंभ किए गए ई-श्रम पोर्टल का उल्लेख करते हुए बताया कि इससे 31 करोड़ से अधिक असंगठित श्रमिक लाभान्वित हो रहे हैं। उन्होंने नेशनल कॅरियर सर्विस पोर्टल को रोजगार एवं करियर संबंधी सेवाओं का एकीकृत मंच बताते हुए कहा कि वॉइस फर्स्ट तकनीक श्रमिकों एवं नियोक्ताओं दोनों के लिए सेवाओं को अधिक सरल, सुलभ एवं प्रभावी बना रही है। संस्कृति मंत्रालय, केंद्र सरकार के संयुक्त सचिव समर नंदा ने ज्ञान भारतम् मिशन की जानकारी देते हुए कहा कि एआई आधारित तकनीकों की सहायता से देश की पांडुलिपि विरासत का संरक्षण, डिजिटलीकरण एवं राष्ट्रीय डिजिटल रिपॉजिटरी का निर्माण किया जा रहा है।

## ब्रेकआउट सेशन-3 : 'ग्रासरूट गवर्नेंस: डिजिटल डिसेंट्रलाइजेशन, डेटा- ड्रिवन'

### स्थानीय डेटा और डिजिटल नवाचार से ग्राम पंचायतों में सुशासन को मिल रही नई दिशा




29वें राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस सम्मेलन के अंतर्गत आयोजित ब्रेकआउट सेशन-3 में बुधवार को 'ग्रासरूट गवर्नेंस: डिजिटल डिसेंट्रलाइजेशन, डेटा- ड्रिवन' विषय पर देश के विभिन्न राज्यों के प्रशासनिक अधिकारियों एवं विशेषज्ञों ने स्थानीय डेटा के प्रभावी उपयोग, डिजिटल तकनीकों तथा एआई आधारित नवाचारों के माध्यम से ग्राम पंचायतों को अधिक सक्षम, पारदर्शी और जवाबदेह बनाने पर अपने अनुभव साझा किए। सत्र में इस बात पर विशेष बल दिया गया कि विकसित भारत के लक्ष्य की प्राप्ति में डेटा आधारित विकेंद्रीकृत शासन और डिजिटल रूप से सशक्त ग्राम पंचायतों की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। सत्र की अध्यक्षता पंचायती राज मंत्रालय के सचिव श्री विवेक भारद्वाज ने की। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायतें लोकतंत्र की सबसे महत्वपूर्ण स्थानीय कड़ी है। गांवों की अधिकांश समस्याओं का समाधान स्थानीय स्तर पर ही संभव है। उन्होंने बताया कि देश की लगभग 2.5 लाख ग्राम पंचायतें एकीकृत डिजिटल प्लेटफॉर्म पर वार्षिक विकास योजनाएं तैयार कर रही हैं। इन्हीं प्लेटफॉर्म्स के माध्यम से विकास कार्यों की मॉनिटरिंग, डिजिटल भुगतान, लेखांकन और ऑडिट जैसी व्यवस्थाएं संचालित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि पंचायतों के कार्यों का मूल्यांकन पंचायत एडवांसमेंट इंडेक्स के माध्यम से लगभग 150 मानकों पर किया जा रहा है। इससे पंचायतों की कार्यप्रणाली अधिक पारदर्शी, उत्तरदायी और परिणामोन्मुख बन रही है। उन्होंने यह भी कहा कि डिजिटल तकनीक के माध्यम से पंचायतों के प्रदर्शन का वैज्ञानिक विश्लेषण संभव हुआ है, जिससे योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन में सहायता मिल रही है। सत्र में आंध्र प्रदेश में मंडल पंचायत विकास अधिकारी मल्लेश्वरी रेड्डी ने राज्य में विकसित डिजिटल पंचायत मॉडल की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राज्य में पंचायतों को 11 विभागों के समन्वित मॉडल के रूप में विकसित किया गया है, जिससे नागरिकों को एक ही स्थान पर अनेक सरकारी सेवाएं उपलब्ध हो रही हैं। उन्होंने 'मनमित्र' व्हाट्सएप गवर्नेंस, लाभार्थी प्रबंधन प्रणाली, ब्लॉकचेन आधारित डिजिटल प्रमाण-पत्र, डिजिलॉकर एकीकरण तथा ऑनलाइन कर संग्रह जैसी पहलों की जानकारी देते हुए बताया कि राज्य में हजारों सेवाएं डिजिटल माध्यम से उपलब्ध कराई जा रही हैं। उन्होंने बताया कि डेटा आधारित लाभार्थी चयन प्रणाली से पात्र व्यक्तियों की पहचान स्वत: संभव हो रही है, जिससे योजनाओं में पारदर्शिता बढ़ी है। उन्होंने यह भी बताया कि ग्राम पंचायतों द्वारा ऑनलाइन माध्यम से एक हजार करोड़ रुपये से अधिक का कर संग्रह किया जा चुका है, जो डिजिटल प्रशासन की सफलता का महत्वपूर्ण उदाहरण है। गुजरात सरकार में अतिरिक्त विकास आयुक्त गौरव दहिया ने सत्र को संबोधित करते हुए पंचायत एडवांसमेंट इंडेक्स के माध्यम से ग्राम पंचायतों के मूल्यांकन की प्रक्रिया, डिजिटल गवर्नेंस मॉडल तथा ग्राम स्तर पर विकसित ई-ग्राम व्यवस्था की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राज्य की अधिकांश ग्राम पंचायतों का विभिन्न मानकों पर मूल्यांकन किया जा रहा है, जिससे प्रत्येक पंचायत की वास्तविक स्थिति और आवश्यकताओं का आकलन संभव हो रहा है। उन्होंने कहा कि गुजरात में ई-ग्राम केन्द्रों के माध्यम से नागरिकों को सैकड़ों सरकारी सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। श्री दहिया ने ग्राम सुविधा पोर्टल, डिजिटल कर संग्रह, ऑनलाइन भुगतान प्रणाली, डिजिटल साक्षरता अभियान तथा ग्रामीण नागरिकों को तकनीकी सेवाओं से जोड़ने के लिए किए जा रहे प्रयासों की भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से पंचायतों की कार्यक्षमता में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। सत्र में ग्रामीण विकास मंत्रालय में निदेशक आईटी वीएस अलागु वर्षिनी की ओर से भविष्य की डिजिटल गवर्नेंस व्यवस्था पर प्रस्तुति दी गई। प्रस्तुति में बताया गया कि मंत्रालय द्वारा विभिन्न योजनाओं और विभागों के विशाल डेटा को एकीकृत कर नागरिक-केंद्रित डिजिटल सेवाओं का मजबूत तंत्र विकसित किया जा रहा है। उन्होंने कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित समाधान, बहुभाषीय डिजिटल सेवाएं, डेटा इंटरऑपरेबिलिटी, वॉइस आधारित सेवाएं तथा सुरक्षित डेटा प्रबंधन जैसे विषयों पर विस्तार से जानकारी दी। साथ ही यह भी बताया गया कि मंत्रालय विभिन्न एआई आधारित उपयोगों पर कार्य कर रहा है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में सरकारी सेवाओं की पहुंच और अधिक सरल, तेज एवं प्रभावी बनाई जा सके। जिला परिषद, सांगली के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री विशाल तेजराव नरवाडे ने कहा कि उनकी टीम ने ग्राम पंचायत स्तर की आवश्यकताओं और स्थानीय समस्याओं को ध्यान में रखते हुए अनेक ई-गवर्नेंस नीतियों एवं डिजिटल एप्लीकेशनों का विकास किया है।

## ब्रेकआउट सेशन-4 : 'एक्सीलेंस इन ई-गवर्नेन्स इनिशिएटिव्स बाई गोल्ड अवॉर्डीज़ ऑफ एनएईजी 2026-वन'

### राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस पुरस्कार विजेता पहलों ने प्रस्तुत किए डिजिटल नवाचार और सुशासन के उत्कृष्ट मॉडल



29वें राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस सम्मेलन के पहले दिन आयोजित ब्रेकआउट सेशन-4 'एक्सीलेंस इन ई—गवर्नेन्स इनिशिएटिव्स बाई गोल्ड अवॉर्डीज़ ऑफ एनएईजी 2026—वन' में राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस पुरस्कार (एनएईजी 2026) के स्वर्ण पुरस्कार विजेता नवाचारों और उत्कृष्ट डिजिटल गवर्नेंस मॉडलों का प्रस्तुतीकरण किया गया। सत्र की अध्यक्षता डिजिटल इंडिया कॉरपोरेशन (डीआईसी) के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी श्री अखिल कुमार ने की। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस पुरस्कार-2026 के अंतर्गत सात श्रेणियों में कुल 17 परियोजनाओं एवं पहलों का चयन किया गया है। ई-गवर्नेंस के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान को मान्यता देते हुए 10 स्वर्ण पुरस्कार, 6 रजत पुरस्कार तथा 1 जूरी पुरस्कार प्रदान किए गए हैं। उन्होंने कहा कि ये पहलें देशभर में डिजिटल नवाचार, सेवा वितरण में दक्षता तथा नागरिक-केंद्रित सुशासन को नई दिशा प्रदान कर रही हैं। सत्र के दौरान स्वास्थ्य विभाग एवं जिला परिषद, नंदुरबार (महाराष्ट्र) की ई-आरोग्य धामनी, श्री महाकालेश्वर मंदिर ट्रस्ट की त्रिनेत्र प्रणाली, इसरो के स्पेस एप्लीकेशंस सेंटर, अहमदाबाद द्वारा विकसित थ्रेट इंटेलिजेंस डिस्ट्रीब्यूशन एवं डीएनएस फिल्टरिंग सर्विसेज तथा पंचायती राज मंत्रालय के पंचायत एडवांसमेंट इंडेक्स (पीएआई) जैसे स्वर्ण पुरस्कार विजेता मॉडलों की विस्तृत जानकारी साझा की गई। पंचायती राज मंत्रालय, केंद्र सरकार के अतिरिक्त सचिव श्री सुशील कुमार लोहानी ने पंचायत एडवांसमेंट इंडेक्स (पीएआई) को देश का पहला राष्ट्रव्यापी, बहुआयामी सूचकांक बताया, जो ग्राम पंचायतों के प्रदर्शन का विभिन्न मानकों पर समग्र मूल्यांकन करता है। उन्होंने कहा कि यह डेटा-आधारित तकनीक ग्रामीण सुशासन को सशक्त बनाने की दिशा में एक परिवर्तनकारी पहल है। इसके माध्यम से ग्राम पंचायतों के प्रदर्शन का वैज्ञानिक मूल्यांकन, साक्ष्य-आधारित निर्णय, योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन तथा संसाधनों के बेहतर उपयोग को बढ़ावा मिल रहा है।

## ब्रेकआउट सेशन-5 : 'एक्सीलेंस इन ई-गवर्नेन्स इनिशिएटिव्स बाई गोल्ड अवॉर्डीज़ ऑफ एनएईजी 2026-टू'

### ई-गवर्नेन्स पुरस्स्कार विजेताओं ने साझा किए नवाचार



29वें राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस सम्मेलन के तहत राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित पंचम ब्रेकआउट सत्र 'एक्सीलेंस इन ई—गवर्नेन्स इनिशिएटिव्स बाई गोल्ड अवॉर्डीज़ ऑफ एनएईजी 2026—टू' में ई—गवर्नेन्स पुरस्स्कार विजेताओं ने अपनी सराहनीय पहलों के बारे में विचार रखे। केंद्रीय प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग की अतिरिक्त सचिव सरिता चौहान ने सत्र की अध्यक्षता करते हुए ई—गवर्नेन्स पुरस्स्कार विजेताओं के नवाचारों की सराहना की। **आधार, यूपीआई, कोविन और उमंग जैसे सफल प्लेटफॉर्म्स से प्रेरित एग्रीस्टैक —** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव डॉ. प्रमोद कुमार मेहरडा ने एग्रीस्टैक को कृषि क्षेत्र के लिए डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर (डीपीआई) के रूप में प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि आधार, यूपीआई, कोविन और उमंग जैसे सफल प्लेटफॉर्म्स से प्रेरित एग्रीस्टैक तीन मूल रजिस्ट्री पर आधारित है — किसान रजिस्ट्री, जियो-रेफरेंस्ड विलेज मैपिंग और फसल की रजिस्ट्री। यह व्यवस्था डेटा-संचालित और किसान-केंद्रित शासन व्यवस्था को मजबूत बनाती है। उन्होंने केंद्र-राज्य सहयोग और इंटरऑपरेबल डिजिटल मानकों के महत्व पर प्रकाश डाला, जो राज्यों की स्वायत्तता को बनाए रखते हुए विविध कृषि प्रणालियों के बीच निर्बाध डेटा आदान-प्रदान सुनिश्चित करते हैं। उन्होंने पीपीटी के माध्यम से दिखाया कि एग्रीस्टैक कैसे एआई, सैटेलाइट इमेजरी, मौसम, मिट्टी और फसल डेटा का उपयोग करके किसानों को व्यक्तिगत सलाह, बेहतर फसल निगरानी और साक्ष्य-आधारित कृषि नीति निर्माण में सहायता प्रदान करता है। प्रौद्योगिकी-सक्षम शासन का वैश्विक उदाहरण 'महाकुंभ 2025' — उत्तर प्रदेश सरकार के आईडीसी विभाग के सचिव तथा सीईओ इन्वेस्ट यूपी एवं मेला अधिकारी कुंभ विजय किरण आनंद ने प्रौद्योगिकी-सक्षम शासन के वैश्विक उदाहरण 'महाकुंभ 2025' के क्रियान्वयन के विषय में जानकारी दी।

## ब्रेकआउट सेशन-6: 'एम्पावरिंग यूथ, एक्सेलरेटिंग इनोवेशन, ट्रांसफॉर्मिंग गवर्नेंस'

### विशेषज्ञों ने कहा— युवा एआई और स्टार्टअप्स से गढ़ेंगे सुशासन की नई परिभाषा



29वीं राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस कॉन्फ्रेंस (एनसीईजी) के प्रथम दिवस पर बुधवार को 'एम्पावरिंग यूथ, एक्सेलरेटिंग इनोवेशन, ट्रांसफॉर्मिंग गवर्नेंस' विषय पर ब्रेकआउट सेशन आयोजित किया गया। सत्र में युवाओं के सशक्तीकरण, नवाचार को प्रोत्साहन तथा सुशासन में एआई और प्रौद्योगिकी की भूमिका पर विशेषज्ञों ने अपने विचार साझा किए। सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग के सचिव डॉ. रवि कुमार सुरपुर ने कहा कि राजस्थान सरकार स्टार्टअप्स और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए अनेक योजनाएं संचालित कर रही है। उन्होंने कहा कि किसानों, महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों, विद्यार्थियों तथा स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी चुनौतियों का समाधान स्टार्टअप्स और नवाचारों के माध्यम से किया जा सकता है। युवाओं को समाज की वास्तविक समस्याओं को समझकर तकनीक आधारित समाधान विकसित करने चाहिए। उन्होंने बताया कि आर-कैट के माध्यम से राज्य सरकार ने तकनीकी शिक्षा को हर तबके के विद्यार्थियों तक सुलभ बनाया है। इससे वे अत्याधुनिक तकनीकों से जुड़ने के साथ-साथ रोजगार के नए अवसर भी प्राप्त कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि स्टार्टअप मेंटरिंग के क्षेत्र में राजस्थान अग्रणी राज्यों में शामिल है। सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग के विशिष्ट सचिव एवं आयुक्त हिमांशु गुप्ता ने कहा कि राजस्थान सूचना प्रौद्योगिकी के विस्तार में अग्रणी राज्य है। जन आधार, आई-स्टार्ट सहित विभिन्न डिजिटल पहलों के माध्यम से नागरिकों को तकनीक आधारित सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

## विकसित भारत@2047 के लक्ष्य को पूरा करने में स्मार्ट सिटी की महती भूमिका

### एआई और आधुनिकतम तकनीक से ही 50 करोड़ शहरी आबादी को समय पर सभी मूलभूत सेवाओं की डिलीवरी सम्भव

राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर, जयपुर में चल रहे 2 दिवसीय 29वें राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस सम्मेलन के प्रथम दिन ग्राउंड ब्रेकिंग सेशन में विषय विशेषज्ञों ने 'ड्राइविंग अरबन ट्रांसफॉर्मेशन थ्रू टेक्नॉलोजी' विषय पर मंथन किया। मंथन में सामने आया कि विकसित भारतञ्ज2047 का लक्ष्य पूरा करने मे शहरी आधारभूत ढांचे का विकास,नागरिकों को आवश्यक सेवाओं की समय पर डिलीवरी, इन सेवाओं की निगरानी का एकीकृत डेटाबेस और एक शहरी निकाय में मिली सफलता या विफलता से सीख लेकर उसे दूसरे शहरी निकाय में स्थानीय आवश्यकता के अनुरूप लागू करना ही सफलता की कुंजी साबित होगी। चर्चा में यह सामने आया कि तकनी?क और एआई टूल है, लक्ष्य नहीं, लक्ष्य है सुशासन। इस सेशन में केन्द्रीय आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय के संयुक्त सचिव प्रवीर कुमार ने बताया कि आज देश के शहरों में 50 करोड़ लोग रह रहे हैं जो 2047 में 90 करोड़ हो जाएंगे। इतनी बड़ी आबादी को मूलभूत सेवाएं समय पर उपलब्ध करवाना बहुत बड़ी चुनौती है। उन्होंने नेशनल अरबन डिजिटल मिशन, (एनयूडीएम) इण्डिया अरबन डिजिटल मिशन, इण्डिया अरबन डेटा एक्सचेंज, एआई प्लेबुक फॉर सिटीज के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि एनयूडीएम के माध्यम से गनर्वमेंट टू गवर्नमेंट, गवर्नमेंट टू सिटीजन और गवर्नमेंट टू बिजनेस की 27 सेवाएं एकीकृत की गई हैं। इससे जालसाजी, डुप्लीकेसी की सम्भावना लगभग शून्य होती चली जाएगी। एआई के पास डेटा का भण्डार है और गणना, विश्लेषण की अपार शक्ति है। इसका इस्तेमाल कर निर्णय प्रक्रिया को बेहतर, त्रुटिरहित किया जा सकता है, समय की बचत की जा सकती है।





स्वामी प्रकाशक एवं मुद्रक प्रदीप लोढ़ा द्वारा एफ बी-3, करतारपुरा इंडस्ट्रियल एरिया रोड नंबर-4, जयपुर से मुद्रित एवं जी 1, एफ ब्लॉक गणपति एनक्लेव अजमेर रोड जयपुर से प्रकाशित। फोन (0141) 2220403, 2220405,2220060,8824399949-59 संपादक - प्रदीप लोढ़ा, प्रबंध संपादक - वैभव लोढ़ा, जोधपुर कार्यालय -902, तीसरी ई रोड, सरदारपुरा, जोधपुर। फोन 2433621, अजमेर कार्यालय- पीली कोठी, जयपुर गोल्डन, जयपुर रोड, अजमेर।

## सम्पादकीय...

### बांग्लादेश की बदलती सोच से नई सुरक्षा चुनौती



1971 में बांग्लादेश के स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में उदय में भारत की निर्णायक भूमिका रही थी। दोनों देशों ने दशकों तक सुरक्षा, व्यापार, जल बंटवारे, सीमा प्रबंधन और सांस्कृतिक संबंधों के क्षेत्र में उल्लेखनीय सहयोग किया। किंतु पिछले कुछ समय से बांग्लादेश की आंतरिक राजनीति, उसकी सैन्य सोच और विदेश नीति में दिखाई दे रहे बदलावों ने नई चिंताओं को जन्म दिया है। विशेष रूप से बांग्लादेशी सेना में धार्मिक प्रतीकों और इस्लामी पहचान को अधिक प्रमुखता देने की खबरों ने भारत सहित पूरे क्षेत्र का ध्यान आकर्षित किया है। हाल के घटनाक्रमों के अनुसार बांग्लादेशी सेना की कुछ नई बटालियनों का नाम इस्लामी इतिहास के शुरुआती खलीफाओं के नाम पर रखा गया है और सेना के पारंपरिक राष्ट्रवादी नारों के स्थान पर धार्मिक नारों को महत्व दिए जाने की चर्चा भी सामने आई है। यदि यह प्रवृत्ति आगे बढ़ती है तो यह केवल सैन्य परंपरा का परिवर्तन नहीं होगा, बल्कि बांग्लादेश की बदलती वैचारिक दिशा का संकेत भी माना जाएगा। किसी भी सेना का चरित्र केवल उसके हथियारों से नहीं, बल्कि उसके मूल्यों, प्रतीकों और प्रशिक्षण से भी निर्धारित होता है।शेख हसीना सरकार के पतन के बाद बांग्लादेश की राजनीति में इस्लामी संगठनों और धार्मिक समूहों का प्रभाव बढ़ने की चर्चा लगातार हो रही है। लंबे समय तक अवामी लीग ने धर्मनिरपेक्ष राष्ट्रवाद और 'जय बांग्ला' की भावना को राष्ट्रीय पहचान का आधार बनाया था। अब यदि सेना के भीतर धार्मिक पहचान को अधिक महत्व दिया जा रहा है तो यह उस वैचारिक परिवर्तन का हिस्सा माना जा सकता है जो देश की राजनीति और समाज में भी दिखाई दे रहा है। यदि इस्लामी संगठनों का प्रभाव बढ़ता है तो सेना सहित अन्य संस्थाओं पर भी उसका प्रभाव दिखाई देना स्वाभाविक माना जाता है। दूसरा कारण क्षेत्रीय शक्ति संतुलन है। बांग्लादेश आज चीन और पाकिस्तान के साथ अपने रक्षा संबंधों को मजबूत करने की दिशा में भी आगे बढ़ रहा है। रक्षा उपकरणों की खरीद, सैन्य प्रशिक्षण और संयुक्त अभ्यास इसी रणनीति का हिस्सा माने जाते हैं। इससे वह अपने रक्षा विकल्पों को व्यापक बनाना चाहता है ताकि किसी एक देश पर अत्यधिक निर्भरता न रहे। तीसरा कारण भारत के साथ कुछ पुराने और नए विवाद भी हैं। सीमा पर अवैध घुसपैठ, सीमा सुरक्षा, जल बंटवारा, व्यापारिक असंतुलन तथा राजनीतिक बयानबाजी जैसे मुद्दों ने समय-समय पर दोनों देशों के संबंधों को प्रभावित किया है।

*वैभव लोढ़ा...*

### इतिहास में आज

1862- कलकत्ता उच्च न्यायालय का उद्घाटन हुआ।
1916- भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण की स्थापना हुई।
1940- ब्रिटिश सरकार ने सुभाषचन्द्र बोस को विद्रोह भड़काने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया।
2004- भारत और पाकिस्तान के विदेश मंत्री ने जकार्ता में आपसी बातचीत की।

*-धर्म चंद मेहता*

### क्रॉस फायर

- सुप्रीम कोर्ट ने ट्रंप के आदेश पर लगाई रोक, अमेरिका में जन्मे बच्चों की नागरिकता बरकरार रहेगी।
- ◆कोर्ट को भी मालूम पड़ गया राष्ट्रपति जी का खीसका हुआ है।
- पाकिस्तान के मंत्री बोले हमारे हिस्से का पानी रोकने वाले हाथों को काट देंगे।
- ◆खिसियानी बिल्ली खम्मा नोचे।
- कॉकरोच जनता पार्टी का जंतर मंतर पर 11वें दिन भी प्रदर्शन जारी।
- ◆ना छात्र थकेंगे ओर न सरकार घबराएगी।
- सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के बाद विवाद, 20% एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल पर सरकार ने दी सफाई।
- ◆सरकार ने गाड़ियां खराब करने का ठेका ले लिया है।।
- सुप्रीम कोर्ट का आसाराम को जमानत देने से इनकार।
- ◆बाहर आगे क्या भजन करेंगे जेल में भजन करो।
- बंगाल में पेट्रोकेमिकल्स की पाइपलाइन में आग से 17 लोग झुलसे।
- ◆खुद ध्यान रखो आपके जमीन के नीचे आग का दरिया तो नहीं।
- मुख्यमंत्री भजनलाल बोले राजस्थान की भविष्य की नींव है यमुना जल समझौता।
- ◆जुलाई से अक्टूबर तक पानी मिलेगा, बाकी भजन करो।
- जयपुर में पंचना बंध विवाद पर दोनों पक्षों के किसान प्रतिनिधियों के बीच हाई लेवल मीटिंग हुई।
- ◆कोई मानने को तैयार ही नहीं है।

*.............अंजू लोढ़ा*

### आज का राशिफल

**गुरुवार 02 जुलाई, 2026**



**मेष राशि:** आपकी कामयाबी में वृद्धि होगी। कुछ नए संपर्क स्थापित होंगे और आप कुछ प्रभावशाली लोगों से भी मिलेंगे। आज का दिन परिवार के लिए महत्वपूर्ण रहेगा।



**वृषभ राशि:** वित्तीय स्थिति में सुधार होगा लेकिन सावधानी से सोचने के बाद ही नई संपत्ति में निवेश करें। सतर्क रहें, हर किसी की बातों में आना बंद करें। अपनों के द्वारा धोखा मिलने से मन दुखी होगा।



**मिथुन राशि:** आज आप असीम दौलत के मालिक बन सकते हैं। आय के नए स्त्रोत बनेंगे। परिवार के कार्यों में व्यय वृद्धि होगी। आज आपको कई वित्तीय फायदे हो सकते हैं।



**कर्क राशि:** किसी भी प्रकार के व्यापारिक निर्णय जिसमें आर्थिक जोखिम शामिल हो, उसके लिए समय उपयुक्त नहीं है। आप की मेहनत और सही मार्गदर्शन मिलने से सफल होंगे।



**सिंह राशि:** आर्थिक मामलों में समय लगातार प्रतिकूल बना हुआ है, अतः अत्यधिक सावधानी बरतें। किसी के बहकावे में न आएं। लंबित कार्य पूरे होंगे। स्वर्ण आभूषणों की प्राप्ति संभव है।



**कन्या राशि:** आपकी वित्तीय स्थिति में भी सुधार होगा और ऋण पर दिए गए पैसे भी आप जल्द ही वसूल कर पाएंगे। सही समय पर सही निर्णय लेना आप के हित में रहेगा।



**तुला राशि:** आप लाभ प्राप्त करने में सक्षम होंगे। कारोबार विस्तार के लिए बैंक से कर्ज लेना पड़ सकता है। आकस्मिक यात्रा के योग बन रहे हैं। गुम हुई वस्तु प्राप्त हो सकती है।



**वृश्चिक राशि:** आपके काम सफ़ल होंगे। किन्तु आपको थोड़ी सी सावधानी बरतनी होगी। माता-पिता द्वारा आप के किए कार्यों की अवहेलना होगी। कोर्ट व कचहरी में प्रतिकूलता मिलेगी।



**धनु राशि:** आज का दिन शुभ है। नौकरीपेशा जातकों को तरक्की मिलेगी। कुछ के वांछित स्थानांतरण भी हो सकता है। व्यवसायिक लाभ बढ़ेगा। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी।



**मकर राशि:** वित्तीय व्यवहार और निवेश के साथ अधिक सतर्क और सावधान रहें क्योंकि दिन ज्यादा अनुकूल नहीं है, कमाई घट सकती है और धन अवरुद्ध हो सकता है। आजीविका के नए संसाधन स्थापित होंगे।



**कुम्भ राशि:** आर्थिक रूप से आप ठीक रहेंगे। आप के इष्टबल को मजबूत करें। मेहनत करें दूसरों पर विश्वास न करें। शत्रु बुरी तरह परास्त होंगे। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी।



**मीन राशि:** प्रेम संबंधों में लिप्त जातक अपने साथी की भावनाओं को पूर्ण रूप से महसूस कर पाएंगे। नौकरी चाहने वालों को सफल होने के लिए अतिरिक्त प्रयास करने पड़ सकते हैं।



**राजेन्द्र गुप्ता**
ज्योतिषी और हस्तरेखाविद, मो. 9611312076

**नोट**- अगर आप अपना भविष्य जानना चाहते हैं तो दिए गए मोबाइल नंबर पर कॉल करके या इसी व्हाट्स एप नम्बर पर मैसेज भेजकर पहले शर्तें जान लेवें, इसी के बाद अपनी बर्थ डिटेल और हैंडप्रिंट्स भेजें।

# दिल्ली : वायु प्रदूषण के साथ ओजोन प्रदूषण की चुनौती



**ललित गर्ग**



राजधानी दिल्ली वर्षों से वायु प्रदूषण की भयावह समस्या से जूझती रही है। हर सर्दी में धुंध की मोटी चादर, जहरीली हवा और दमघोंटू वातावरण राष्ट्रीय चिंता का विषय बनते हैं। अब तक इस संकट की चर्चा मुख्यतः पीएम 2.5, पीएम 10, पराली और वाहनों के धुएँ तक सीमित रही, लेकिन अब एक नया और अधिक खतरनाक खतरा तेजी से उभरकर सामने आया है-भूतलीय (ग्राउंड लेवल) ओजोन प्रदूषण। सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरनमेंट की हालिया रिपोर्ट ने स्पष्ट किया है कि दिल्ली-एनसीआर ही नहीं, जयपुर, चंडीगढ़ और अहमदाबाद जैसे शहर भी ओजोन प्रदूषण की गिरफ्त में आते जा रहे हैं। यह प्रदूषण दिखाई नहीं देता, लेकिन इसके दुष्प्रभाव धीरे-धीरे मानव जीवन, कृषि और पर्यावरण को भीतर तक बीमार कर रहे हैं। विडम्बना यह है कि प्रदूषण जैसे गंभीर विषय को भी अक्सर राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप तक सीमित कर दिया जाता है। कभी किसानों की पराली को संपूर्ण दोषी ठहरा दिया जाता है तो कभी केवल वाहनों को। जबकि वास्तविकता कहीं अधिक व्यापक है। यदि समस्या की जड़ तक पहुँचना है तो अनियोजित शहरीकरण, अंधाधुंध औद्योगिकीकरण, ऊर्जा उपभोग की वर्तमान व्यवस्था और विकास के मौजूदा मॉडल पर गंभीर पुनर्विचार करना होगा। दिल्ली आज केवल देश की राजधानी नहीं, बल्कि देश का सबसे बड़ा प्रदूषण हॉटस्पॉट भी बन चुकी है। गर्मियों में बढ़ते तापमान, तेज धूप और वाहनों एवं उद्योगों से निकलने वाली नाइट्रोजन ऑक्साइड तथा वाष्पशील कार्बनिक यौगिकों की रासायनिक प्रतिक्रिया से भूतलीय ओजोन बनती है। यह वही ओजोन नहीं है जो वायुमंडल की ऊपरी परत में पृथ्वी को पराबैंगनी किरणों से बचाती है। धरातल पर बनने वाली ओजोन एक विषैली गैस है, जो फेफड़ों की कार्यक्षमता कम करती है, दमा के रोगियों की स्थिति बिगाड़ती है, आँखों में जलन पैदा करती है तथा हृदय रोगों का जोखिम बढ़ाती है। आज दिल्ली-एनसीआर में बड़ी संख्या में लोग सांस लेने में कठिनाई, एलर्जी और अस्थमा जैसी समस्याओं का सामना कर रहे हैं, जिनमें ओजोन प्रदूषण की भूमिका लगातार बढ़ रही है। दिल्ली सरकार ने प्रदूषण नियंत्रण की दिशा में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। इलेक्ट्रिक वाहनों को प्रोत्साहन, नई इलेक्ट्रिक वाहन नीति, सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा, चार्जिंग स्टेशन विकसित करने की योजना और पुराने प्रदूषणकारी वाहनों को चरणबद्ध तरीके से हटाने जैसे निर्णय निश्चित रूप से सकारात्मक हैं। यदि इन योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन होता है तो आने वाले वर्षों में प्रदूषण नियंत्रण की दिशा में सार्थक परिवर्तन देखने को मिल सकता है। लेकिन केवल वाहन नीति से समस्या का समाधान संभव नहीं है। वास्तविक संकट अनियोजित शहरीकरण का है। पिछले दो दशकों में दिल्ली और उससे लगे क्षेत्रों में जिस तेजी से खेत, तालाब और हरित क्षेत्र कंक्रीट के जंगलों में बदले हैं, उसने प्राकृतिक संतुलन को गहरा आघात पहुँचाया है। जहाँ कभी वर्षा का पानी धरती में समा जाता था, वहाँ अब सीमेंट और डामर की सतह है। पारंपरिक जलस्रोत मिट गए, पेड़ों की संख्या घटी और गर्मी बढ़ती गई। यही कारण है कि शहरों का तापमान आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों की तुलना में कई डिग्री अधिक रहने लगा है। यही अतिरिक्त गर्मी ओजोन बनने की प्रक्रिया को और तेज करती है। आज महानगरों का विस्तार विकास का प्रतीक माना जाता है, लेकिन यह विकास प्रकृति की कीमत पर हो रहा है। शहरों को सड़कें चाहिए, बिजली चाहिए, आवास चाहिए, उद्योग चाहिए। इन सबके लिए खेत समाप्त हो रहे हैं, जंगल कट रहे हैं और जलस्रोत नष्ट हो रहे हैं। परिणामस्वरूप प्रदूषण केवल हवा तक सीमित नहीं रहा, बल्कि जल, मिट्टी और जैव विविधता भी प्रभावित हो रही है। विकास की यह दिशा अंततः मानव जीवन के विरुद्ध खड़ी दिखाई देती है। दिल्ली में निजी वाहनों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। सार्वजनिक परिवहन की उपलब्धता और गुणवत्ता अभी भी इतनी प्रभावी नहीं हो सकी कि लोग निजी वाहनों का त्याग करें। इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देना स्वागतयोग्य है, किंतु यह भी ध्यान रखना होगा कि बिजली यदि कोयला आधारित ताप विद्युत संयंत्रों से आएगी तो प्रदूषण केवल एक स्थान से दूसरे स्थान पर स्थानांतरित होगा। इसलिए स्वच्छ ऊर्जा, सौर ऊर्जा और हरित परिवहन को समानांतर गति से बढ़ाना आवश्यक है। ओजोन प्रदूषण केवल मानव स्वास्थ्य तक सीमित नहीं है। यह कृषि उत्पादन को भी प्रभावित करता है। वैज्ञानिक अध्ययनों में पाया गया है कि ओजोन फसलों की प्रकाश संश्लेषण प्रक्रिया को प्रभावित कर उत्पादन घटा देती है। ऐसे समय में जब जलवायु परिवर्तन, अनिश्चित मानसून और बढ़ती गर्मी पहले ही किसानों के सामने बड़ी चुनौती बने हुए हैं, ओजोन प्रदूषण कृषि संकट को और गहरा कर सकता है। राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम के अंतर्गत अनेक शहरों में वायु गुणवत्ता सुधारने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, किंतु अब समय आ गया है कि इसकी रणनीति का विस्तार किया जाए। केवल पार्टिकुलेट मैटर पर ध्यान देने के बजाय ओजोन जैसे द्वितीयक प्रदूषकों की निगरानी, वैज्ञानिक अध्ययन और नियंत्रण पर भी समान बल देना होगा। वायु गुणवत्ता निगरानी तंत्र को अधिक व्यापक, आधुनिक और पारदर्शी बनाना होगा। समस्या के समाधान में नागरिकों की भूमिका भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। कचरा जलाना, निर्माण कार्यों से उड़ने वाली धूल, खुले में ईंधन जलाना, प्लास्टिक और औद्योगिक कचरे का अनुचित निस्तारण जैसी आदतों में परिवर्तन लाना होगा। अधिक से अधिक सार्वजनिक परिवहन का उपयोग, साइकिल और पैदल चलने की संस्कृति को बढ़ावा देना होगा। शहरों में बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण, हरित पट्टियों का विकास और पारंपरिक जलस्रोतों का पुनर्जीवन भी प्रदूषण नियंत्रण की प्रभावी रणनीति का हिस्सा होना चाहिए। वायु प्रदूषण केवल पर्यावरणीय संकट नहीं, बल्कि आर्थिक और सामाजिक संकट भी है। बढ़ती बीमारियाँ स्वास्थ्य व्यवस्था पर बोझ डालती हैं, कार्यक्षमता घटाती हैं

# आस्था की चौखट पर असुरक्षा



**-प्रियंका सौरभ**

भारत की सांस्कृतिक पहचान केवल उसके इतिहास, भाषाओं और परंपराओं से नहीं बनती, बल्कि उन आस्था-स्थलों से भी निर्मित होती है जिन्होंने सदियों से समाज को नैतिकता, सहअस्तित्व और सामुदायिक एकता का संदेश दिया है। मंदिर केवल पूजा-अर्चना के स्थान नहीं हैं; वे विश्वास, संस्कृति, लोकजीवन और सामाजिक सहभागिता के जीवंत केंद्र हैं। यहां लोग केवल ईश्वर के दर्शन करने नहीं आते, बल्कि अपने सुख-दुख साझा करने, मन की शांति पाने और जीवन के संघर्षों में आशा का संबल प्राप्त करने आते हैं। यही कारण है कि जब किसी मंदिर में चोरी होती है, तो उसका प्रभाव केवल आर्थिक नुकसान तक सीमित नहीं रहता। यह करोड़ों लोगों की आस्था, सामाजिक विश्वास और सांस्कृतिक चेतना पर सीधा आघात होता है।बीते कुछ वर्षों में देश के विभिन्न हिस्सों से मंदिरों में दानपेटियां तोड़ने, नकदी चुराने, बहुमूल्य आभूषण गायब करने, प्राचीन मूर्तियों की तस्करी करने और धार्मिक सामग्री की चोरी जैसी घटनाएं लगातार सामने आती रही हैं। कई मामलों में अपराधियों ने आधुनिक तकनीक का उपयोग किया, जबकि कई घटनाओं में अंदरूनी मिलीभगत की आशंका भी सामने आई। यह स्थिति केवल कानून-व्यवस्था का प्रश्न नहीं है, बल्कि इस बात का संकेत भी है कि समाज के नैतिक मूल्यों और धार्मिक संस्थाओं की सुरक्षा व्यवस्था में कहीं न कहीं गंभीर कमी रह गई है। जिस स्थान को लोग सबसे सुरक्षित और पवित्र मानते हैं, यदि वही अपराधियों के लिए आसान लक्ष्य बनने लगे, तो यह पूरे समाज के लिए चिंता का विषय है। मंदिरों में चोरी को सामान्य संपत्ति-अपराध की श्रेणी में रखकर उसकी गंभीरता को कम नहीं आंका जा सकता। किसी दुकान, मकान या कार्यालय में चोरी आर्थिक क्षति पहुंचाती है, लेकिन मंदिर में चोरी विश्वास की जड़ों को भी कमजोर करती है। श्रद्धालु अपनी कमाई का एक हिस्सा ईश्वर के प्रति कृतज्ञता, सेवा और समाजहित की भावना से दान करते हैं। वे यह विश्वास रखते हैं कि उनका अर्पण धर्मार्थ कार्यों, सामाजिक सेवा और मंदिर व्यवस्था में उपयोग होगा। जब वही धन चोरी हो जाता है, तो केवल दानपेटी खाली नहीं होती, बल्कि श्रद्धालु के मन में भी संदेह और पीड़ा जन्म लेती है। यही कारण है कि मंदिरों में चोरी की घटनाएं समाज में सामान्य अपराधों की तुलना में कहीं अधिक भावनात्मक प्रतिक्रिया उत्पन्न करती हैं। ऐसी घटनाओं के पीछे कई कारण हैं। सबसे बड़ा कारण नकद दान की परंपरा है। आज भी देश के अधिकांश मंदिरों में बड़ी मात्रा में नकद चढ़ावा आता है। अनेक छोटे और मध्यम मंदिरों में दान की गणना, सुरक्षित भंडारण और बैंक में जमा करने की वैज्ञानिक व्यवस्था नहीं होती। कई बार दानपेटियां लंबे समय तक नहीं खोली जातीं, जिससे उनमें बड़ी मात्रा में नकदी जमा हो जाती है। यह स्थिति अपराधियों के लिए आकर्षण का केंद्र बन जाती है। जहां सुरक्षा व्यवस्था कमजोर हो और बड़ी मात्रा में नकद धन उपलब्ध हो, वहां अपराध की संभावना स्वाभाविक रूप से बढ़ जाती है। दूसरा महत्वपूर्ण कारण सुरक्षा व्यवस्था की अपर्याप्तता है। महानगरों के कुछ प्रसिद्ध मंदिरों को छोड़ दिया जाए तो अधिकांश धार्मिक स्थलों पर सीसीटीवी कैमरे, आधुनिक अलार्म सिस्टम, रात्रि सुरक्षा, प्रशिक्षित सुरक्षा कर्मी और डिजिटल निगरानी जैसी व्यवस्थाएं या तो उपलब्ध नहीं हैं या केवल औपचारिक रूप से स्थापित हैं। कई कैमरे खराब पड़े रहते हैं, रिकॉर्डिंग का बैकअप सुरक्षित नहीं होता और नियमित निगरानी भी नहीं की जाती। अपराधी इन कमियों का अध्ययन कर योजनाबद्ध तरीके से वारदात को अंजाम देते हैं। प्रबंधन संबंधी कमजोरियां भी ऐसी घटनाओं को बढ़ावा देती हैं।

अनेक मंदिरों का संचालन पारंपरिक ढंग से होता है, जहां वित्तीय जवाबदेही और प्रशासनिक पारदर्शिता के स्पष्ट मानक नहीं बने हैं। दान की गणना, लेखा-जोखा, व्यय और भंडारण की प्रक्रिया कई बार व्यवस्थित नहीं होती। जहां जवाबदेही कमजोर होती है, वहां गड़बड़ी और भ्रष्टाचार की संभावना बढ़ जाती है। कुछ मामलों में चोरी बाहरी अपराधियों द्वारा नहीं, बल्कि अंदरूनी मिलीभगत से भी की जाती है। यह स्थिति अधिक चिंताजनक इसलिए है क्योंकि इससे संस्था के भीतर का विश्वास भी टूटता है। सामाजिक और आर्थिक परिस्थितियां भी इस समस्या से जुड़ी हुई हैं। बेरोजगारी, नशे की लत, कर्ज का बोझ, त्वरित धन कमाने की मानसिकता और नैतिक मूल्यों का ह्रास कुछ लोगों को अपराध की ओर धकेलता है। हालांकि इन कारणों के आधार पर किसी भी अपराध का औचित्य सिद्ध नहीं किया जा सकता। मंदिरों में चोरी केवल आर्थिक मजबूरी का परिणाम नहीं होती; अनेक मामलों में यह संगठित अपराध, मूर्ति तस्करी और पेशेवर गिरोहों की सुनियोजित गतिविधि होती है। विशेष रूप से प्राचीन मूर्तियों और दुर्लभ धार्मिक कलाकृतियों की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अवैध मांग भी ऐसे अपराधों को बढ़ावा देती है। मंदिर में चोरी का सबसे गहरा प्रभाव श्रद्धालुओं की भावनाओं पर पड़ता है। जब कोई व्यक्ति अपने परिवार की खुशहाली, बच्चों के भविष्य, स्वास्थ्य या किसी मनोकामना की पूर्ति के लिए श्रद्धापूर्वक दान करता है, तो वह केवल धन नहीं देता, बल्कि अपना विश्वास भी समर्पित करता है। यदि वही विश्वास असुरक्षित महसूस करने लगे तो समाज में धार्मिक संस्थाओं के प्रति संदेह बढ़ने लगता है। कई लोग दान देने से हिचकने लगते हैं, मंदिर समितियों पर प्रश्न उठने लगते हैं और स्थानीय स्तर पर आरोप-प्रत्यारोप का वातावरण बन जाता है। इस प्रकार एक चोरी केवल धन का नुकसान नहीं करती, बल्कि सामाजिक सौहार्द और सामुदायिक एकता को भी प्रभावित करती है। धार्मिक स्थलों की सुरक्षा को केवल धार्मिक विषय मानना भी पर्याप्त नहीं है। यह सार्वजनिक नीति, प्रशासनिक दक्षता और सामाजिक उत्तरदायित्व का प्रश्न है। जिस प्रकार बैंक, संग्रहालय, विद्यालय और सार्वजनिक संस्थानों के लिए सुरक्षा के मानक निर्धारित होते हैं, उसी प्रकार मंदिरों के लिए भी न्यूनतम सुरक्षा मानक तय किए जाने चाहिए।

## यूपी चुनाव में राम मंदिर चढ़ावा चोरी की धमाकेदार एंट्री



**बाल मुकुन्द ओझा**

देश के सबसे बड़े प्रदेश उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनाव जैसे जैसे नजदीक आते जा रहे है वैसे वैसे नये नये चुनावी मुद्दों की धमाकेदार एंट्री होती जा रही है। इनमें सबसे ताज़ा अयोध्या में राम मंदिर चढ़ावा चोरी का है। इसे लेकर यूपी की सियासत बेहद आक्रामक हो गई है। राम मंदिर के चढ़ावे में चोरी का मामला अब उत्तर प्रदेश की राजनीति का सबसे बड़ा केंद्र बन चुका है। समाजवादी पार्टी के सुप्रीमो अखिलेश यादव ने इसे भाजपा से जोड़ा है तो कांग्रेस ने आर एस एस पर निशाना साधा है। राम मंदिर में गबन का मुद्दा सबसे पहले सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने उठाया था. ऐसे में कांग्रेस भी इस मुद्दे के जरिए बीजेपी को लगातार घेरने में जुटी है। वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का कहना है एस आई टी जाँच रिपोर्ट में दोषी पाए जाने वाले किसी भी व्यक्ति को बक्सा नहीं जायेगा। बहरहाल यह किसी से छिपा नहीं है कि राम मंदिर में योजनाबद्ध ढंग से चढ़ावा चोरी हो रही थी। ट्रस्ट को कुछ माह पूर्व चोरी का पता चल गया था मगर कोई प्रभावी कार्यवाही नहीं की गई। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार ट्रस्ट के सचिव चम्पत राय से पुलिस ने पूछताछ की उसमें कई बातों का खुलासा हुआ। आठ कर्मचारियों की धरपकड़ कर जेल भेजा गया है मगर विपक्ष इससे संतुष्ट नहीं है। विपक्ष राम मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारियों की मिलीभगत का आरोप लगाकर कार्यवाही की मांग कर रहा है। हालाँकि यह तो जाँच से ही पता चलेगा कि असली दोषी कौन है मगर राम मंदिर की सीढ़ी पर सत्ता सुख भोगने वाली भाजपा के समक्ष चढ़ावा चोरी का यह मामला गले की फ़ांस बन गया है। आमजन भी दुखी है और असली चोरों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की मांग कर रहा है। चढ़ावा चोरी से देश के करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था को ठेस पहुंची है, बल्कि 2027 के यूपी विधानसभा चुनाव से पहले एक बड़ा सियासी तूफान भी खड़ा कर दिया है। साथ ही अब यह तय है की राम मंदिर चढ़ावा चोरी यूपी चुनाव का एक प्रमुख मुद्दा बन गया है। इसके साथ ही अफवाहों ने भी आग में घी का काम किया है। तरह तरह की चोरी के आरोप लग रहे है। जो चीजे चोरी नहीं हुई, उन्हें भी गायब बताया जा रहा है। कहा जाता यूपी की सियासत में 'दिल्ली की सत्ता का रास्ता लखनऊ से होकर गुजरता है', यह केवल कहावत ही नहीं है अपितु भारतीय राजनीति की सबसे बड़ी हकीकत है। प. जवाहर लाल नेहरू से लेकर नरेंद्र मोदी तक, इतिहास गवाह है कि जिसने यूपी जीता, उसने हिंदुस्तान जीत लिया । यह भी कहा जाता है, जिसने उत्तर प्रदेश में अच्छा प्रदर्शन किया उसके दिल्ली पहुंचने के रास्ते आसान हो जाते हैं। इसीलिए भारतीय जनता पार्टी ने उत्तर प्रदेश में अपनी चुनावी रणनीति को धार देना शुरु कर दिया है। विधानसभा चुनाव को लेकर अभी से जोड़-तोड़ और कयासों का दौर शुरू हो चुका है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सामने अपनी सत्ता बचाने और भाजपा की हैट्रिक लगाने की चुनौती है, तो वहीं समाजवादी पार्टी के सुप्रीमो अखिलेश यादव पीडीए के फॉर्मूले के दम पर सत्ता में वापसी की हर संभव कोशिश में जुटे हैं। यूपी की जनता ही तय करती है की देश की हवा किस ओर बहती है। यूपी विधानसभा चुनाव को लेकर अभी से जोड़-तोड़ और कयासों का दौर शुरू हो चुका है। इसी के मधे नज़र गठजोड़ बनने बिगड़ने शुरू हो गए है। बात बात पर नेताओं ने चुनाव में देख लेने की धमकिया देनी शुरू कर दी है। यूपी में साढ़े नौ साल से भाजपा सत्तारूढ़ है और योगी आदित्यनाथ के पास सत्ता की कमान है। भाजपा तीसरे टर्म के लिए जी तोड़ कोशिश में लगी है।

## पीओके में बढ़ता जनाक्रोश पाकिस्तान की नीतियों पर उठते सवाल सीमा खोलने की मांग और पानी के संकट से गहराता असंतोष



**कांतिलाल मांडोत**

पाक अधिकृत कश्मीर यानी पीओके में पिछले कुछ समय से हालात लगातार तनावपूर्ण बने हुए हैं। महंगाई बेरोजगारी बिजली संकट खाद्यान्न की कमी और प्रशासनिक उपेक्षा जैसे मुद्दों ने आम लोगों का जीवन कठिन बना दिया है। इन समस्याओं के कारण जनता का गुस्सा अब खुलकर सड़कों पर दिखाई देने लगा है। हाल के दिनों में रावलकोट सहित कई क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर प्रदर्शन और रैलियां हुई हैं जिनमें लोगों ने पाकिस्तान सरकार और सेना के खिलाफ नाराजगी व्यक्त की। कई स्थानों पर यह भी कहा गया कि कश्मीर को पाकिस्तान का हिस्सा नहीं माना जा सकता और लोगों को अपने भविष्य का फैसला स्वयं करने का अधिकार मिलना चाहिए। इन घटनाओं ने यह संकेत दिया है कि पीओके में असंतोष केवल आर्थिक मुद्दों तक सीमित नहीं रहा बल्कि अब राजनीतिक और सामाजिक स्वरूप भी लेता जा रहा है। पीओके के लोगों का सबसे बड़ा दर्द लगातार बढ़ती महंगाई है। रोजमर्रा की जरूरत का सामान आम लोगों की पहुंच से बाहर होता जा रहा है। आटा दाल तेल सब्जियां और अन्य आवश्यक वस्तुओं के दाम तेजी से बढ़े हैं। बिजली की भारी कमी के कारण लंबे समय तक कटौती होती है जबकि इसी क्षेत्र से बड़ी मात्रा में जलविद्युत उत्पादन भी होता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि उनके संसाधनों का लाभ दूसरे क्षेत्रों को मिलता है लेकिन उन्हें स्वयं मूलभूत सुविधाएं भी पर्याप्त नहीं मिलतीं। बेरोजगारी की स्थिति गंभीर है और युवाओं के लिए रोजगार के अवसर लगातार कम होते जा रहे हैं। स्वास्थ्य सेवाओं और शिक्षा व्यवस्था को लेकर भी लंबे समय से शिकायतें सामने आती रही हैं। सड़कें संचार और अन्य बुनियादी सुविधाएं भी कई इलाकों में कमजोर हैं जिससे लोगों में उपेक्षा की भावना बढ़ती जा रही है। इन समस्याओं के विरोध में लंबे समय से चल रहे आंदोलन ने अब बड़ा स्वरूप ले लिया है। रावलकोट के दिगाह मैदान में आयोजित विशाल रैली में हजारों लोग शामिल हुए। रैली के दौरान पाकिस्तान सरकार और सेना की नीतियों की खुलकर आलोचना की गई। मंच से यह कहा गया कि यदि लोगों की आवाज को दबाने और आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति रोकने का प्रयास जारी रहा तो स्थानीय लोग भारत की ओर जाने वाली सीमाएं खोलने की मांग कर सकते हैं। आंदोलन से जुड़े नेता अमन खान ने कहा कि यदि जनता को भोजन और जरूरी सुविधाओं से वंचित किया गया तो लोगों के पास दूसरे विकल्प तलाशने के अलावा कोई रास्ता नहीं बचेगा। रैली में यह नारा भी लगाया गया कि कश्मीर पाकिस्तान का हिस्सा नहीं है। इस बयान ने पूरे क्षेत्र में नई राजनीतिक चर्चा को जन्म दिया है। सीमा खोलने की मांग को लेकर हो रही चर्चा इसलिए भी महत्वपूर्ण मानी जा रही है क्योंकि यह केवल राजनीतिक नारा नहीं बल्कि जनता की बढ़ती निराशा का प्रतीक माना जा रहा है। आंदोलन से जुड़े लोगों का कहना है कि यदि स्थानीय लोगों की समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो वे अपने हितों की रक्षा के लिए नए रास्तों पर विचार करेंगे। हालांकि इस प्रकार के बयानों का भविष्य क्या होगा यह कहना अभी जल्दबाजी होगी लेकिन इतना स्पष्ट है कि पीओके में लोगों के धैर्य की परीक्षा अब लंबे समय तक नहीं चल सकती। दूसरी ओर पाकिस्तान सरकार पर आरोप लग रहे हैं कि वह जनता की शिकायतों का समाधान करने के बजाय विरोध की आवाज को दबाने में लगी हुई है। आंदोलन से जुड़े कई नेताओं और कार्यकर्ताओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई है। कुछ पर आतंकवाद निरोधी कानूनों के तहत मामले दर्ज किए गए हैं।

### सहकारिता सप्ताह के तहत उत्कृष्ट किसानों एवं सहकारी कार्यकर्ताओं का सम्मान

# सामाजिक एवं आर्थिक सशक्तिकरण का प्रभावी माध्यम है सहकारिता : राजीव शर्मा

**भरतपुर (हुक्मनामा समाचार)।** भारत सरकार के सहकारिता मंत्रालय के गठन के पाँच वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 29 जून से 6 जुलाई तक आयोजित सहकारिता सप्ताह के अंतर्गत बुधवार को जिला कलक्ट्रेट सभागार में गरिमामय सम्मान समारोह का आयोजन अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रशासन राजीव शर्मा की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम में दी भरतपुर सेंट्रल को.ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड भरतपुर द्वारा भरतपुर धौलपुर एवं डीग जिलों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली ग्राम सेवा सहकारी समितियों के अध्यक्षों व्यवस्थापकों प्रगतिशील किसानों एवं सहकारी कार्यकर्ताओं को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। समारोह में सहकारिता आंदोलन को और अधिक सशक्त बनाने तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करने का संदेश दिया गया। अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रशासन राजीव शर्मा ने कहा कि सहकारिता केवल एक व्यवस्था नहीं बल्कि सामाजिक एवं आर्थिक सशक्तिकरण का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने युवाओं महिलाओं एवं किसानों से अधिकाधिक संख्या में सहकारिता आंदोलन से जुडने का आह्वान करते हुए कहा कि सरकार की मंशा है कि सहकारिता की पहुंच गांव.गांव तक हो तथा प्रत्येक पात्र व्यक्ति को सहकारी योजनाओं का लाभ मिले। उन्होंने किसानों से आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाकर आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का भी आह्वान किया। उप रजिस्ट्रार शर्चींद्र चतुर्वेदी ने बताया कि सहकारिता सप्ताह का उद्देश्य सहकारिता आंदोलन को नई दिशा एवं गति प्रदान करना किसानों को आधुनिक कृषि एवं सहकारी योजनाओं से जोडना तथा ग्रामीण क्षेत्रों में समावेशी विकास को बढावा देना है। उन्होंने कहा कि सहकारिता के माध्यम से किसानों की आय बढाने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए विभाग लगातार प्रयासरत है। इस अवसर पर केन्द्रीय सहकारी बैंक लि0 भरतपुर अधिशाषी अधिकारी राजेश कुमार अतिरिक्त अधिशाषी अधिकारी अंजली सिनसिनवार सहायक अधिशाषी अधिकारी विजय कुमार अग्रवाल वरिष्ठ प्रबंधक मुकेश कुमार जिला संयोजक सहकारिता गोविंद सिंह सह संयोजक अमर सिंह फौजदार विजेंद्र कुमार शर्मा सहित दी भरतपुर सेंट्रल को.ऑपरेटिव बैंक के अधिकारी.कर्मचारी तथा बडी संख्या में ग्राम सेवा सहकारी समितियों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी प्रतिभागियों ने सहकारिता की भावना को जन.जन तक पहुंचाने तथा आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में सक्रिय योगदान देने का संकल्प लिया।



## एक नजर

### जिला प्रभारी सचिव विश्व मोहन शर्मा ने किया हांडी कलां में ग्रामीण सेवा शिविर का निरीक्षण,पात्र लोगों को राहत पहुंचाने के दिए निर्देश



**टोंक (हुक्मनामा समाचार)।** टोंक जिले के प्रभारी सचिव विश्व मोहन शर्मा ने बुधवार को तहसील पीपलू की ग्राम पंचायत हाडीकलां में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर का निरीक्षण किया। इस दौरान संबंधित विभागों के ब्लॉक स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। विभागों द्वारा लगाए गए काउंटर पर ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों ने अपने विभाग से संबंधित योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को विस्तार से बताई। जिला प्रभारी सचिव ने शिविर में महिला एवं बाल विकास विभाग की लाभार्थी महिला की गोद भराई की रस्म एवं आंगनबाड़ी के बच्चों को स्कूल किट वितरित किए। साथ ही पंचायती राज विभाग के 15 से अधिक लाभार्थियों को आवासीय पट्टे सौंपे। पशुपालन विभाग के लाभार्थियों को मंगला पशु बीमा योजना की बीमा पॉलिसी, राजस्व विभाग के लाभार्थियों को आपसी सहमति से विभाजन के पत्र, समाज कल्याण विभाग के लाभार्थियों को सहायता उपकरण, चिकित्सा विभाग के लाभार्थी को आयुष्मान कार्ड, स्थानीय विद्यालय के छात्र- छात्राओं को बैग वितरित किए। जिला प्रभारी सचिव ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुनते हुए उनके तत्काल निस्तारण के लिए संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया। उन्होंने राज्य सरकार की मंशानुरूप शिविरों में पात्र लोगों को जनकल्याणकारी योजनाओं से राहत पहुंचाने के निर्देश दिए। शिविर में मुख्य कार्यकारी अधिकारी राकेश कुमार मीणा,उपखण्ड अधिकारी गुलाब सिंह वर्मा, पुलिस उपाधीक्षक रामावतार चौधरी, तहसीलदार कैलाश मीणा, विकास अधिकारी सुनील वर्मा एवं अधिकारी, कार्मिक एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### सफलता की कहानी-2

## ग्रामीण सेवा शिविरों में ठाकर राम को मिला मालिकाना हक

**श्रीगंगानगर (हुक्मनामा समाचार)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में जनकल्याण के लिये प्रतिबद्ध राजस्थान सरकार द्वारा आमजन तक जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर जरूरतमंद परिवारों के लिये राहत बन रहे हैं। अनूपगढ़ उपखंड की ग्राम पंचायत 9 एलएम में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर में ठाकर राम पुत्र बख्तराम निवासी 9 एलएम-बी को आवासीय पट्टा सौंपा गया। लंबे समय से ठाकर राम का परिवार आवासीय भूमि के स्वामित्व से वंचित था। शिविर में आवेदन करने पर तत्काल कार्यवाही करते हुए पट्टा सौंपा गया। ग्राम पंचायत 15 एलएम में आयोजित शिविर के दौरान उग्रसेन, मदनलाल, महावीर प्रसाद, पुत्र संतराम द्वारा खाता विभाजन हेतु आवेदन किया गया। शिविर प्रभारी द्वारा तत्काल कार्यवाही कर खाता विभाजन आदेश जारी किए गए। चक 15 एलएम के परिवादियों को भी खाता विभाजन कर लाभान्वित किया गया। शिविर में राजेन्द्र पुत्र पृथवीराज, काशी पुत्र हंसराज, बिरमा पत्नी भंवरलाल, हंसराज पुत्र लेखराम निवासी 17 एलएम व ओमप्रकाश पुत्र हरचन्द निवासी 15 एलएम को आवासीय पट्टों का वितरण किया गया।

### राजस्थान सम्मान नागरिक संहिता विधेयक 2026 आज बैठक सुझावों व आपत्तियों के लिए समिति का गठन

**श्रीगंगानगर (हुक्मनामा समाचार)।** संभागीय आयुक्त बीकानेर के निर्देशानुसार जिला स्तर पर राजस्थान समान नागरिक संहिता विधेयक 2026 को लेकर 2 जुलाई को दोपहर बाद 3:30 बजे जिला कलेक्ट्रेट वीसी रूम में वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से ओरियंटेशन से संबंधित बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में निर्वाचित जनप्रतिनिधिगण, विभिन्न धार्मिक संस्थाओं के प्रतिनिधि, सोशल साइंस और कानून की पृष्ठभूमि वाले जाने-माने शिक्षाविद् सामाजिक क्षेत्र में काम करने वाले एनजीओ के प्रतिनिधि, ईसीआई द्वारा मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भाग लेंगे। जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट डॉ. अमित यादव ने बताया कि ओरियंटेशन का सफल आयोजन, विधेयक के संबंध में सुझावों, आपत्तियों की सुनवाई एवं परीक्षण संबंधी कार्यवाही एवं निर्धारित समयावधि में अनुशंसाएं राज्य सरकार को प्रेषित करवाने के लिए समिति का गठन किया गया है। समिति में कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अध्यक्ष, अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट सर्तकता श्रीगंगानगर सदस्य सचिव, मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद, एसीईएम फास्ट ट्रेक, उपनिदेशक अभियोजन, उपविधि परामर्शी, लोक अभियोजक जिला एवं सेशन न्यायालय तथा अध्यक्ष बार संघ श्रीगंगानगर सदस्य होंगे।

### सफलता की कहानी

### शिविर में नाम शुद्धिकरण से खिले ग्रामीणों के चेहरे

**श्रीगंगानगर (हुक्मनामा समाचार)।** जनकल्याण और सुगम प्रशासन के उद्देश्य से माननीय मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान सरकार द्वारा आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर ग्रामीणों के लिए वरदान साबित हो रहे हैं। इन शिविरों में विभिन्न विभागों की सेवाएं और योजनाओं का लाभ एक ही स्थान पर उपलब्ध कराया जा रहा है। ग्राम पंचायत बसई घीयाराम में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर ग्रामीणों के लिए राहत और विश्वास का केंद्र बनकर सामने आया। शिविर के दौरान ग्रामीणों ने अपने राजस्व अभिलेखों में नाम संबंधी त्रुटियों की शुद्धि के लिए उपखण्ड अधिकारी सुशीला मीणा के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किए। उपखण्ड अधिकारी ने जनहित को प्राथमिकता देते हुए प्रकरणों की तत्काल जांच के निर्देश नायब तहसीलदार को दिए। निर्देश प्राप्त होते ही नायब तहसीलदार ने संबंधित भू-अभिलेख निरीक्षक एवं पटवारी को मौके पर जांच कर शीघ्र रिपोर्ट प्रस्तुत करने के आदेश दिए। राजस्व टीम ने पूरी तत्परता और जिम्मेदारी के साथ जांच पूर्ण कर शुद्धि प्रस्ताव तैयार किया तथा नायब तहसीलदार के समक्ष प्रस्तुत किया।

## केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान के संरक्षण हेतु 24 घंटे जलापूर्ति रहेगी प्रभावित

**भरतपुर (हुक्मनामा समाचार)।** भीषण गर्मी एवं लगातार घटते जल स्रोतों के कारण विश्वप्रसिद्ध केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान में जल उपलब्धता चिंताजनक स्तर तक पहुंच गई है। उद्यान में निवासरत हजारों स्थानीय एवं प्रवासी पक्षियों तथा अन्य वन्यजीवों के संरक्षण एवं पारिस्थितिकीय संतुलन बनाए रखने के लिए पर्याप्त जल उपलब्ध कराना अत्यंत आवश्यक हो गया है। अधिशाषी अभियन्ता गोखलेश बसबाल ने बताया कि ईआरसीपी भरतपुर पेयजल परियोजना के अंतर्गत धौलपुर से भरतपुर आने वाली एमएस पाइप लाइन से 2 जुलाई गुरुवार प्रात: 6 बजे से आगामी 24 घंटे तक केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान के लिए विशेष जलापूर्ति की जाएगी। इस विशेष व्यवस्था के कारण 2 जुलाई को जिला मुख्यालय तथा 3 जुलाई शुक्रवार को जिला भरतपुर के पेयजल आपूर्ति क्षेत्र आंशिक रूप से प्रभावित रहेंगे।

## नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली के ताबड़तोड़ राजस्थान दौरे कांग्रेस कार्यकर्ताओं में हो रहा नई ऊर्जा का संचार



**अलवर (हुक्मनामा समाचार)।** नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली के प्रदेशव्यापी दौरे कांग्रेस संगठन में ऊर्जा और कार्यकर्ताओं में नए उत्साह का संचार कर रहे है। जूली द्वारा राजस्थान प्रदेश के विभिन्न जिलों के प्रवास के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों से संवाद के माध्यम से संगठन को और अधिक मजबूत एवं सक्रिय बनाने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के कोटा आगमन के बाद तो मानो जूली ने भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ सत्ता उखाड़ने का मोर्चा खोल दिया है। जनसभाओं और रैलियों में उनके आक्रामक तेवर से कांग्रेस पार्टी राजस्थान में एक मजबूत स्तंभ के रूप में स्थापित हो रही है। बीते दिन बीकानेर में कांग्रेस के महापड़ाव में टीकाराम जूली की गरज की गूंज दिल्ली तक सुनाई दी। उन्होंने भाजपा राज में बेपटरी हुई व्यवस्थाओं की न केवल पोल खोली बल्कि उनकी कलई खोल कर रख दी। जूली प्रदेश में आमजन से जुड़े मुद्दों, किसानों, युवाओं, महिलाओं, सामाजिक न्याय, शिक्षा, स्वास्थ्य तथा रोजगार पर कार्यकर्ताओं से विस्तृत चर्चा कर रहे हैं। साथ ही प्रदेश की जनहित की समस्याओं को मजबूती से उठाने और कांग्रेस की जनहितकारी विचारधारा को गांव-ढाणी तक पहुंचाने का आह्वान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा जनता की आवाज़ बनकर लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा और जनहित के मुद्दों पर संघर्ष करती रही है। प्रदेशभर में हो रहे संवाद कार्यक्रमों का उद्देश्य संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त बनाना तथा आमजन की अपेक्षाओं के अनुरूप एक मजबूत विपक्ष के रूप में प्रभावी जनआंदोलन तैयार करना है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नेता प्रतिपक्ष के दौरों का गर्मजोशी से स्वागत करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व, मार्गदर्शन और संगठनात्मक संवाद से पार्टी को नई मजबूती मिलेगी तथा प्रदेश में कांग्रेस और अधिक प्रभावी विपक्ष की भूमिका निभाएगी। जूली का यह जनसंपर्क एवं संगठन सुदृढ़ीकरण अभियान कार्यकर्ताओं में उत्साह का वातावरण तैयार कर रहा है। पार्टी का विश्वास है कि जनता के मुद्दों पर निरंतर संघर्ष और संगठन की एकजुटता के बल पर कांग्रेस प्रदेश में जनविश्वास को और मजबूत करेगी।

### गोविंदराम मेघवाल बोले-अगर मस्जिद तोड़ी तो करेंगे सत्याग्रह

# मस्जिदों को तोडने के विरोध में बीकानेर में पूर्व मंत्री के नेतृत्व में विरोध-प्रदर्शन

**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** पूर्व मंत्री गोविंदराम मेघवाल ने बुधवार को महापड़ाव से अपने समर्थकों के साथ कलेक्ट्री की तरफ कूच किया। बड़ी संख्या में लोगों ने कलेक्ट्री का घेराव कर नारेबाजी की। सुरक्षा के तौर पर मौके पर भारी पुलिस जाब्ता तैनात रहा। कलेक्ट्री को बैरिकेड्स से कवर किया। इस दौरान गोविंदराम मेघवाल के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल जिला प्रशासन से वार्ता करने पहुंचा। इस वार्ता के दौरान गोविंदराम मेघवाल ने अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन दिया। इससे पूर्व महापड़ाव में गोविंदराम ने बोलते हुए कहा कि बीकानेर जिले के सीमावर्ती इलाके में सरकार द्वारा धर्म विशेष को टारगेट करते हुए मस्जिदों व मजारों को तोड़ा जा रहा है, जिसको लेकर लोगों में रोष व्याप्प है। मेघवाल ने कहा कि मस्जिदों और मजारो को तो के लिए प्रशासन हाथों में हथियार लेकर पहुंचा और ऐसा माहौल बनाया जैसे कि मस्जिदों में कोई आतंकवादी छिपा हुआ बैठा है। मेघवाल ने कहा कि प्रशासन की इस रवैये को देखकर क्षेत्र के लोग डर गए, उनमें भय व्याप्त हो गया। लेकिन ग्रामीणों ने शांति बनाए रखी।

**गोविंदराम ने कहा- अगर मस्जिद तोड़ी तो करेंगे सत्याग्रह**

पूर्व मंत्री गोविंदराम मेघवाल ने कहा कि प्रशासन से मस्जिदों को तोडने पर रोक लगाने व जिन मस्जिदों को तोड़ा गया उनका पुनर्निर्माण की मांग की। जिस पर प्रशासन ने कहा इस संबंध में कि तुरंत आदेश निकाला उनके हाथ में नहीं है, आपकी मांगों को सरकार तक पहुंचा देंगे। गोविंदराम मेघवाल ने कहा कि सरकार ने हमारी मांगे नहीं मानी तो जहां-जहां मस्जिदें व मजारों को तोड़ा जा रहा है वहां हमारे द्वारा पहुंचकर सत्याग्रह किया जाएगा। गोविंदराम बोले- बीजेपी ने देश को अडाणी-अंबानी के हाथों में दिया महापड़ाव में पूर्व मंत्री गोविंदराम मेघवाल ने जमकर बीजेपी पर निशाना साधा और कहा कि बीजेपी ने देश को अंबानी और अडाणी जैसे उद्योगपतियों के हाथों में सौंप दिया और इन उद्योगपतियों ने देश को लूटकर रख दिया। मेघवाल ने बीजेपी पर हमला बोलते हुए कहा कि कई ऐसे लोग देश की जनता का पैसा लूटकर विदेशों में जाकर बैठ गए, ये बीजेपी के लोग है। मेघवाल ने कहा कि मंदिर और मस्जिद के नाम पर बीजेपी द्वारा जनता में आपसी फूट और लड़ाने का काम किया जा रहा है। बीकानेर जिले के सीमावर्ती इलाके में सरकार द्वारा धर्म विशेष को टारगेट करते हुए मस्जिदों व मजारों को तो जा रहा है, जिसको लेकर लोगों में रोष व्याप्त है। मेघवाल ने युवाओं, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार के मुद्दे प भी सरकार पर जमकर हमला बोला और कहा प्रदेश भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। कहा किसान वर्ग त्रस्त और परेशान है, जिन्हें न तो समय पर बिजली मिल रही और न ही उनकी फसल उचित दामों में खरीदी जा रही, एमएसपी के नाम पर किसानों को भ्रमित किया जा रहा है।



## अघोषित बिजली कटौती को लेकर हुई महापंचायत, सौंपा ज्ञापन



**डीग (हुक्मनामा समाचार)।** जनूथर तहसील के बिजलीघर पर क्षेत्र में होने वाली बिजली की अघोषित अनियमित कटौती के विरोध में बुधवार को महापंचायत का आयोजन भ्रष्टाचार विरोधी मोर्चा के उपाध्यक्ष चंद्रभान गुप्ता के नेतृत्व में किया गया है। जिसमे सभी गांवों की सरदारी द्वारा महापंचायत में बिजली विभाग के खिलाफनारे लगाये क्षेत्र के सभी लोगों ने भारी संख्या में भाग लिया। जिसमें वक्ताओं द्वारा बिजली की अघोषित एवं अनियमित कटौती के विरोध में आक्रोश व्यक्त किया गया। महापंचायत में लोगों ने बिजली विभाग की लापरवाही एवं मनमानी के विरोध में जमकर नारे लगाए लोगों द्वारा महापंचायत में बताया गया बिजली विभाग द्वारा इस भीषण गर्मी के अन्दर भी दिन एवं रात में किसी भी समय बिना कोई सूचना के लम्बी कटौती की जा रही है एवं इस दौरान लोगों द्वारा प्रशासन पर जनूथर तहसील क्षेत्र के साथ बिजली आपूर्ति में सौतेले व्यवहार का आरोप भी लगाया। महापंचायत के दौरान करीब तीन घंटे बाद डीग जिले के जीएसएस कार्यालय से अधिशाषी अभियन्ता रामहंस मीणा कनिष्ठ अभियन्ता लोकेन्द्र इन्दौलिया एवं तहसीलदार रामस्वरूप मीणा ने मौके पर पहुंचकर बिजली समस्या के समाधान का ठोस आश्वासन दिया। लोगों से समझाइस की एवं तब जाकर लोगों का आक्रोश शांत हुआ। इस महापंचायत के दौरान राज दीवान उर्फ योगेश गोविन्द शाक्य विवेक प्रताप सिंह परभाती तेवतिया गिर्राज सैनी चन्द्रपाल सिंह लाखन पहलवान बगो शास्त्री बगो पहलवान जोरावर सिंह पंडित भवानी शंकर शर्मा नाहरोली नरेश फौजदार पप्पू ठाकुर तारासिंह महेश ठाकुर करतार सिंह वंशी पंडित घरी हरिओम दीवान जगदीश दीवान शिवराम सैन घूरी पाराशर जोरमल सरपंच लोटन हवलदार भगत सिंह कपिल तेवतिया रणधीर बॉबी सरपंच सोहनलाल दीवान कमल पोद्दार छोटेलाल हरिसिंह आदि लोग मौजूद रहे।

### लोडिंग अनलोडिंग मज़दूर यूनियन के कार्यालय का उद्घाटन कॉमरेड रविंद्र तरखान ने किया झंडा रोहन

**पदमपुर (हुक्मनामा समाचार)।** रेता बजरी से संबंधित मजदूरों ने लोडिंग अनलोडिंग मज़दूर यूनियन का गठन कर तिलक राज को प्रधान, जरनैल सिंह को उप प्रधान, विनोद कुमार को केशियर चुना गया एवं 40 सदस्यीय कमेटी का गठन किया इस मौके पर माकपा नेता कॉमरेड रविंद्र तरखान ने संगठन का झंडा फहराकर नव निर्मित यूनियन के कार्यालय का उद्घाटन किया व मजदूरों को संबोधित किया कॉमरेड रविंद्र तरखान ने कहा कि मज़दूर यूनियनें मजदूरों की आजीविका ही नहीं बल्कि मजदूरों के हक़ अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष की राह है बिना संगठन एवं वर्गीय चेतना के मज़दूर का जीवन बेहद मुश्किल भरा होता है उन्होंने कहा कि दुनिया भर के मजदूरों की एकता एवं समृद्धि का केंद्र सीआईटीयू ही है उन्होंने सीआईटीयू के झंडे को बुलंद करने का आह्वान किया इस मौके पर वेयर हाउस मज़दूर यूनियन के प्रधान रूपराम, सचिव गोरा सिंह, पूर्व प्रधान हंसराज खुंडिया, संदीप सिंह मद्ध, राजेंद्र कुमार, कैलाश पूनिया आदि मौजूद रहे। कॉमरेड रविंद्र तरखान ने झंडा रोहन कर यूनियन के कार्यालय का उद्घाटन किया।

# आईआईएम भारतीय कौशल संस्थान कृषि विश्वविद्यालय एग्रो प्रोसेसिंग सेंटर एवं हनी एक्सीलेंस सेंटर की स्थापना से बदलेगी जिले की अर्थव्यवस्था

**भरतपुर (हुक्मनामा समाचार)।** समृद्ध भारत अभियान के निदेशक सीताराम गुप्ता ने कहा कि भरतपुर का भविष्य केवल आधारभूत सुविधाओं के निर्माण से नहीं बल्कि रोजगार जल सुरक्षाए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा कृषि उद्योग और पर्यटन के समन्वित विकास से सुरक्षित होगा। उन्होंने कहा कि भरतपुर को पूर्वी राजस्थान का आर्थिक विकास केंद्र बनाने के लिए दीर्घकालिक एवं समग्र विकास नीति अपनाना समय की आवश्यकता है। पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए गुप्ता ने कहा कि भरतपुर आज भी बेरोजगारी जल संकट और औद्योगिक पिछड़ेपन जैसी चुनौतियों का सामना कर रहा है। जिले के हजारों युवा रोजगार एवं उच्च शिक्षा के लिए अन्य शहरों की ओर पलायन करने को विवश हैं। यदि स्थानीय स्तर पर आधुनिक कौशल संस्थान उ%च



शिक्षण संस्थान और उद्योग स्थापित किए जाएँ तो युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार मिलेगा और भरतपुर निवेश का प्रमुख केंद्र बन सकेगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा सड़क रेल स्वास्थ्य एवं अन्य आधारभूत विकास कार्य तेजी से किए जा रहे हैं जो स्वागतयोग्य हैं। अब विकास के अगले चरण में रोजगार सिंचाई शिक्षा कृषि आधारित उद्योग और पर्यटन को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए। गुप्ता ने भरतपुर में पूर्व स्वीकृत भारतीय कौशल संस्थान को शीघ्र प्रारंभ करने आईआईएम की स्थापना वैर में प्रस्तावित राज्य स्तरीय एग्रो प्रोसेसिंग सेंटर को शुरू करने तथा कुम्हेर कृषि महाविद्यालय के निकट कृषि विश्वविद्यालय स्थापित करने की मांग की। उन्होंने कहा कि इन संस्थानों से युवाओं को आधुनिक शिक्षा एवं कौशल मिलेगा किसानों को नई तकनीक का लाभ होगा और जिले में उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने महिला कारागार सेवर एवं राष्ट्रीय सरसों अनुसंधान केंद्र के मध्य उपलब्ध भूमि पर हनी एक्सीलेंस सेंटर स्थापित करने का सुझाव देते हुए कहा कि इससे मधुमक्खी पालन शहद उत्पादन और ग्रामीण स्वरोजगार को नई दिशा मिलेगी। साथ ही भरतपुर में गारमेंट्स एवं टेक्सटाइल मैन्युफैक्चरिंग हब स्थापित कर विशेष रूप से महिलाओं एवं युवाओं के लिए बड़े पैमाने पर रोजगार सृजित किए जा सकते हैं। गुप्ता ने कहा कि हाल ही में हुए यमुना जल समझौते का अधिकतम लाभ भरतपुर और डीग को मिलना चाहिए। उन्होंने गुड़गांव कैनाल के विस्तार पांचना बांध में भरतपुर का वैधानिक जल हिस्सा निर्धारित करने गंभीर नदी से बाणगंगा के पुनर्जीवन ईआरसीपी के तहत प्रमुख जलाशयों को जोड़ने तथा गंगा नदी के जल की हिस्सेदारी प्राप्त करने के लिए राज्य सरकार से पहल करने की आवश्यकता बताई। गुप्ता ने कहा कि विश्वप्रसिद्ध पक्षी विहार लोहागढ़ किला डीग महल तथा अन्य ऐतिहासिक एवं धार्मिक धरोहरों के कारण भरतपुर में पर्यटन की अपार संभावनाएँ हैं। उन्होंने भरतपुर को पर्यटन जिला घोषित करने तथा पर्यटन आधारित अर्थव्यवस्था विकसित करने की आवश्यकता प्रतिपादित की। उन्होंने कहा कि सुजान गंगा नहर का वैज्ञानिक पुनरोद्धार नियमित जल प्रवाह जल शोधन वॉक.वे साइकिल ट्रैक हरित पट्टी एवं आधुनिक पर्यटन सुविधाओं का विकास भरतपुर को विश्वस्तरीय हेरिटेज एवं इको.टूरिज्म शहर बना सकता है।

उन्होंने सुझाव दिया कि काली की बगीची से आरबीएम तक प्रस्तावित फ्लाईओवर को निरस्त कर उसकी बचत राशि सुजान गंगा के जीर्णोद्धार पर खर्च की जाए। उन्होंने भरतपुर बयाना हिण्डौन करौली सवाई माधोपुर डीग कामां पहाड़ी भरतपुर अलवर बहरोड़ तथा भरतपुर मथुरा अलीगढ़ बरेली सहित प्रमुख मार्गों को फ ोरलेन के रूप में विकसित करने की भी मांग की जिससे पर्यटन व्यापार और क्षेत्रीय विकास को गति मिलेगी।

*लोकमंथन-2026 का कर्टन रेजर कार्यक्रम*

*राजस्थान शक्ति, भक्ति, विचार, वीरता, संस्कृति और लोक परंपराओं की धरती*

## लोकमंथन के आयोजन में हरसंभव सहयोग प्रदान करेगी राज्य सरकारः भजनलाल शर्मा

*-- सांस्कृतिक चेतना के माध्यम लोकमंथन का राजस्थान में आयोजन होना गर्व की बात*

*-- राष्ट्र सर्वोपरि की भावना से प्रेरित विचारकों, कलाकारों और नीति निर्माताओं को मिलेगा साझा मंच*

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राजस्थान शक्ति, भक्ति, विचार, वीरता, संस्कृति और लोक परंपराओं की धरती है। यहां की लोककला, संत परंपरा, साहित्य की विरासत भारत की सांस्कृतिक विविधता दर्शाती है। वर्ष 2016 में उपनिवेशवाद से मुक्ति की थीम के साथ शुरू हुए लोकमंथन के पांचवें संस्करण का राजस्थान में आयोजन होना गर्व की बात है। वहीं, 'हम भारत के लोग' की थीम के साथ होने वाले इस आयोजन ने पूरे देश को वसुधैव कुटुम्बकम् का संदेश दिया है। मुख्यमंत्री बुधवार को जयपुर के कॉन्स्टिट्यूशन क्लब में आयोजित लोकमंथन-2026 के कर्टन रेजर कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि लोकमंथन का उद्देश्य राष्ट्र सर्वोपरि की भावना से प्रेरित विचारकों, कर्मशील लोगों, लोक कलाकारों, कारीगरों, शिक्षाविदों, नीति निर्माताओं और युवाओं को एक साझा मंच प्रदान करना है। इसी क्रम में इस बार लोकमंथन भारतीय सभ्यता के वैश्विक संवाद का माध्यम बन रहा है, क्योंकि विश्वभर में मौजूद भारतीय संस्कृति के प्रतिनिधि भी इस बार भाग ले रहे हैं। जिससे राजस्थान की सांस्कृतिक प्रतिष्ठा को भी विश्व पटल पर नई पहचान मिलेगी। **प्रधानमंत्री ने राजनीति को बनाया राष्ट्र निर्माण का साधन** उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्र प्रथम के संकल्प के साथ राजनीति को राष्ट्र निर्माण का साधन बनाया है। उनके निर्णय, योजना और अभियान के केंद्र में भारत माता, भारत की जनता और भारत का भविष्य रहता है। प्रधानमंत्री ने आर्थिक आत्मनिर्भरता और सांस्कृतिक आत्मविश्वास को भी नई ऊंचाई प्रदान की है। एक भारत श्रेष्ठ भारत, वोकल फॉर लोकल, मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प के पीछे मूल भाव यही है कि भारत अपनी सांस्कृतिक शक्ति, बौद्धिक क्षमता और पारंपरिक ज्ञान के आधार पर विश्व का नेतृत्व करे। वहीं, अयोध्या का राम मंदिर, काशी विश्वनाथ कॉरिडोर, उज्जैन का महाकाल लोक और सोमनाथ मंदिर आदि सांस्कृतिक पुनर्जागरण के साक्षी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार लोकमंथन की सफलता के लिए हरसंभव सहयोग प्रदान करेगी। यह आयोजन राजस्थान को राष्ट्रीय तथा सांस्कृतिक केंद्र के रूप में और अधिक प्रतिष्ठा प्रदान करेगा। उन्होंने आह्वान करते हुए कहा कि इस आयोजन को भारत की सांस्कृतिक चेतना, बौद्धिक शक्ति और राष्ट्र प्रथम के संकल्प का महोत्सव बनाया जाए। केन्द्रीय संस्कृति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा कि हमारा सांस्कृतिक इतिहास सबसे पुराना है और लोकमंथन भारतीयों को उसी प्राचीन भारत के साथ जोड़ने का मंच है। उन्होंने कहा कि हमारे लिए यह आयोजन अतीत का विषय नहीं होकर भविष्य का लक्ष्य प्राप्त करने का साधन है। 'हम भारत के लोग' के केवल लोकमंथन के आयोजन का विषय नहीं होकर 140 करोड़ भारतीयों का उद्घोष है। प्रज्ञा प्रवाह समिति के संयोजक जे. नंद कुमार ने कहा कि लोकमंथन समाज के सभी वर्गों को एक मंच पर लाने और प्राचीन भारत के सार्थक मूल्यों पर संवाद का माध्यम है। उन्होंने कहा कि इस मंच पर संवाद का अर्थ जानना और जानकारी देने के साथ ही प्रत्येक व्यक्ति की अच्छाई और भलाई के लिए कार्य करने का संकल्प लेना है। उन्होंने कहा कि पूरे देश में राजस्थान सबसे अधिक सांस्कृतिक विविधता वाला राज्य है। 2016 में भोपाल में उपनिवेशवाद से मुक्ति विषय के साथ लोकमंथन की शुरुआत की गई थी। अब




## बीकानेर में फूटा जन-आक्रोशः धार्मिक स्थलों को तोड़े जाने के विरोध में उमड़ा हजारों का जनसैलाब

**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** बीकानेर जिला कलेक्ट्री परिसर स्थित कर्मचारी मैदान में, बिश्नोई धर्मशाला के सामने बुधवार दोपहर एक विशाल महापड़ाव, सर्वधर्म सभा और आक्रोश रैली का ऐतिहासिक आयोजन किया गया. यह आयोजन डॉ. आंबेडकर टाइगर फोर्स, संविधान न्याय सभा, किसान ब्रिगेड एवं संघर्ष समिति के संयुक्त तत्वावधान में सीमावर्ती क्षेत्रों में बिना किसी कानूनी प्रक्रिया के तोड़े गए धार्मिक स्थलों के विरोध में किया गया था। कार्यक्रम में बीकानेर शहर और ग्रामीण क्षेत्रों से सभी धर्मों के लगभग 20,000 लोग अपनी एकजुटता दिखाने और सामाजिक सौहार्द की रक्षा के लिए एकत्रित हुए। इस विशाल महापड़ाव को मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री गोविंद राम मेघवाल ने बिंदुवार भाषण देते हुए केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार पर जमकर प्रहार किए। पूर्व मंत्री गोविंद राम मेघवाल ने कहा कि 20 जून 2026 को खाजूवाला क्षेत्र के बांडका, पहलवान का वैरा और आडूरी में बिना किसी कानूनी प्रक्रिया के जिन धार्मिक स्थलों को तोड़ा गया, उनसे स्थानीय और आसपास के सभी धर्मों के लोगों की गहरी आस्था जुड़ी हुई थी. इसके विरोध में जब 25 जून 2026 को पूगल में एक बैठक की गई, तो लोगों ने बताया कि इस कार्रवाई से पूरे क्षेत्र में भय का माहौल है। प्रशासन इन स्थलों को ढहाने के लिए इस तरह पुलिस, बंदूकें, हथियार और डंडे लेकर पहुंचा जैसे कि वहां कोई आतंकवादी छुपे हुए हों। उन्होंने याद दिलाया कि देश की आजादी में मुसलमानों ने भी अपना पूरा योगदान दिया था।

उन्होंने स्थानीय राजनीति पर तंज कसते हुए कहा कि दिनाक 20.06.26 को हमारे धार्मिक स्थल शहीद किए गए और अगले ही दिन दिनाक 21.06.26 को योग दिवस के नाम पर खाजूवाला विधायक विश्वनाथ मेघवाल योग कर रहे थे। उन्हें और यहां के सांसद को सभी धर्मों के लोगों ने वोट दिए थे, लेकिन इस दमनकारी कार्रवाई पर भाजपा के न तो विधायक ने और न ही सांसद ने कोई आवाज उठाई। मेघवाल ने कहा कि आज लोगों की धार्मिक भावनाओं को जानबूझकर ठेस पहुंचाई जा रही है, संविधान को कमजोर करने की कोशिश की जा रही है और आरक्षण के नाम पर मजाक किया जा रहा है। बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर ने संविधान में सभी को बराबर का दर्जा दिया था और कहा था कि जिस दिन जनता ने अपने वोट की ताकत पहचान ली, उस दिन भ्रष्टाचारी लोग वोट के लिए तरसेंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव में भाजपा के लोग भोली-भाली जनता को बरगलाते हैं और हिंदू-मुस्लिम के नाम पर वोट बटोरते हैं, जिसके कारण आज देश के बड़े व्यापार और संसाधनों पर भाजपा और आरएसएस से जुड़े लोगों का कब्जा हो चुका है। यह सब अपनी 'गोदी मीडिया' के बल पर किया जा रहा है, जो जनता को सिर्फ वही दिखाती और सुनाती है जो सरकार के पक्ष में हो। अपने भाषण के अंत में मेघवाल ने जनता से भावुक अपील करते हुए कहा कि भाजपा हमें मंदिर-मस्जिद के मुद्दों में उलझाकर, जातिवाद में बांटकर वोट हासिल करना चाहती है, लेकिन हमें उनके इस जाल में नहीं फंसना है। हमें एकजुट होकर सभी धर्मों के धार्मिक स्थलों को तोड़े जाने का कड़ा विरोध करना होगा और बीकानेर की सदियों पुरानी गंगा-जमुनी तहजीब व एकता का परिचय देना होगा। आगे कोई भी धार्मिक स्थल न गिराया जाए, यह हमें ही अपनी एकता के बल पर सुनिश्चित करना है। **महापड़ाव के माध्यम से मुख्यमंत्री को प्रेषित प्रमुख मांगें:** इस विशाल सभा के बाद जिला कलेक्टर के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति, माननीय मुख्यमंत्री, राजस्थान सरकार को एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा गया।



## रोटरी क्लब ने 201 'अनसुने नायकों' का किया सम्मान, सेवा अभियान के साथ नए सत्र की शुरुआत




**दौसा (हुक्मनामा समाचार)।** रोटरी क्लब दौसा ने नए रोटरी वर्ष 2026-27 का आगाज सेवा और सम्मान के संकल्प के साथ किया। क्लब ने बुधवार को 'समाज के अनसुने नायक (ठ्ठ्ठह्वठ्ठद ॥द्गह्म्श्रद्गह्य)' सम्मान अभियान चलाकर विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत 201 कर्मयोगियों का सम्मान किया और समाज के प्रति उनके योगदान को नमन किया।कार्यक्रम की शुरुआत गणेश मंदिर में भगवान गणेश के दर्शन एवं पूजा-अर्चना से हुई। इसके बाद रोटरी क्लब के सदस्य शहर के विभिन्न स्थानों पर पहुंचे और समाज की सेवा में निरंतर जुटे कर्मयोगियों को रोटरी का दुपट्टा, प्रतीक चिन्ह एवं सम्मान-पत्र भेंट कर सम्मानित किया।क्लब के कोषाध्यक्ष पीयूष खंडेलवाल ने बताया कि इस वर्ष टीम संकल्प का ध्येय वाक्य 'स्वयं से पहले सेवा... सेवा से परिवर्तन... और परिवर्तन से प्रगति' रखा गया है। इसी संकल्प के साथ रोटरी वर्ष के पहले दिन सेवा एवं सम्मान का विशेष अभियान चलाया गया।अभियान के तहत जिला अस्पताल के नर्सिंग स्टाफ एवं स्वास्थ्यकर्मियों, रेलवे स्टेशन के सफाई कर्मचारियों, जयपुर विद्युत वितरण निगम (जेवीवीएनएल) के विद्युतकर्मियों, गौशाला सेवकों, ट्रैफिक पुलिस, अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों सहित विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत उन कर्मयोगियों का सम्मान किया गया, जो बिना किसी अपेक्षा के समाज की सेवा में दिन-रात जुटे रहते हैं।रोटरी क्लब के अध्यक्ष मनीष खंडेलवाल ने कहा कि समाज के ये अनसुने नायक अपने कर्तव्यनिष्ठ कार्यों से आमजन का जीवन सुरक्षित, सुगम और व्यवस्थित बनाते हैं। उनका सम्मान करना समाज के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का एक छोटा-सा प्रयास है।

## रक्तदान शिविर में 71 यूनिट रक्त संग्रह

**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** मानव सेवा के संकल्प के साथ रोटरी क्लब बीकानेर, रोटरी क्लब मरुधरा, रोटरी क्लब आद्या एवं इनरव्हील क्लब बीकानेर के संयुक्त तत्वावधान में आज रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 71 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। विशेष बात यह रही कि बड़ी संख्या में महिलाओं ने भी उत्साहपूर्वक रक्तदान कर समाज के प्रति अपनी संवेदनशीलता और सेवा भावना का परिचय दिया। शिविर का शुभारंभ पास्ट डिस्ट्रिक्ट गवर्नर अनिल माहेश्वरी, वरिष्ठ रोटेरियन शशि मोहन मुंधड़ा एवं आगामी डिस्ट्रिक्ट गवर्नर मनीष तापड़िया ने दीप प्रज्वलित कर किया। रोटरी क्लब बीकानेर के अध्यक्ष प्रवीण गुप्ता ने कहा, 'रक्तदान महादान है। एक यूनिट रक्त किसी जरूरतमंद को नया जीवन दे सकता है।

## डॉक्टर्स डे पर डॉक्टर का सम्मान अभिनंदन




**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** अन्तरराष्ट्रीय राष्ट्रीय स्तर पर विशेष दिन को खास बनाने की परंपरा काफी वर्षों से चल रही है । चिकित्सा के क्षेत्र में डॉक्टरों द्वारा दिए गए निस्वार्थ योगदान, बलिदान और कड़ी मेहनत का विशेष दिन 'डॉक्टर्स डे' डॉ. बिधान चंद्र रॉय के सम्मान में यह परंपरा साल 1991 से आयोजन किया जा रहा है। टीम नेशन फर्स्ट फाउंडेशन डॉक्टर्स डे पर लगातार पिछले 5 वर्षों से बीकानेर के चिकित्सकों का सम्मान करते आई है। आज डॉक्टर्स डे स्पेशल मे बीकानेर के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ योगेंद्र चौधरी एवं ट्रोमा सेंटर के डॉ. एल. के. कपिल का शाल माला पहनाकर अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर अभिनंदन पत्र के साथ सजीव पौधा भेंट किया गया। आज के दिन को विशेष बनाने के लिए टीम नेशन फर्स्ट फाउंडेशन के संस्थापक दिलीप गुप्ता, पंकज कंसल, प्रकाश सामसुखा जैन, सुनील कंसल, गोविंद चौधरी, महिला विंग से मुस्कान खत्री, शीतल योगी, एसएमएस दिव्यांग सेवा संस्थान के अध्यक्ष मंजू गुलगुलिया, उपाध्यक्ष लक्ष्मण रामावत, मंजू बैद एवं सोशल मीडिया एक्टिविस्ट शाकिर हुसैन चौपदार सहित आदि कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

## जर्जर सड़कों की मरम्मत की मांग को लेकर दौसा विधायक के नेतृत्व में नगर कांग्रेस का प्रदर्शन, मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

**दौसा (हुक्मनामा समाचार)।** शहर एवं विधानसभा क्षेत्र की जर्जर सड़कों की शीघ्र मरम्मत की मांग को लेकर बुधवार को नगर कांग्रेस कमेटी ने दौसा विधायक डी.सी. बैरवा एवं नगर कांग्रेस अध्यक्ष घनश्याम शर्मा के नेतृत्व में जिला कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि जल्द सड़क मरम्मत का कार्य शुरू नहीं हुआ तो जनहित में आंदोलन किया जाएगा।ज्ञापन में बताया गया कि पिछले दो वर्षों में हुई भारी बारिश तथा विभिन्न विभागों द्वारा पाइपलाइन बिछाने के लिए की गई खुदाई के कारण शहर और विधानसभा क्षेत्र की अधिकांश सड़कें बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुकी हैं। जगह-जगह बने गड्ढों से आमजन, वाहन चालकों, विद्यार्थियों और व्यापारियों को रोजाना परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मानसून के दौरान दुर्घटनाओं की आशंका को देखते हुए सड़कों की तत्काल मरम्मत कराना जरूरी है।इस दौरान दौसा विधायक डी.सी. बैरवा ने कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान उनकी पहली प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि दौसा शहर और ग्रामीण क्षेत्र की अधिकांश सड़कें उखड़ चुकी हैं, जिससे लोगों को भारी परेशानी हो रही है। उन्होंने बताया कि इस मुद्दे को सरकार और संबंधित विभाग के समक्ष प्रमुखता से उठाया गया है तथा सड़क मरम्मत कार्य शीघ्र शुरू कराने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आमजन को बेहतर सड़क सुविधा उपलब्ध कराना सरकार की जिम्मेदारी है और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।नगर कांग्रेस अध्यक्ष घनश्याम शर्मा ने आरोप लगाया कि बारिश के बाद हर वर्ष होने वाला पैचवर्क और सड़क मरम्मत पिछले दो वर्षों से नहीं कराया गया है। इसके चलते नगर परिषद और सार्वजनिक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) की अधिकांश सड़कें बदहाल हो चुकी हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन देकर शीघ्र कार्रवाई की मांग की गई है। यदि इसके बाद भी कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया तो नगर कांग्रेस जनता के हित में आंदोलन करने को मजबूर होगी।ज्ञापन कार्यक्रम में नगर कांग्रेस के पदाधिकारी, पार्षद, वरिष्ठ कांग्रेसजन, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।



*आंगनबाड़ी केंद्रों पर 'खिलौना बैंक' 'प्रवेशोत्सव एवं वृक्षारोपण' कार्यक्रम का आयोजन*

## शासन सचिव पूनम ने गौतमनगर केंद्र पर किया खिलौना बैंक का शुभारम्भ

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** 3-6 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शाला पूर्व शिक्षा उपलब्ध कराने हेतु महिला एवं बाल विकास विभाग के आईसीडीएस निदेशालय द्वारा बुधवार, 01 जुलाई 2026 को प्रदेशभर के आंगनबाड़ी केंद्रों पर 'खिलौना बैंक ', 'प्रवेशोत्सव एवं वृक्षारोपण' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसी क्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग की शासन सचिव श्रीमती पूनम ने जयपुर स्थित गौतमनगर आंगनबाड़ी केंद्र पर खिलौना बैंक का शुभारम्भ किया। शासन सचिव ने नव प्रवेश पाने वाले बच्चों का तिलक लगवाकर स्वागत करवाया तथा नव बच्चों को प्रवेश किट दिए। उन्होंने बच्चों के साथ खेल-आधारित गतिविधियों में सहभागिता की। उन्होंने खिलौना बैंक के लिए बच्चों को खिलौने भेंट किए और बच्चों के साथ बैठकर पेंटिंग बनवाई। उन्होंने बच्चों को पेंटिंग किट और टॉफी-चॉकलेट भी वितरित किये और आत्मीय संवाद स्थापित किया तथा उनका उत्साहवर्धन किया। शासन सचिव पूनम ने इस दौरान नव प्रवेश वाले बच्चों के आंगनबाड़ी केंद्र पर उपस्थित अभिभावक से भी बातचीत की और उन्हें बच्चों के अच्छे भविष्य निर्माण हेतु प्रोत्साहित किया। उन्होंने आंगनबाड़ी केन्द्र परिसर में पौधारोपण भी किया। शासन सचिव ने प्रवेशोत्सव के अवसर पर नवप्रवेशित बच्चों का स्वागत कर उन्हें आनंददायक, सुरक्षित एवं खेल-आधारित वातावरण उपलब्ध कराने पर बल दिया गया। इस दौरान वहां उपस्थित अतिरिक्त निदेशक (शिशु) डॉ. प्रीति पंवार ने भी बच्चों को खिलौने भेंट किये और वृक्षारोपण किया। उल्लेखनीय है कि अभियान के तहत प्रदेश के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर आज बुधवार को 'खिलौना बैंक' स्थापित किए गए हैं। वहीं प्रदेश के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर 'प्रवेशोत्सव' मनाया गया जिसमें 3-6 आयुवर्ग के छूटे हुए बच्चों का आंगनबाड़ी में पंजीकरण किया गया। कार्यक्रम प्रदेशभर में जनप्रतिनिधि, अधिकारी, पंचायती राज प्रतिनिधि, स्वयंसेवी संस्थाएँ, अभिभावक व बच्चों की उपस्थिति में आयोजित हुए। खिलौना भेंटकर्ताओं को विभाग की ओर से 'धन्यवाद-पत्र' प्रदान किया गया। कार्यक्रम के उपरान्त केंद्रों व आसपास वृक्षारोपण किया गया।



## दौसा में यातायात पुलिस का विशेष अभियान

**दौसा (हुक्मनामा समाचार)।** जिला पुलिस दौसा की यातायात शाखा द्वारा 4 जून से 30 जून तक विशेष अभियान चलाकर यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान मॉडिफाइड वाहनों, अवैध लाल-नीली बत्ती, प्रेशर हॉर्न, काली फिल्म, नियम विरुद्ध नंबर प्लेट तथा वाहनों पर अनाधिकृत शब्द व चिन्ह लिखवाने वालों के खिलाफ व्यापक स्तर पर कार्रवाई की गई।


### आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वाहन सं. आर जे 23 के.एस.9045 जो स्वर्गीय श्री राजेन्द्र सिंह चोहान पुत्र श्री राम सिंह चोहान, नि.दो नंबर डिस्पेंसरी के पास, देवीपुरा रोड, जिला सीकर के नाम पंजिकृत है कि मृत्यु दिनांक 07-11-2024 को होने के कारण अपनी पत्नी मधु कंवर ने वाहन को अपने नाम कराने हेतू इस कार्यालय में आवेदन किया है, इस सम्बन्ध में किसी व्यक्ति / संस्थान को कोई आपत्ति हो तो 7 दिवस में इस कार्यालय में सूचित करें।

**जिला परिवहन अधिकारी**
**सीकर (राज.)**

### कार्यालय ग्राम पंचायत-पावटा
**पंचायत समिति गंगापुर सिटी जिला सवाई माधोपुर (राज.)**

क्रमांक : ग्रा.प./2026-27/37-43 दिनांक : 10.06.2026

**ई-निविदा सूचना संख्या-PAWATA-01/2026-2027**

**सूचना**

ग्राम पंचायत पावटा पंचायत समिति गंगापुर सिटी जिला सवाई माधोपुर में ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग के आदेशानुसार ग्राम पंचायत पावटा में ग्रामीण विकास/पंचायतीराज की विभिन्न योजना एसएफसी, एफएफसी, VB-G-RAM-G एवं अन्य योजना में स्वीकृत विभिन्न निर्माण कार्यो हेतु सामग्री आपूर्ति हेतु GST में पंजीकृत सक्षम अनुभव प्राप्त फर्मों को सामग्री आपूर्ति हेतु वस्तु एवम् सेवा कर में पंजीकृत विक्रेताओं निविदादाता से उक्त कार्य के लिए ई-टेंडरिंग प्रक्रिया में निविदाये आमंत्रित की जाती है निविदा सम्बंधित विवरण वेबसाइट https://sppp. rajasthan.gov.in, https://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

**NIB-**ZSM2627A0184

**UBN-**ZSM2627GLRC00229

**प्रशासक** — **ग्राम पंचायत-पावटा**
**ग्राम विकास अधिकारी** — **ग्राम पंचायत-पावटा**

### कार्यालय नगर परिषद, सवाई माधोपुर-राज.

ID-swmnagarpalika@yahoo.com, Ph No. -07462 220515

**क्रमांक: न.प.स.मा./भू.शा./2026-27/4667** **दिनांक : 01.07.2026**

**आपत्ति आमन्त्रण सूचना**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित आवेदकों ने आवासीय से व्यवसायिक भू-उपयोग परिवर्तन चाहने हेतु आवेदन प्रस्तुत किये हैं। जिसका विवरण निम्न प्रकार है-

| क्र. सं. | नाम | पत्रावली विषय | भूखण्ड सं. | खसरा नं./योजना का नाम | राजस्व ग्राम | साईज |
| --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- |
| 1. | श्रीमती संतोष देवी लखेरा पत्नी श्री मदन मोहन | आवासीय से व्यवसायिक रूपान्तरण हेतु | 35 | 1244/1 | आलनपुर | 144.44 वर्गगज |
| 2. | श्री मदन मोहन लखेरा पुत्र श्री बृजमोहन लाल | आवासीय से व्यवसायिक रूपान्तरण हेतु | 36 | 1244/1 | आलनपुर | 144.44 वर्गगज |

अत: किसी को इस विषय में कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति लिखित में मय सबूत के जो इस मामले से सम्बन्धित है, इस सूचना प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के अन्दर-अन्दर इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। अन्यथा उक्त अवधि के समाप्ति के पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। उक्त सूचना आज दिनांक 01.07.2026 को मेरे हस्ताक्षर द्वारा जारी की गई।

**आयुक्त-नगर परिषद, सवाईमाधोपुर**

### कार्यालय नगर परिषद, सवाई माधोपुर-राज.

ID-swmnagarpalika@yahoo.com, Ph No. -07462 220515

**क्रमांक: न.प.स.मा./भू.शा./2026-27/4575** **दिनांक : 01.07.2026**

**आपत्ति आमन्त्रण सूचना**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित आवेदकों ने आवासीय से व्यवसायिक भू-उपयोग परिवर्तन चाहने हेतु आवेदन प्रस्तुत किये हैं। जिसका विवरण निम्न प्रकार है-

| क्र. सं. | नाम | पत्रावली विषय | भूखण्ड सं. | खसरा नं./योजना का नाम | राजस्व ग्राम | साईज |
| --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- |
| 1. | श्रीमती कृष्णा गुप्ता पत्नी श्री महेश चन्द गुप्ता | आवासीय से व्यवसायिक रूपान्तरण हेतु | 4, 5, 11, 12, 13 | 1171, 1178/1 1179, 1180 | आलनपुर | 650.55 वर्गगज |

अत: किसी को इस विषय में कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति लिखित में मय सबूत के जो इस मामले से सम्बन्धित है, इस सूचना प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के अन्दर-अन्दर इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। अन्यथा उक्त अवधि के समाप्ति के पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। उक्त सूचना आज दिनांक 01.07.2026 को मेरे हस्ताक्षर द्वारा जारी की गई।

**आयुक्त-नगर परिषद, सवाईमाधोपुर**

### कार्यालय ग्राम पंचायत-गांवली
**पंचायत समिति-आंधी, जिला-जयपुर**

क्रमांक: ग्रा.पं.गां./निविदा/2026-27/458 दिनांक : 01.07.2026

**ई-निविदा सूचना /2026-27**

पंचायत समिति आंधी के अधीन ग्राम पंचायत गांवली में स्वीकृत निर्माण कार्य के लिए ऑनलाइन निविदा आमन्त्रित की जाती है, जिसकी लागत राशि 10.00 लाख रुपये है एवं जिसकी अंतिम 08.07.2026 को 01.00 पीएम तक है।

विस्तृत जानकारी http://sppp.rajasthan.gov.in पर देखी एवं DOWNLOAD/ की जा सकती है।

**NIB Code : ZJP2627A0380**

**UBN Code : ZJP2627WSRC00770**

**ग्राम विकास अधिकारी** — **ग्राम पंचायत-गांवली** — **पंचायत समिति-आँधी**
**प्रशासक** — **ग्राम पंचायत-गांवली** — **पंचायत समिति-आँधी**

## सहकार सप्ताह एवं कृषक सम्मान दिवस समारोह

# किसान जैविक तथा प्राकृतिक खेती पद्धतियों को अधिक से अधिक अपनाएं : जिला कलक्टर

**पीएम सूर्यघर योजना के लिए सहकारी बैंकों के माध्यम से भी ऋण उपलब्ध**

**सवाई माधोपुर (हुक्मनामा समाचार)।** जिला कलक्टर काना राम ने किसानों से जैविक तथा प्राकृतिक खेती पद्धतियों को अधिक से अधिक अपनाने आगामी फसल सीजन में उन्नत बीज और खाद का उपयोग करने का आह्वान किया है। उन्होंने खरीफ फसल सीजन में रसायनिक खादों की सीमित उपलब्धता की स्थिति को ध्यान में रखते हुए प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने का सुझाव दिया। उन्होंने सहकारी समितियों और खाद-बीज विक्रेताओं से भी जैविक खेती के उत्पाद किसानों को उपलब्ध कराने का आग्रह किया।

जिला कलक्टर बुधवार को सहकारिता विभाग की ओर से आयोजित सहकार सप्ताह के शुभारम्भ और कृषक सम्मान दिवस समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने इस अवसर पर जिला तथा ग्राम सेवा सहकारी समितियों से अपने खाद-बीज काउंटरों पर उन्नत खाद और बीज बेचने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि आगामी दिनों में बारिश के तुरन्त बाद कृषि आदानों की मांग बढ़ेगी और इस माहौल में सहकारी समितियों के प्रबंधकों और किसानों को अमानक बीज और घटिया खाद की बिक्री के प्रति सचेत रहना होगा।

काना राम ने सहकारिता और कृषि अधिकारियों से कहा कि सहकार सप्ताह के दौरान आम लोगों को प्रगतिशील खेती-किसानी के प्रति जागरूक करने और अधिक से अधिक किसानों को सहकारिता से जोड़ने के प्रयास किए जाए।

इस अवधि में सहकारी समितियां अपने सदस्य संख्या बढ़ाएं और नई ग्राम सेवा सहकारी समितियों का गठन हो। उन्होंने



कहा कि जिन सहकारी समितियों के पास कस्टम हायरिंग केन्द्र खुले हैं, वहां उपलब्ध कृषि उपकरणों का अधिकाधिक उपयोग करने के लिए सदस्य किसानों को प्रोत्साहित करें। ऐसा करने से समितियों के राजस्व में बढ़ोत्तरी होगी और उपकरणों का सही उपयोग हो पाएगा।

# परमवीर चक्र विजेता अब्दुल हमीद की जयंती पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा ने दी श्रद्धांजलि

**चूरू (हुक्मनामा समाचार)।** परमवीर चक्र विजेता शहीद वीर अब्दुल हमीद की जयंती पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा की ओर से पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ के निवास पर बुधवार को श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वीर अब्दुल हमीद के अद्वितीय साहस और देश के प्रति उनके सर्वोच्च बलिदान को याद करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में भाजपा जिला उपाध्यक्ष भास्कर शर्मा ने वीर अब्दुल हमीद को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि देश की आन, बान और शान की रक्षा के लिए वीर अब्दुल हमीद ने अपना सर्वोच्च बलिदान देकर भारतीय सेना के इतिहास में प्रमुख स्थान बनाया है। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता अख्तर खान ने कहा कि सभी कार्यकर्ताओं ने वीर अब्दुल हमीद के



आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि वर्ष 1965 के भारत-पाक युद्ध में वीर अब्दुल हमीद ने अदम्य साहस का परिचय देते हुए दुश्मन के पैटन टैंकों को ध्वस्त कर भारतीय सेना का मनोबल बढ़ाया। उनकी वीरता और शहादत आने वाली पीढ़ियों को सदैव राष्ट्रभक्ति की प्रेरणा देती रहेगी। खान ने बताया कि 8 सितंबर 1965 को पाकिस्तानी टैंकों का काफिला आगे बढ़ रहा था। उस समय वीर अब्दुल हमीद ने अपनी जीप से सटीक निशाना साधकर दुश्मन के पहले पैटन टैंक को ध्वस्त कर दिया।

# व्यापार महासंघ ने चिकित्सालय की व्यवस्थाओं की समीक्षा की

### डॉक्टर्स डे पर चिकित्सकों का किया सम्मान

**फुलेरा (हुक्मनामा समाचार)।** व्यापार महासंघ फुलेरा का एक शिष्टमंडल बुधवार को राजकीय उप जिला चिकित्सालय के प्रभारी डॉ. धर्मेंद्र भामू से पुनः मिला। प्रतिनिधिमंडल ने पिछले सप्ताह हुई बैठक में रात्रिकालीन चिकित्सीय सेवाओं को सुदृढ़ एवं व्यवस्थित करने सहित विभिन्न मुद्दों पर हुई चर्चा के बाद अब तक हुए कार्यान्वयन की समीक्षा की। महासंघ अध्यक्ष मनोज आहूजा ने बताया कि चिकित्सालय में अब रात्रि के समय रोस्टर प्रणाली के तहत विशेषज्ञ चिकित्सकों की ड्यूटी लगाना शुरू कर दिया गया है। बैठक में अस्पताल में वरिष्ठ रेडियोलॉजिस्ट एवं सोनोलॉजिस्ट का पद सृजित कराने, नगरपालिका से नवीन चिकित्सालय भवन के लिए भूमि का पट्टा प्राप्त कर निर्माण कार्य शुरू कराने तथा डेप्युटेशन पर जयपुर में कार्यरत डॉ. पराचिता नंदकानी को पुनः फुलेरा में पदस्थापित करने की मांग भी उठाई गई। चिकित्सालय प्रशासन ने बताया कि तीन पर्ची काउंटर संचालित हैं, जिनकी नियमित मॉनिटरिंग की जाती है। साथ ही पानी के टैंकों की समय-समय पर सफाई तथा शौचालयों की प्रत्येक घंटे सफाई सुनिश्चित करने पर भी चर्चा हुई। आंख, नाक एवं गला (ईएनटी) संबंधी जांच और उपचार के लिए आवश्यक उपकरण उपलब्ध कराने हेतु विभाग को पत्र भेजे जाने की जानकारी भी दी गई।

## ग्रामीण सेवा शिविर में दो भाइयों का वर्षों पुराना जमीन विवाद सुलझा

**डीग (हुक्मनामा समाचार)।** ग्रामीण सेवा शिविर-2026 के तहत उपखंड सीकरी की ग्राम पंचायत सिहावली में आयोजित शिविर के दौरान दो भाइयों के बीच वर्षों से चला आ रहा जमीनी विवाद मौके पर ही सुलझा दिया गया। महारायपुर निवासी हारून और सुबाना पुत्र भुल्लु की कृषि भूमि ग्राम खेड़ला छज्जू एवं दानियालपुर खेड़ा में संयुक्त रूप से दर्ज थी, जिसके बंटवारे को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था। शिविर में मामला सामने आने पर तहसीलदार सीकरी के निर्देशन में राजस्व अधिकारियों ने दोनों पक्षों की समझाइश की। आपसी सहमति बनने पर राजस्व टीम ने तत्काल कृषि भूमि के सहमति विभाजन के आदेश जारी कर दिए। बिना मुकदमेबाजी और अदालत के चक्कर लगाए विवाद का समाधान होने पर दोनों भाइयों ने राहत जताई तथा मुख्यमंत्री और राज्य सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया।

## बच्चियों के लिए आधुनिक लाइब्रेरी का हुआ उद्घाटन

**रतनसरा (हुक्मनामा समाचार)।** तहसील की पंचायत रतनसरा में एक वृहद 'ग्रामीण सेवा शिविर' का आयोजन किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों की स्थानीय समस्याओं का मौके पर ही त्वरित निस्तारण करना तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे आमजन तक पहुँचाना रहा। शिविर में कुल 22 महत्वपूर्ण सरकारी विभागों के अधिकारियों



एवं कर्मचारियों ने अपनी सक्रिय भागीदारी दर्ज कराई। शिविर के दौरान एक महत्वपूर्ण ऐतिहासिक पहल के रूप में, ग्राम पंचायत प्रशासन की ओर से शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 'बच्चियों की विशेष डिजिटल लाइब्रेरी' का उपस्थित उच्चाधिकारियों द्वारा फीता काटकर लोकार्पण किया गया। अधिकारियों ने ग्राम पंचायत के इस दूरदर्शी कदम की सराहना करते हुए कहा कि यह लाइब्रेरी ग्रामीण क्षेत्र की बालिकाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी और उच्च शिक्षा के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करने में मील का पत्थर साबित होगी। शिविर के दौरान विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाकर ग्रामीणों के राजस्व मामले, आधार कार्ड, पेंशन, पेयजल, विद्युत, और स्वास्थ्य संबंधी प्रकरणों की गंभीरता से जनसुनवाई की गई एवं अनेक मामलों का मौके पर ही निस्तारण सुनिश्चित किया गया। आयोजित शिविर में मुख्य अतिथि एवं वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों के रूप में एडीपीएस मीनू वर्मा, उपखंड अधिकारी मिथिलेश कुमार, नायब तहसीलदार किशनलाल पूनिया, सहायक विकास अधिकारी दिलीप सोनी तथा गिरदावर संजय जोशी उपस्थित रहे।

# बलारा ने राष्ट्रीय कार्यशाला में बढ़ाया राजस्थान का मान

## गुरु तेग बहादुर की बलिदान गाथा अब पहुंचेगी स्कूल-स्कूल में

**सीकर (हुक्मनामा समाचार)।** गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी वर्ष के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक स्रोत एवं प्रशिक्षण केंद्र (सीसीआरटी) नई दिल्ली की ओर से आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला में सीकर जिले के शिवलाल बलारा ने राजस्थान का प्रतिनिधित्व कर जिले का नाम रोशन किया।

'पाठ्यचर्या शिक्षण में सांस्कृतिक तत्व' विषय पर आयोजित इस कार्यशाला में देशभर के 20 राज्यों से आए 97 जिला संदर्भ व्यक्तियों (डीआरपी) ने हिस्सा लिया।कार्यशाला के समापन समारोह में क्षेत्राधिकारी मिथुन दत्ता ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इसके बाद उपनिदेशक डॉ. राहुल कुमार ने स्वागत उद्बोधन देते हुए सभी प्रतिभागियों का अभिनंदन किया। उन्होंने डिजिटल जिला



रिपोजिटरी परियोजना में डीआरपी के योगदान की सराहना करते हुए बताया कि अब इन 'राष्ट्रीय सांस्कृतिक राजदूतों' को अपने-अपने जिलों के स्कूलों में कार्यशालाएं आयोजित करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है, ताकि भारतीय सांस्कृतिक विरासत, राष्ट्रीय मूल्यों और संवैधानिक आदर्शों का व्यापक प्रसार किया जा सके।सीसीआरटी के निदेशक पप्पुंजय कुमार ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में डीआरपी के समर्पित कार्यों की मुक्तकंठ से प्रशंसा की। उन्होंने सभी से आह्वान किया कि वे अपने जिलों में स्कूल स्तरीय कार्यशालाओं का सफल आयोजन करें और राज्य शिक्षा विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर सीसीआरटी की गतिविधियों को और अधिक प्रभावी बनाएं।इससे पूर्व केंद्रीय संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत और इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र के अध्यक्ष राम बहादुर राय ने सीसीआरटी पहुंचकर गतिविधियों की जानकारी ली और श्रृंखलाबाद कार्यक्रम में शिरकत की।

## चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री की उच्च स्तरीय बैठक

# रिम्स का निर्माण कार्य मिशन मोड पर होगा, प्रदेश को मिलेगा बेहतर चिकित्सा संस्थान, ब्लड केन्द्रों में मानकों की अनियमितता पर होगी सख्त कार्रवाई

**संबंधित चिकित्सक का लाइसेंस निरस्त हेतु आरएमसी को भेजी जाएगी अनुशंषा**

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने कहा कि राजस्थान इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (रिम्स) का निर्माण कार्य मिशन मोड पर करें तथा सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में विकसित करें। उन्होंने कहा कि रिम्स के निर्माण कार्य की रूपरेखा तय करने की प्रक्रिया को समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए ताकि प्रदेश को शीघ्र एक अत्याधुनिक चिकित्सा संस्थान उपलब्ध हो सके। खींवसर बुधवार को आरएमएससीएल भवन में आयोजित उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने रिम्स की क्रियान्विति को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए रिम्स के आधारभूत ढ़ांचे, ओपीडी, ओटी, मानव संसाधन सहित आवश्यक स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर विस्तार से चर्चा की। साथ ही, एसएमएस में आईडीपी टॉवर एवं कार्डियोलॉजी टॉवर की भी समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि कार्यों को शीघ्र पूरा किया जाए। बैठक में प्रमुख शासन सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य गायत्री राठौड़ ने कहा कि रिम्स में कार्डियोलॉजी, न्यूरोलॉजी, गैस्ट्रोएंटेरोलॉजी, न्यूरोलॉजी, यूरोलॉजी, प्लास्टिक सर्जरी, एंडोक्राइनोलॉजी, नेफ्रोलॉजी, सीटीवीएस एवं ट्रांसप्लांट यूनिट जैसी सुपर स्पेशिलिटी सहित सभी प्रकार की चिकित्सा सुविधाएं मिलेंगी, उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि अकादमिक स्ट्रेक्चर एवं फैकेल्टी व्यवस्था की योजना को शीघ्र प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि राज्य के अन्दर संचालित राजकीय, गैर राजकीय एवं निजी ब्लड केन्द्रों का नियमित निरीक्षण किया जाए और मानक अनुरूप नहीं पाए जाने पर त्वरित कार्यवाही करते हुए लाइसेंस निरस्त एवं निलम्बित किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि सुरक्षित रक्त मरीजों को उपलब्ध हो, इसके लिए ब्लड केन्द्रों के कार्मिकों की ट्रेनिंग, ब्लड स्टोरेज सहित एसओपी की पालना सुनिश्चित करवाई जाए।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि जिन ब्लड केन्द्रों में गंभीर अनियमितता पाई जाती है तो संबंधित पंजीकृत चिकित्सक का लाइसेंस निरस्त करने के लिए आरएमसी को लिखा जाए। प्रमुख शासन सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य गायत्री राठौड़ ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि 5 जुलाई तक सभी सरकारी ब्लड केन्द्रों का निरीक्षण करें और आवश्यक कदम उठाएं। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रक आयुक्त डॉ. टी. शुभमंगला ने बताया कि प्रदेश में 286 ब्लड सेन्टर है, जिसमें से 69 ब्लड केन्द्रों में अनियमितता पाए जाने पर लाइसेंस निलम्बित किया गया है, जबकि 5 अन्य का लाइसेंस निरस्त किया गया है। उन्होंने राजहैल्थ पोर्टल के रियल टाइम डेटा की समीक्षा करते हुए कहा कि 10 जुलाई तक पोर्टल की शुरूआत कर दी जाए। ताकि पोर्टल के माध्यम से 1.23



लाख से अधिक स्वास्थ्य कार्मिकों का सेवा रिकॉर्ड एक क्लिक पर उपलब्ध हो सकेगा, जिससे रियल टाइम मॉनिटरिंग, पारदर्शिता, बेहतर प्रशासनिक व्यवस्था को बल मिलेगा। उन्होंने निर्देश दिए कि जिलों में अधिशेष डॉक्टर एवं नर्सिंग कार्मिकों को खाली पदों पर नियुक्त किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि चिकित्सा संस्थानों में उपकरणों के लिए विशेषज्ञ कार्मिकों की नियुक्ति की जाए ताकि मरीजों का समय पर स्वास्थ्य सुविधा का बेहतर लाभ मिल सके। बैठक में चिकित्सा शिक्षा आयुक्त बाबू लाल गोयल, आरयूएचएस के कुलगुरू प्रो. प्रमोद येवले, सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. दीपक माहेश्वरी, रिम्स के विशेषाधिकारी डॉ. अजीत सिंह शक्तावत, आरयूएचएस मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य एवं नियंत्रक डॉ. मोहनीश ग्रोवर, आरयूएचएस अधीक्षक डॉ. अनिल गुप्ता, निदेशक जनस्वास्थ्य डॉ. रवि प्रकाश शर्मा सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# एक नजर

## आईएएस डॉ. भंवर लाल को मिला अजमेर डिस्कॉम का अतिरिक्त जिम्मा, कार्मिक विभाग ने जारी किए आदेश

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान सरकार के कार्मिक विभाग ने एक आधिकारिक आदेश जारी करते हुए बिजली महकमे में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल किया है। राज्य सरकार ने जोधपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक और वरिष्ठ आईएएस अधिकारी डॉ. भंवर लाल को अब



अजमेर डिस्कॉम की भी कमान सौंप दी है। इस संबंध में कार्मिक विभाग के संयुक्त सचिव डॉ. धीरज कुमार सिंह के हस्ताक्षरों से एक आधिकारिक पत्र जारी किया गया है। **अजमेर विद्युत वितरण निगम के स्ष्ठ का संभालेंगे अतिरिक्त कार्यभार** – फाइल में दिए गए आदेश के अनुसार, जोधपुर डिस्कॉम के प्रबंध निदेशक डॉ. भंवर लाल (द्बस्) को अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ आगामी आदेशों तक अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड अजमेर के प्रबंध निदेशक के पद का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। राज्यपाल की आज्ञा से जारी इस आदेश की प्रतियां मुख्यमंत्री के अतिरिक्त मुख्य सचिव, राज्यपाल के सचिव, ऊर्जा विभाग के सचिव व डिस्कॉम्स के चेयरपर्सन सहित सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई हेतु भेज दी गई हैं। माना जा रहा है कि इस बदलाव से दोनों डिस्कॉम्स के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने और बिजली आपूर्ति से जुड़े प्रबंधन को अधिक सुदृढ़ बनाने में मदद मिलेगी।

### सीआईडी (इंटेलिजेंस) राजस्थान की बड़ी कार्रवाई

## पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई का फंडिंग एजेंट गिरफ्तार

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान पुलिस की सीआईडी (इंटेलिजेंस) शाखा ने पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए फंडिंग नेटवर्क संचालित करने वाले एक एजेंट को गिरफ्तार कर देश विरोधी गतिविधियों के एक महत्वपूर्ण नेटवर्क का पर्दाफाश किया है। गिरफ्तार आरोपी जासूसी गतिविधियों में शामिल व्यक्तियों तक आईएसआई की ओर से धनराशि पहुंचाने का काम करता था। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस इंटेलिजेंस, प्रफुल्ल कुमार ने बताया कि सीआईडी (इंटेलिजेंस) राजस्थान द्वारा गत जनवरी माह में शासकीय गुप्त बात अधिनियम, 1923 के तहत दर्ज प्रकरण में जैसलमेर निवासी झबरा राम तथा असम के डिब्रूगढ़ एयरफोर्स स्टेशन पर एमटीएस पद पर कार्यरत सुमित कुमार को भारतीय सेना से संबंधित गोपनीय सूचनाएं पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के हैंडलरों तक पहुंचाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। मामले की गहन जांच के दौरान सामने आया कि दोनों आरोपियों को आईएसआई की ओर से जासूसी के बदले धनराशि महाराष्ट्र के औरंगाबाद निवासी रफीक चांद शेख पुत्र चांद मियां शेख (41) निवासी हरसुल जिला औरंगाबाद (महाराष्ट्र) के माध्यम से भेजी गई थी। अनुसंधान को आगे बढ़ाते हुए सीआईडी (इंटेलिजेंस) ने रफीक चांद शेख से पूछताछ की, जिसमें खुलासा हुआ कि वह पिछले लगभग चार वर्षों से आईएसआई के एक हैंडलर के संपर्क में था। सोशल मीडिया के माध्यम से जुड़े इस नेटवर्क के निर्देश पर उसने अपने नाम तथा अन्य व्यक्तियों के नाम से अलग-अलग बैंक खाते खुलवाकर जासूसी गतिविधियों में शामिल लोगों तक धनराशि पहुंचाई। जांच में यह प्रमाणित होने पर कि रफीक चांद शेख पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी के फंडिंग एजेंट के रूप में कार्य कर रहा था, सीआईडी (इंटेलिजेंस) राजस्थान ने बीते 30 जून को उसे गिरफ्तार कर लिया। सीआईडी (इंटेलिजेंस) के अनुसार प्रकरण में अनुसंधान जारी है तथा आईएसआई के इस वित्तीय नेटवर्क से जुड़े अन्य व्यक्तियों एवं लेन-देन की भी गहन जांच की जा रही है।

## राजस्थान समान नागरिक संहिता, 2026 को लेकर जनसुनवाई कल

**चूरू (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान समान नागरिक संहिता, 2026 को लेकर शुक्रवार, 03 जुलाई, 2026 को सवेरे 09 बजे से जिला परिषद सभागार में जनसुनवाई आयोजित की जाएगी। एडीएम अर्पिता सोनी ने बताया कि राजस्थान समान नागरिक संहिता, 2026 को लेकर प्रदेश में प्रारूप समिति का गठन किया गया है। कमेटी के लिए जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा के निर्देशन में जिला परिषद सभागार में आयोजित जनसुनवाई में सवेरे 09 बजे से सवेरे 11.15 बजे तक आमजन के सुझाव/ अभ्यावेदन सुने जाएंगे। इस दौरान आमजन, निर्वाचित जनप्रतिनिधिगण, विभिन्न धार्मिक संस्थाओं के प्रतिनिधिगण, सामाजिक विज्ञान और कानून/विधि पृष्ठभूमि वाले गणमान्य शिक्षाविद्, सामाजिक क्षेत्र में कार्य कर रहे गैर सरकारी संगठनों के प्रतिनिधि, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि (ईसीआई द्वारा मान्यता प्राप्त) आदि राजस्थान समान नागरिक संहिता को लेकर अपने सुझाव व अभ्यावेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि इस दौरान राजस्थान समान नागरिक संहिता, 2026 को लेकर प्रारूप समिति सदस्य डॉ शुचि चौहान भी वीसी के जरिए जुड़कर शुक्रवार, 03 जुलाई को सवेरे 11.15 बजे से दोपहर 12.30 बजे आमजन के सुझावों को लेकर चर्चा करेंगे।

## राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान : तीन दिन में 1.99 लाख से अधिक बच्चों को पिलाई गई 'दो बूंद जिंदगी की'

**हनुमानगढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** जिले में 28 जून से प्रारंभ हुए राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का समापन मंगलवार को हुआ। अभियान के अंतिम दिन स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने घर-घर जाकर 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियोरोधी दवा पिलाई। तीन दिवसीय अभियान के दौरान जिले में कुल 1 लाख 99 हजार 464 बच्चों को 'दो बूंद जिंदगी की' पिलाकर पोलियो से सुरक्षित किया गया।



मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नवनीत शर्मा ने बताया कि अभियान के दूसरे एवं तीसरे दिन स्वास्थ्यकर्मियों ने घर-घर भ्रमण कर उन बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई, जो बूथ दिवस पर किसी कारणवश दवा से वंचित रह गए थे। अभियान के दौरान जिलेभर में लगभग 11,780 पोलियो वैक्सीन वायल का उपयोग किया गया। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत जिले में निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध 78.70 प्रतिशत बच्चों को पोलियोरोधी दवा पिलाई जा चुकी है। शेष छूटे हुए बच्चों तक भी पहुंच सुनिश्चित करने के लिए विभाग आवश्यक फॉलोअप कर रहा है।

## नायरा कम्पनी ने पेट्रोल पर 5 रुपए व डीजल पर 3 रुपए कम किये,बयाना में अब पेट्रोल 112.82 व डीजल 97.63 पर मिलेगा

**बयाना (हुक्मनामा समाचार)।** बयाना नायरा एनर्जी ने पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कमी की घोषणा की है। कंपनी ने पेट्रोल के दाम में 5 रुपए प्रति लीटर और डीजल में 3 रुपए प्रति लीटर की कटौती की है। पेट्रोल पंप संचालकों के मुताबिक इस कटौती के बाद, बयाना में पेट्रोल की कीमत 112.82 रुपए और डीजल की कीमत 97.63 रुपए प्रति लीटर हो गई है। नायरा एनर्जी के देश भर में 7 हजार से अधिक पेट्रोल पंप हैं, जो कुल बाजार का लगभग 7% हिस्सा कवर करते हैं। कंपनी की नई दरें देशभर में लागू हो गई हैं। हालांकि, विभिन्न राज्यों में स्थानीय करों और मूल्य वर्धित कर (वैट) की दरों में अंतर के कारण हर शहर में खुदरा कीमतों में थोड़ा भिन्नता देखने को मिल सकती है।

## जेल से पहुंचे तीनों भाई रहे मौजूद

# डकैत जगन गुर्जर का पुलिस सुरक्षा के बीच हुआ अंतिम संस्कार

**धौलपुर (हुक्मनामा समाचार)।** बाड़ी उपखंड क्षेत्र के भवूतीपुरा गांव में बुधवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच पूर्व दस्यु जगन गुर्जर का अंतिम संस्कार किया गया। दो दिन पहले अजमेर हाई सिक्योरिटी जेल में हुई हत्या के बाद आज सुबह उनका शव पैतृक गांव भवूतीपुरा पहुंचा। अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए जेल में बंद तीनों भाइयों को पुलिस कस्टडी में लाया गया। पूरे गांव और श्मशान घाट पर भारी पुलिस बल तैनात रहा। मुखाग्नि बेटे आसाराम ने दी। सुबह करीब साढ़े सात बजे जगन का शव गांव पहुंच गया था। गांव में 9 थानों (सोने का गुर्जा, बाड़ी सदर, बाड़ी कोतवाली, बसई डांग, कंचनपुर, निहालगंज, धौलपुर सदर, राजाखेड़ा, मनिया) की पुलिस तैनात रहीं। एएसपी श्रवण कुमार और सीओ महेंद्र कुमार खुद चप्पे-चप्पे पर नजर रख रहे थे।

जगन गुर्जर का अंतिम संस्कार होने के बाद डकैत पप्पू गुर्जर लाल सिंह और मानसिंह तीनों भाई जेल के लिए रवाना हो गए। डकैत पप्पू गुर्जर को कड़ी सुरक्षा के बीच अजमेर के लिए रवाना किया है। लाल सिंह और पान सिंह को धौलपुर जिला कारागार में भेजा गया। करीब दो दशक तक चंबल की वादियों में खौफ और आतंक का पर्याय रहा डकैत जगन गुर्जर का अध्याय समाप्त हो गया। हालांकि जगन की हत्या के बाद उसके भाई पप्पू गुर्जर और पुत्र आसाराम गुर्जर में भारी रोष



देखा जा रहा है। पप्पू गुर्जर ने कहा भाई जगन गुर्जर की हत्या के पीछे बड़ी साजिश रही है। जिस युवक पर हत्या के आरोप लग रहे हैं, वह जगन के कपड़े साफ करता था। इस मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। ज्ञात हो कि कुख्यात डकैत जगन गुर्जर की अजमेर हाई सिक्योरिटी जेल में सोमवार को हत्या कर दी गई थी। हत्या का आरोप भरतपुर के चर्चित गैंगस्टर कुलदीप जघीना हत्याकांड के आरोपी विष्णु जाट पर लगा है। विष्णु जाट और जगन गुर्जर एक की बैरक में थे। आरोप है कि विष्णु ने तौलिये से जगन गुर्जर का गला घोंटकर मार डाला। चंबल के बीहड़ों और भवुतीपुरा गांव की संवेदनशीलता को देखते हुए कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस ने अभूतपूर्व सुरक्षा इंतजाम किए थे। अंतिम संस्कार के दौरान पूरे इलाके में 500 से अधिक पुलिसकर्मियों और आरएसी की विशेष टुकड़ियों को तैनात किया गया था। किसी भी असामाजिक तत्व या संदिग्ध गतिविधि पर पैनी नजर रखने के लिए पूरे श्मशान घाट और चंबल किनारे के बीहड़ी रास्तों की ड्रोन कैमरों के जरिए एरियल निगरानी की जा रही थी।

### भाई पप्पू गुर्जर को अंतिम संस्कार के लिए मिली पैरोल

जगन गुर्जर के परिवार की एक मुख्य मांग यह भी थी कि जेल में बंद उसके भाई पप्पू गुर्जर को अंतिम विदाई में शामिल होने का मौका दिया जाए। प्रशासन ने इस मांग को स्वीकार करते हुए पप्पू गुर्जर को विशेष पैरोल मंजूर की। पप्पू गुर्जर को कड़ी पुलिस कस्टडी के बीच उसके पैतृक गांव भवुतीपुरा लाया गया ताकि वह अपने भाई जगन गुर्जर के अंतिम संस्कार की रस्मों में शामिल हो सके। इस दौरान गांव में सुरक्षा व्यवस्था बेहद चाक-चौबंद रखी गई है। मृतक जगन गुर्जर का सभी परिजनों की मौजूदगी में अंतिम संस्कार किया गया। विशेष तौर से अलग-अलग जेलों में बंद जगन के तीन भाई भी अंतिम संस्कार में मौजूद रहे। बता दें कि एक भाई पप्पू गुर्जर अजमेर जेल से धौलपुर, पजबकि दो अन्य भाई धौलपुर जेल से पहुंच।

## भारत के डिजिटल भविष्य के निर्माण में राजस्थान की महत्वपूर्ण भूमिका

# स्टार्टअप प्रोत्साहन के लिए सरकारी खरीद प्रक्रिया में अनुभव तथा न्यूनतम टर्नओवर बाधाएं समाप्त : भजनलाल

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत - विकसित राजस्थान 2047 के विजन को साकार करने के लिए राज्य में डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित किया जा रहा है। ई-गवर्नेंस के माध्यम से नागरिक केंद्रित सेवाओं में पारदर्शिता बढ़ी है, त्वरित सेवाओं से समय और लागत की बचत हो रही है। साथ ही, बेहतर रिकॉर्ड प्रबंधन और नीतिगत निर्णयों में मदद भी मिल रही है।

मुख्यमंत्री बुधवार को आरआईसी में 29वें राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस सम्मेलन के बाद राउण्ड टेबल वार्ता में उद्योग प्रतिनिधियों से संवाद कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि राजस्थान केवल पर्यटन और विरासत का ही प्रदेश नहीं, बल्कि भारत के डिजिटल भविष्य के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाला राज्य बन रहा है। यहां 100 से अधिक विश्वविद्यालय, लगभग 4 हजार कॉलेज हैं। प्रतिवर्ष ढाई लाख से अधिक युवा कॉलेज की पढ़ाई पूरी कर रोजगार के लिए तैयार होते हैं, ये हमारी सबसे बड़ी




ताकत हैं। उन्होंने कहा कि आईस्टार्ट के माध्यम से प्रदेश में 8 हजार 700 से अधिक स्टार्टअप विकसित हुए हैं। जिनमें एक हजार करोड़ रुपये से अधिक का निवेश हुआ है तथा 48 हजार से अधिक प्रत्यक्ष रोजगार सृजित हुए हैं। हमारा उद्देश्य युवाओं की प्रतिभा को नवाचार, अनुसंधान और उद्यमिता से जोड़कर वैश्विक अवसर उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि एआई एक्सीलेंस सेंटर के माध्यम से उद्योग, स्टार्टअप, शिक्षण संस्थान तथा सरकार के बीच नवाचार आधारित साझेदारी को मजबूत किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि एसटीटी जीडीसी जैसी वैश्विक कंपनी ने जयपुर में एआई रेडी डेटा सेंटर स्थापित किया है। इसके साथ ही अनेक अग्रणी कंपनियां राजस्थान में निवेश कर रही हैं। राज्य को डेटा सेंटर क्षेत्र में 43 हजार करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं, जिनमें एसटीटी जीडीसी, एचजी एकाया, नायो बोल्ट तथा ज्टूडियम जैसी कंपनियां शामिल हैं। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार बिजली, भूमि उपलब्धता, सिंगल विंडो क्लियरेंस तथा उद्योग-अनुकूल नीतियों के माध्यम से राजस्थान को भारत का पसंदीदा एआई एवं डेटा सेंटर निवेश गंतव्य बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। राजस्थान एआई, डेटा सेंटर, जीसीसी, ड्रोन तथा जियो स्पेशियल क्षेत्रों में देश की सबसे प्रगतिशील नीतियों पर कार्य कर रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रीन एनर्जी की उपलब्धता, कम परिचालन लागत तथा पारदर्शी एवं उद्योग-अनुकूल प्रशासन हमारी प्रमुख प्रतिस्पर्धात्मक शक्तियां हैं।

उन्होंने उद्यमियों से आह्वान किया कि वे राजस्थान को केवल निवेश का केंद्र नहीं, बल्कि अनुसंधान, नवाचार, रोजगार सृजन और भविष्य की तकनीकों के विकास का साझेदार बनाएं। मुख्यमंत्री को राउण्ड टेबल वार्ता में उद्योग प्रतिनिधियों एवं विशेषज्ञों ने एआई, डेटा सेंटर, क्लाउड, क्वांटम कम्प्यूटिंग, सेमीकंडक्टर तथा स्टार्टअप इको सिस्टम से जुड़े सुझाव प्रस्तुत किए। इस अवसर पर सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़, संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल, मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास, शासन सचिव सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार रवि कुमार सुरपुर, उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के उच्चाधिकारी सहित टेक कंपनियों के उद्योग प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### शासन सचिव, वित्त (राजस्व) ने किया राजस्थान संपर्क पोर्टल (181) का निरीक्षण

**जयपुर।** राज्य सरकार द्वारा आमजन को त्वरित राहत प्रदान करने और लोक सेवाओं को पूरी संवेदनशीलता के साथ अंतिम छोर तक पहुँचाने के संकल्प के तहत शासन सचिव,वित्त (राजस्व) विभाग श्री कुमार पाल गौतम ने राजस्थान संपर्क पोर्टल (181) का निरीक्षण किया।

इस अवसर पर शासन सचिव ने आबकारी, पंजीयन एवं मुद्रांक तथा वाणिज्यिक कर विभाग से जुड़े मामलों की समीक्षा की और अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कुमार पाल गौतम ने राजस्थान संपर्क को सरकार तथा आमजन के बीच की कड़ी बताते हुए इसे एक सकारात्मक सुधार के अवसर के रूप में लेते हुए निर्देश दिए कि '181 पोर्टल' केवल शिकायत सुनने भर का माध्यम नहीं है, बल्कि यह आमजन के चेहरे पर मुस्कान लाने का जरिया है।

## डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जन्म जयन्ती समारोह

### मुख्य सचिव ने की 'प्रेरणा पखवाड़ा' के अंतर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम की शुरूआत



**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने बुधवार को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जन्म जयन्ती समारोह के उपलक्ष्य में 1 जुलाई से आरंभ हुए 'प्रेरणा पखवाड़ा' के अंतर्गत राजस्थान विश्वविद्यालय के कन्वोकेशन सेंटर परिसर में किये वृक्षारोपण कार्यक्रम की शुरूआत की। इस अवसर पर अपने उद्बोधन में वी. श्रीनिवास ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी द्वारा राष्ट्र निर्माण में दिए गये योगदान पर प्रकाश डालते हुए उनके 'एक राष्ट्र- एक विधान' सिद्धांत तथा इस हेतु किये गये संघर्ष से अवगत कराया। मुख्य सचिव द्वारा उपस्थित अधिकारियों एवं कार्मिकों को वृक्षारोपण तथा वृक्षों के संरक्षण की शपथ भी दिलाई गई। शान्ति एवं अहिंसा निदेशालय के निदेशक अजय असवाल ने बताया कि 1 जुलाई के वृक्षारोपण कार्यक्रम में मुख्य सचिव महोदय की सिंगल कमांड पर लगभग 350 पौधे एक साथ लगाये गये। पूरे पखवाड़े चलने वाले विभागीय आयोजनों में आधुनिक भारत के शिल्पी, दूरदर्शी राष्ट्रवादी, शिक्षाविद, भारत की औद्योगिक और संस्थागत नींव को आकार देने वाले तथा एकीकृत भारत के पुरोधा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की विरासत को वर्तमान पीढ़ी तक पहुँचाया जायेगा।

### विद्यार्थियों की सुरक्षा और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए एसीएस ने दिए निर्देश

**जयपुर।** प्रारम्भिक शिक्षा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री राजेश कुमार यादव ने बुधवार को शासन सचिवालय में राज्यभर के सरकारी विद्यालयों की सुरक्षा, आधारभूत सुविधाओं, नामांकन, पाठ्यपुस्तकों की उपलब्धता तथा जर्जर विद्यालय भवनों की स्थिति की समीक्षा के लिए बैठक आयोजित की। अतिरिक्त मुख्य सचिव यादव ने कहा कि प्रदेश के सभी सरकारी विद्यालय खुल चुके हैं। ऐसे में प्रत्येक जिले में जर्जर एवं असुरक्षित विद्यालय भवनों का पुनः सर्वे कराया जाए तथा विद्यार्थियों के बैठने की सुरक्षित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। यदि किसी विद्यालय भवन में सुरक्षा संबंधी समस्या हो तो तत्काल वैकल्पिक व्यवस्था की जाए। जिस भवन में विद्यार्थियों को स्थानांतरित किया जाए, उसकी भी तकनीकी जांच कर सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि आवश्यकता होने पर निकटवर्ती राजकीय विद्यालय अथवा अन्य सुरक्षित भवन का उपयोग किया जाए। यदि विद्यार्थियों को दूसरे विद्यालय में भेजना पड़े तो उनके लिए सुरक्षित परिवहन की व्यवस्था की जाए, जिसका व्यय राज्य सरकार वहन करेगी।

## मुख्य सचिव ने सड़क सुरक्षा को लेकर हितधारक विभागों के साथ ली समीक्षा बैठक

# सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए जवाबदेह होकर करें कार्य : मुख्य सचिव

**जयपुर, (हुक्मनामा समाचार)।** मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास की अध्यक्षता में बुधवार को शासन सचिवालय में आयोजित राज्य स्तरीय बैठक में सड़क सुरक्षा परिदृश्य तथा हितधारक विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने, दुर्घटनाओं के कारणों का वैज्ञानिक विश्लेषण करने तथा विभिन्न विभागों के मध्य प्रभावी समन्वय स्थापित कर परिणामोन्मुखी कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।



मुख्य सचिव ने कहा कि राज्य सड़क सुरक्षा समिति उच्च स्तरीय समिति है। इसकी नियमित बैठकें होना अत्यंत आवश्यक है। इन बैठकों के माध्यम से सड़क सुरक्षा के क्षेत्र में नीति स्तर पर प्रभावी निर्णय लिए जाएं तथा उनके परिणाम धरातल पर परिलक्षित हों। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को केवल आंकड़ों तक सीमित न रखकर प्रत्येक दुर्घटना का विश्लेषण कर जवाबदेही तय की जानी चाहिए। मुख्य सचिव ने दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर दौसा जिले में हुई बस दुर्घटना का विशेष उल्लेख करते हुए कहा कि दुर्घटना के कारणों की सभी पहलुओं से जांच की जाए। उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों को दुर्घटना की विस्तृत समीक्षा कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि जिला कलक्टर द्वारा गठित संयुक्त जांच दल दुर्घटना से जुड़े सभी पहलुओं की जांच करेगा। जांच में बस में आग लगने के कारण, दुर्घटना के बाद राहत एवं बचाव कार्य, घायलों को अस्पताल पहुंचाने में एम्बुलेंस की उपलब्धता, पुलिस, अग्निशमन एवं अन्य आपातकालीन सेवाओं के रिस्पॉन्स टाइम सहित प्रत्येक बिंदु का परीक्षण किया जाए।

**आपातकालीन प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने के निर्देश-**

मुख्य सचिव ने कहा कि किसी भी सड़क दुर्घटना की स्थिति में एम्बुलेंस, पुलिस, अग्निशमन एवं अन्य आपातकालीन सेवाओं की त्वरित उपलब्धता सुनिश्चित करना सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि दुर्घटना के बाद इमरजेंसी रिस्पॉन्स सिस्टम की प्रभावशीलता का नियमित मूल्यांकन किया जाए तथा प्रत्येक दुर्घटना के उपरांत विस्तृत विश्लेषणात्मक रिपोर्ट तैयार की जाए।

# शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री ने ऑनलाइन विशेष जनसुनवाई में सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने बुधवार को शासन सचिवालय स्थित पंचायती राज सभागार से प्रदेश की छह ग्राम पंचायतों में ऑनलाइन विशेष जनसुनवाई कर आमजन की समस्याओं को गंभीरता से सुना तथा अधिकारियों को संवेदनशीलता और तत्परता के साथ उनका शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान पंचायती राज विभाग के राज्य मंत्री श्री ओटाराम देवासी भी उपस्थित रहे।

जनसुनवाई के दौरान ग्रामीणों से सीधे संवाद करते हुए




मंत्री दिलावर ने कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकता है कि आमजन की समस्याओं का समयबद्ध, पारदर्शी एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित हो। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक परिवाद का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कर आमजन को राहत पहुंचाई जाए। विशेष जनसुनवाई में कुल 121 परिवाद प्राप्त हुए। इनमें कोटा जिले की असकली ग्राम पंचायत से 13, अजमेर जिले की सांपला से 10, उदयपुर जिले की ओबराकला से 16, झालावाड़ जिले की कोटड़ी से 40, सीकर जिले की हथौरा ग्राम पंचायत से 27 तथा जालौर जिले की बांदनवाडी ग्राम पंचायत से 15 परिवाद शामिल रहे। झालावाड़ जिले की कोटड़ी ग्राम पंचायत से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का लाभ नहीं मिलने संबंधी 7 परिवाद प्राप्त हुए। इस पर मंत्री दिलावर ने जिला कलक्टर से दूरभाष पर चर्चा कर आवश्यक कार्रवाई करते हुए सभी लंबित भुगतान शीघ्र कराने के निर्देश दिए। इसी ग्राम पंचायत की भगत बहन की पिछले छह माह से रुकी वृद्धावस्था पेंशन का मामला भी जनसुनवाई में सामने आया। मंत्री के निर्देश पर परिवादी का वार्षिक सत्यापन एवं आय घोषणा पत्र तैयार कर मौके पर ही पेंशन पुनः प्रारंभ कराई गई।



# राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस पर भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष गंगाराम पारीक के नेतृत्व में चिकित्सकों एवं नर्सिंग स्टाफ का किया सम्मान

**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी नोखा शहर मंडल अध्यक्ष गंगाराम पारीक के नेतृत्व में भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने बागड़ी जिला अस्पताल पहुंचकर चिकित्सकों एवं नर्सिंग स्टाफ का पुष्पगुच्छ भेंट कर, केक काटकर उनका सम्मान किया तथा स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति उनके समर्पण और मानव सेवा के लिए आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील बोथरा के नेतृत्व में डॉ. किशन चौहान, डॉ. एम.एल. पिलानिया, डॉ. जयनारायण बिश्नोई, डॉ. विनोद घोड़ेला, डॉ. सुमित माचरा, डॉ. अमित चौहान, डॉ. एस.एल. धारणिया, डॉ. इंदु बाला, डॉ. अमित बंसल सहित समस्त चिकित्सकों एवं नर्सिंग स्टाफ का सम्मान किया गया। नर्सिंग स्टाफ की ओर से बस्तीराम सहित चिकित्सा विभाग की पूरी टीम उपस्थित रही। भाजपा बीकानेर देहात जिला उपाध्यक्ष महेश झंवर ने कहा कि चिकित्सक और नर्सिंग स्टाफ मानव सेवा के सच्चे प्रहरी हैं, जो विपरीत परिस्थितियों में भी पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ समाज की सेवा करते हैं।

वहीं शहर मंडल अध्यक्ष गंगाराम पारीक ने कहा कि चिकित्सकों एवं नर्सिंग कर्मियों का सम्मान करना समाज का नैतिक दायित्व है और उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता।

कार्यक्रम में नोखा नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष निर्मल भूरा, पूर्व मंडल अध्यक्ष सूरजराम सूरजमल उपाध्याय, पूर्व पार्षद प्रतिनिधि मोडाराम सिवर, उपाध्यक्ष पुखराज पंचारिया, निर्मल चोपड़ा, मंत्री हेमंत जोशी, सुरेश गहलोत, नरेंद्र चौहान, समाजसेवी धनराज गोलछा, पूर्व पार्षद मंगलाराम वाल्मीकि, सोशल मीडिया प्रभारी देवकिशन पंडित, राज पारीक, विष्णु पारीक, छत्रपाल सिंह, हार्दिक सहित भाजपा के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के अंत में सभी चिकित्सकों एवं नर्सिंग कर्मियों को राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ देते हुए उनके सेवा, समर्पण एवं मानवता के प्रति अमूल्य योगदान को नमन किया गया।




# बीकानेर में पुलिसकर्मी ने की आत्महत्या क्वार्टर में फंदे से लटका मिला शव

**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** शहर के बीछवाल थाना इलाके में पुलिस उपनिरीक्षक ने फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली है।हालांकि आत्महत्या के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है।जानकारी के अनुसार पुलिस कॉलोनी स्थित अपने फ्लैट में सीआईडी क्राइम ब्रांच के उपनिरीक्षक श्रवण विश्नोई ने फांसी का फंदा लगाकर ईहलीला समाप्त कर ली।बताया जा रहा है कि जयपुर में पदस्थापित श्रवण अभी बीकानेर आएं हुए थे।उनकी पत्नी की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को उतारकर पीबीएम अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया है।बीछवाल थानाधिकारी दिगपाल सिंह ने बताया कि श्रवण बिश्नोई के परिजनों ने उन्हें फोन पर घटना की जानकारी दी थी।घटना के समय सीआई की पत्नी और एक बेटा घर पर ही मौजूद थे।श्रवण की बॉडी के पास अभी तक किसी तरह का सुसाइड नोट नहीं मिला है।मामले में जांच की जा रही है। इस बीच पुलिस कॉलोनी में रहने वाले पुलिस अफसर सहित अन्य कर्मचारी भी फ्लैट पहुंचे और घटना की जानकारी ली। **छुट्टी पर आए थे बीकानेर** जानकारी के अनुसार,मूल रूप से कोलायत के रहने वाले श्रवण लंबे समय तक बीकानेर में ही एसीबी में कार्यरत थे। उनका ट्रांसफर कुछ समय पहले ही जयपुर में सीआईडी सीबी में हुआ था।इसके बाद उन्होंने बीकानेर ट्रांसफर के लिए काफी प्रयास भी किए थे,लेकिन उन्हें फिर से बीकानेर में पोस्टिंग नहीं मिल सकी। **22 वर्षीय युवक ने फंदा लगाकर की आत्महत्या** जिले के पूगल थानान्तर्गत एक युवक द्वारा फंदा लगाकर आत्महत्या की है।सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई के बाद परिजनों को सौंप दिया।पुलिस के अनुसार मृतक की भोपाल गढ़ जोधपुर निवासी 22 वर्षीय श्रवण था। मृतक के भाई शेर सिंह पुत्र चैन सिंह ने पुलिस को दी रिपोर्ट में बताया कि श्रवण सिंह ने घर में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली।घटना की सूचना पर थानाधिकारी के निर्देशन में पुलिस टीम मौके पर पहुंची।

# नोखा में दिनदहाड़े घर में घुसे युवक को संदिग्ध हालत में लोगों ने पकड़ा

**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** बीकानेर जिले के नोखा कस्बे में बुधवार को दिनदहाड़े चोरी की कोशिश का मामला सामने आया। पंचारिया चौक स्थित सुथारो की बास स्तिथ राजकीय बालिका स्कूल के सामने एक मकान में चोरी की नीयत से घुसे एक युवक को स्थानीय लोगों ने पकड़ लिया। लोगों ने युवक को मकान के अंदर ही बंद कर पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को हिरासत में लेकर थाने ले गई। जानकारी के अनुसार, मकान में किराए पर रह रहे छगनलाल नाई ने पुलिस को घटना की सूचना दी। आरोप है कि युवक घर के ताले तोड़कर अंदर घुसा था। आसपास के लोगों को संदेह होने पर उन्होंने मौके पर पहुंचकर युवक को पकड़ लिया और पुलिस के आने तक उसे बाहर नहीं निकलने दिया। युवक नशे किस्म का बताया जा रहा। घटना की सूचना फैलते ही मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। इस दौरान युवक का वीडियो भी किसी ने बना लिया, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। फिलहाल पुलिस युवक से पूछताछ कर रही है। प्रारंभिक तौर पर मामला चोरी की नीयत से घर में घुसने का बताया जा रहा है। पुलिस पूरे घटनाक्रम की जांच में जुटी हुई है। थाने में युवक ने बताया कि उसने नशा कर लिया जिसके कारण उसे पता नहीं वह घर में घुस गया।

# अर्पण सेवा फाउंडेशन एवं कारगिल डिफेंस एकेडमी द्वारा 'युवा पर्यावरण संवाद' कार्यक्रम आयोजित



**खैरथल (हुक्मनामा समाचार)।** पर्यावरण संरक्षण और युवाओं को प्रकृति के प्रति संवेदनशील बनाने के उद्देश्य से 'अर्पण सेवा फाउंडेशन' एवं 'कारगिल डिफेंस एकेडमी' के संयुक्त तत्वावधान में एक भव्य 'युवा पर्यावरण संवाद' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए अर्पण सेवा फाउंडेशन के 'आओ बने पंछी मित्र' अभियान के संयोजक ओम यादव ने फाउंडेशन के पर्यावरण आयामों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि संस्था द्वारा सघन वन (मियावाकी), नक्षत्र-नवग्रह वाटिका, हर्बल वाटिका के साथ-साथ पक्षियों के लिए नि:शुल्क परिंडे, पक्षी घर और चुग्गा घर वितरण का कार्य निरंतर किया जा रहा है। **पर्यावरण संरक्षण का 'सात-पी' मंत्र** कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पर्यावरण गतिविधि जयपुर प्रांत प्रमुख घनश्याम जी ने युवाओं को पर्यावरण संरक्षण का 'चार पी' मंत्र (पेड़, पानी, प्लास्टिक, पंछी) दिया। साथ ही, उन्होंने युवाओं से तीन अन्य 'पी'—पर्सनल (स्वयं से शुरुआत), पब्लिक (सामाजिक सहभागिता) और प्रोफेशनल —को जीवन में अपनाने का आह्वान किया। **वृक्ष कथा' ने युवाओं को किया प्रेरित** कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रांत पर्यावरण संयोजक श्रीमान अशोक जी ने अपनी अनूठी 'वृक्ष कथा' और कविताओं के माध्यम से पेड़ों के निस्वार्थ योगदान और प्रकृति के प्रति मानवीय कर्तव्यों का मार्मिक चित्रण किया, जिसने उपस्थित सभी युवाओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

# शहर कांग्रेस अध्यक्ष की पुत्रवधु को दिया नियम विरूद्ध पदोन्नति का लाभ

**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** पहले से ही विवादों के घेरे में घिरे बीकानेर तकनीकी विवि एक बार फिर सतासीन लोगों के निशाने पर आ गया है।जिसके चलते अब कार्यकर्ता अपनी ही सरकार की कार्यप्रणाली पर दबी जुबान प्रश्न उठाने लगे है। मामला पदोन्नति से जुड़ा है। जिसमें नियमों के विपरित जाकर कु लपति ने सहायक आचार्य को पदोन्नत कर दिया।जबकि जिस सहायक आचार्य को पदोन्नत किया गया है,उसने कोर्ट में वाद दायर कर रखा है। फिर भी उसको पदोन्नति का लाभ देना कही न कही विवि के कार्य प्रणाली को संदेह के घेरे में डालती है। शहर कांग्रेस अध्यक्ष की पुत्रवधु है इंदु मजे की बात तो यह है कि जिस सहायक आचार्य को कुलपति ने पदोन्नत किया है।वह शहर कांग्रेस अध्यक्ष मदन गोपाल मेघवाल की पुत्रवधु है।हालांकि पदोन्नति एक प्रक्रिया होती है।किन्तु जिस प्रकार से उन्हें पदोन्नति दी गई है।उस पर सवाल उठ रहे है।बताया जा रहा है कि इंदु भूरिया अभियांत्रिकी महाविद्यालय बीकानेर में सहायक आचार्य के पद पर कार्यरत है।2024 में इंदु ने उच्च न्यायालय जोधपुर में अपने प्रमोशन के लाभ लेने के लिए एक केस नं 4485/2024 दर्ज करवाया जो वर्तमान लंबित हैं।इसी दौरान बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय के कुलपति ने बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय के संघटक सहायक आचार्यों को पदोन्नति का लाभ दिया,परंतु कुलपति एवं कुलसचिव ने बोर्ड ऑफ मैनेजमेन्ट की मीटिंग में यह निर्णय लिया कि पदोन्नति का लाभ उन्हीं सहायक आचार्यों को दिया जाएगा।जिन पर या जिनके द्वारा कोई कोर्ट केस नहीं हो। ऐसे में अपने ही निर्णय के विपरित जाकर कुलपति द्वारा इंदु को पदोन्नति का लाभ सतासीन समर्थकों को अखरने लगा है।वे अपने ही नेताओं पर अंगुलियां उठा रहे है।एक नेता ने अपना नाम न छापने की शर्ते पर कहा कि इससे स्पष्ट हैं कि किस तरह भाजपा की सरकार में भी कांग्रेसियों के कार्य भी वरियता से किए जा रहे हैं ।

# श्रीडूंगरगढ़ पुलिस की कार्रवाई दो जुआरियों को पकड़ा

**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** बीकानेर जिले में श्रीडूंगरगढ़ थाना पुलिस ने बुधवार को सुबह दस बजे के करीबन मुख्य बाजार टैक्सी स्टैंड पर (झंडी मंडी) गोटियों से जुआ खेलते दो लोगों को गिरफ्तार कर किया गया। एएसआई सुरेश कुमार गुर्जर की टीम ने आज सूचना के बाद मुख्य बाजार में टैक्सी स्टैंड पर राज कुमार पुत्र ओम प्रकाश अरोड़ा 59 साल निवासी सादुल शहर श्रीगंगानगर, भागीरथ पुत्र पूर्णनाथ सिद्ध 43 साल निवासी दूसारना पुलिस थाना सेरूणा को मौके से दबोच कर पुलिस थाने ले जाया गया। आरोपियों के कब्जे से तीन प्लास्टिक की गोटिया एवं 4500 रुपए नगदी जब्त किया। आरोपियों के खिलाफ 13 आरपीजीओ के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

# 10 साल पुराने चेक बाउंस मामले में आरोपी बरी परिवादी साक्ष्य पेश करने में रहा नाकाम

**पीलीबंगा (हुक्मनामा समाचार)।** अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट पीलीबंगा के न्यायाधीश अजयदीप सिंह ने करीब दस वर्ष पुराने चेक अनादरण (चेक बाउंस) के एक मामले में महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए आरोपी राजेन्द्र पुत्र हरीराम निवासी मालेर, तहसील सूरतगढ़, जिला श्रीगंगानगर को संदेह का लाभ देते हुए दोषमुक्त कर दिया। न्यायालय ने माना कि परिवादी अपने आरोपों के समर्थन में आवश्यक मौखिक और दस्तावेजी साक्ष्य प्रस्तुत करने में पूरी तरह विफल रहा। मामला मैसर्स किसान ट्रैक्टर्स कंपनी की ओर से वर्ष 2016 में दायर परिवाद से जुड़ा था। परिवाद में आरोप लगाया गया था कि आरोपी ने पुराने ट्रैक्टर का ऋण चुकाने और नए ट्रैक्टर की शेष राशि के भुगतान के लिए 3.50 लाख रुपये का ऋण लिया था। भुगतान के लिए आरोपी ने 1 जून 2016 को एक्सिस बैंक, पीलीबंगा का 3.50 लाख रुपये का चेक दिया, जो खाते में पर्याप्त राशि नहीं होने के कारण बाउंस हो गया। इसके बाद विधिक नोटिस भेजने के बावजूद भुगतान नहीं होने पर परिवाद न्यायालय में दायर किया गया। सुनवाई के दौरान आरोपी ने सभी आरोपों से इनकार किया और कहा कि उसने परिवादी से कोई ऋण नहीं लिया। बचाव पक्ष ने यह भी तर्क दिया कि परिवादी की ओर से न तो कोई गवाह पेश किया गया और न ही चेक, बैंक मेमो, नोटिस, डाक रसीद या अन्य आवश्यक दस्तावेज न्यायालय में साक्ष्य के रूप में प्रदर्शित किए गए।

# आये दिन बिना सूचना के बिजली कटौती से आमजन परेशान विद्युत तंत्र को दुरस्त करने व सुचारू विद्युत आपूर्ति करने हेतु

**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** सामाजिक कार्यकर्ता चौरू लाल सुथार,निवासी सोनगिरि वेल,बीकानेर ने आये दिन विद्युत कटौती से आमजन को होने वाली भारी परेशानी से विद्युत विभाग के आला अधिकारियों व यहां के जिला प्रशासन का ध्यान आकर्षित कर अवगत किया है कि बीकानेर शहर में चाहे किसी भी मोहल्ले के फीडर हो वहां से विद्युत आपूर्ति बिना किसी सूचना के बंद हो जाती है। ऊपर से यह भीषण गर्मी का मौसम व साथ मे हमेशा बिजली कटौती आमजन की परेशानी का जबरदस्त कारण बनता जा रहा है। बिजली गुल होने के कारण रात को सो नही सकते व जिन घरों में इन्वर्टर नही है उनकी हालत क्या होती होगी ये यो वे ही जाने। सुथार ने बताया कि पहले बिजली की खपत इतनी ज्यादा नही थी जितनी अभी है कारण प्राय: प्राय: घरों में विद्युत उपकरणों का उपयोग बढ़ गया है जैसे फ्रीज,पंखे,कूलर,पानी की मोटरें व अब ए. सी.का उपयोग भी बढ़ता ही जा रहा है जिससे बिजली की खपत में इजाफा हुआ है । पूरे शहर को दी जा रही विद्युत सप्लाई के हिसाब से जितने फीडर स्थापित है हर फीडर ओवरलोडेड ही चल रहे है। फीडरों पर स्थापित पावर ट्रांसफार्मर्स की कैपेसिटी उस हिसाब से नही है जितनी बिजली खपत हो रही है इस कारण बार बार विद्युत आपूर्ति अप डाउन होती रहती है व बार बार ट्रिपिंग भी होती है। विद्युत विभाग के अधिकारियों को शहर में स्थापित सभी प्रकार की क्षमता के विद्युत ट्रांसफार्मरों में उपयोग में लिए जा रहे आयल को भी चेक करवाना चाहिए क्योंकि ट्रांसफार्मरों में अगर आयल कम होता है तो ट्रांसफॉर्मर के जलने का खतरा बढ़ जाता है व ऐसा होता भी है। जिसका सीधा सीधा असर उन उपभोक्ताओं पर पड़ता है जिनके फीडर का ट्रांसफार्मर आयल कम होने की वजह से जलता है। सुथार ने बताया कि बिजली के बार बार अप डाउन व ट्रिपिंग के कारण घरों में लगे उपकरण भी खराब होते है यही नही हाई वोल्टेज के कारण विद्युत उपकरण जल भी जाते है साथ ही सोलर सिस्टम में लगे हुए इन्वर्टर भी कई बार हाई वोल्टेज के कारण जल जाते है। जिससे सोलर से पैदा होने वाली बिजली भी बंद हो जाती है व इससे उपभोक्ता को भारी नुकसान उठाना पड़ता है। विद्युत फीडरों पर लगे ट्रांसफार्मरों की सही अर्थिंग नही होने के कारण भी लाइनों में वोल्टेज बढ़ जाता है जो परेशानी का कारण बनता है। अत: विद्युत विभाग के अधिकारियों से आग्रह है कि शहर में स्थापित सभी फीडरों का सर्वे करवाया जाकर अगर कही विद्युत खपत के अनुसार ट्रांसफार्मर कम क्षमता का है तो उसे तुरंत उच्च क्षमता का लगाने, प्रत्येक ट्रांसफार्मर के आयल की जांच करवाकर अगर आयल कम है तो आयल पूरा करने व हर ट्रांसफार्मर पर लगे इन्सुलेटर्स कि भी जांच की जावे ताकि अगर कोई इंसुलेटर क्षतिग्रस्त या बस्ट है तो उसे तुरंत बदला जावे व सभी ट्रांसफार्मर्स पर अर्थिंग सही प्रकार से की जावे ताकि विद्युत आपूर्ति बिना किसी अवरोध के चलती रहे। साथ ही जहां जहां विद्युत लाइन जो पुरानी व कमजोर हो गई है उन्हें भी तुरंत बदला जावे। बरसात के मौसम को ध्यान में रखते हुए सभी विद्युत खंभों पर लगे विद्युत के वायर की भी जांच की जावे ताकि अगर कोई वायर लोहे के विद्युत पोल से टच होता है तो इससे उस पोल में करंट आने का भी खतरा बना रहता है व इस प्रकार की कई घटनाओं ने कई बेजुबान पशुओं की जान भी ली है व किसी व्यक्ति के भी इसकी चपेट में आकर उसकी जान भी जा सकती है। विद्युत विभाग को उक्त सभी तरह के सुझाओ को मध्येनजर रखते हुए तुरंत अपेक्षित कार्यवाही अमल में लाने हेतु अपने सभी अधीनस्थ सब डिवीजन के अधिकारियों को सख्त निर्देश जारी करने चाहिए ताकि हो रही समस्या से निजात मिल सके व कोई अप्रिय घटना घटित होने से भी बच सके। इसके अलावा शहर में जिन जिन खंभों पर ए. सी.एस. आर.कंडक्टर लगे हुए है उनकी जगह बढ़िया क्वालिटी के इंसुलेटेड विद्युत कंडक्टर लगाए जावे ताकि विद्युत चोरी पर भी अंकुश लग सके व खुले तारों से एयर में हो रही विद्युत क्षीजत भी कम हो सके व साथ ही घरों व आम रास्तों पर लगे व्रक्षों के ऊपर से गुजरने वाले विद्युत तारों से करंट प्रवाहित नही होने से भी बचा जा सके। ये जानकारी चौरू लाल सुथार सामाजिक कार्यकर्ता सोनगिरि वेल,बीकानेर मो 9414080753 ने दी।

## एक नजर

### क्यूपिड लिमिटेड ने बढ़ाया राजस्व अनुमान, पहली तिमाही में 150 करोड़ से अधिक आय की उम्मीद

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** उपभोक्ता वेलनेस एवं पर्सनल केयर क्षेत्र की कंपनी क्यूपिड लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में 150 करोड़ से अधिक राजस्व दर्ज करने का अनुमान जताया है, जो कंपनी के अब तक के सबसे मजबूत तिमाही प्रदर्शन में शामिल होगा। बेहतर कारोबारी संभावनाओं को देखते हुए कंपनी ने पूरे वित्त वर्ष के लिए अपना राजस्व अनुमान 600 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 660 करोड़ रुपये से अधिक कर दिया है। कंपनी के अनुसार अंतरराष्ट्रीय बी2बी हेल्थकेयर बाजार, सरकारी खरीद, निजी क्षेत्र के ऑर्डर, पीएफएससीएम के साथ रणनीतिक साझेदारी, पुरुष एवं महिला कंडोम कारोबार, लुब्रिकेंट पोर्टफोलियो और पर्सनल केयर उत्पादों की बढ़ती मांग से कारोबार को मजबूती मिल रही है। चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक आदित्य कुमार हलवासिया ने कहा कि विविधीकृत कारोबारी मॉडल और वैश्विक अवसरों के कारण कंपनी मजबूत विकास की दिशा में आगे बढ़ रही है।

### टाटा.ईवी ने लॉन्च की नई सिएरा.ईवी, शुरुआती कीमत 18.79 लाख

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** टाटा.ईवी ने अपनी प्रतिष्ठित एसयूवी सिएरा.ईवी को भारतीय बाजार में लॉन्च कर दिया है। कंपनी के अनुसार यह इलेक्ट्रिक एसयूवी आधुनिक तकनीक, विशाल केबिन, बेहतर रेंज और दमदार प्रदर्शन के साथ प्रीमियम मिड-एसयूवी सेगमेंट में नया मानक स्थापित करेगी। सिएरा.ईवी की शुरुआती एक्स-शोरूम कीमत ?18.79 लाख रखी गई है। इसकी बुकिंग आज से शुरू हो गई है, जबकि ग्राहकों को डिलीवरी 15 जुलाई 2026 से मिलेगी। टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स लिमिटेड के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ शैलेश चंद्रा ने कहा कि सिएरा हमेशा नवाचार और प्रगति का प्रतीक रही है। नई सिएरा.ईवी उसी विरासत को आगे बढ़ाते हुए शानदार रियल-वर्ल्ड रेंज, स्मार्ट तकनीक, बेहतर आराम और हर तरह के रास्तों पर चलने की क्षमता के साथ ग्राहकों को प्रीमियम इलेक्ट्रिक एसयूवी का नया अनुभव प्रदान करेगी।

### फीचर्स नहीं, शानदार ड्राइविंग अनुभव के लिए पसंद की जा रही हैं ये पांच एसयूवी

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** भारतीय ऑटोमोबाइल बाजार में जहां अधिकांश एसयूवी अत्याधुनिक फीचर्स और बड़ी टचस्क्रीन पर केंद्रित हैं, वहीं कई ग्राहक अब भी बेहतरीन ड्राइविंग अनुभव और दमदार रोड परफॉर्मेंस को प्राथमिकता दे रहे हैं। इस श्रेणी में जीप कंपास अपनी सटीक स्टीयरिंग और उत्कृष्ट कंट्रोल के लिए पसंद की जाती है, जबकि जीप मेरिडियन लंबी दूरी की यात्रा में शानदार स्थिरता और हैंडलिंग प्रदान करती है। वहीं सिट्रोएन बेसाल्ट, सिट्रोएन एयरक्रॉस और सिट्रोएन सी3 भी आरामदायक राइड, संतुलित सस्पेंशन और बेहतर ड्राइविंग डायनेमिक्स के कारण ग्राहकों का ध्यान आकर्षित कर रही हैं। ऑटो विशेषज्ञों का मानना है कि आधुनिक फीचर्स के बावजूद वास्तविक ड्राइविंग अनुभव आज भी वाहन खरीदने के निर्णय में सबसे महत्वपूर्ण कारकों में शामिल है।

### विजिट दुबई ने संगीत के जरिए भारत-यूएई के सांस्कृतिक रिश्तों को दी नई मजबूती

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** दुबई कॉरपोरेशन फॉर टूरिज्म एंड कॉमर्स मार्केटिंग (विजिट दुबई) ने भारत और यूएई के बीच सांस्कृतिक संबंधों को मजबूत करने के उद्देश्य से भारतीय संगीतकार एवं गायक अनिरुद्ध रविचंदर और यूएई के गायक-संगीतकार अरकम अल अबरी को एक विशेष संगीत सहयोग के लिए एक मंच पर लाया है। दुबई के ऐतिहासिक और आधुनिक स्थलों पर फिल्माई गई यह प्रस्तुति भारतीय दर्शकों के साथ दुबई के मजबूत जुड़ाव को दर्शाती है। दुबई डिपार्टमेंट ऑफ इकोनॉमी एंड टूरिज्म के रीजनल डायरेक्टर (प्रॉक्सिमिटी मार्केट्स) बादेर अली हबीब ने कहा कि संगीत लोगों को जोड़ने का सबसे प्रभावी माध्यम है। यह साझेदारी दुबई की बहुसांस्कृतिक पहचान और रचनात्मक वातावरण को प्रदर्शित करती है तथा भारतीय पर्यटकों के साथ संबंधों को और मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है।

### डॉक्टर्स डे पर एईएसएल ने पूर्व छात्रों का किया सम्मान, 37 वर्षों की मेडिकल तैयारी की विरासत को किया रेखांकित




**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** नेशनल डॉक्टर्स डे के अवसर पर आकाश एजुकेशनल सर्विसेज़ लिमिटेड (एईएसएल) ने डॉक्टर बन चुके और एमबीबीएस के अंतिम चरण में अध्ययनरत अपने पूर्व छात्रों को सम्मानित किया। कार्यक्रम में जयपुर एवं आसपास के 10 एक्स-आकाशियंस शामिल हुए। एईएसएल ने बताया कि पिछले 37 वर्षों में उसने 8 लाख से अधिक छात्रों को मेडिकल प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी कराई है। पिछले 10 वर्षों में संस्थान के छात्रों ने 13 बार नीट ऑल इंडिया रैंक-1 हासिल की है, जबकि टॉप-10 में 64 प्रतिशत और टॉप-100 में 50 प्रतिशत स्थान प्राप्त किए हैं। रीजनल डायरेक्टर अखिलेश दीक्षित ने कहा कि यह आयोजन पूर्व छात्रों की उपलब्धियों का सम्मान करने और भावी डॉक्टरों को प्रेरित करने का प्रयास है। कार्यक्रम में वर्तमान नीट अभ्यर्थियों और अभिभावकों ने भी पूर्व छात्रों के अनुभवों से प्रेरणा ली।

### डॉक्टर्स डे और सीए डे पर 101 चिकित्सक एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट सम्मानित



**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** डॉक्टर्स डे एवं सीए डे के अवसर पर लायंस क्लब जयपुर डायमंड ने जेके लोन हॉस्पिटल ऑडिटोरियम में सम्मान समारोह आयोजित कर शहर के 101 चिकित्सकों एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट्स को उनके उत्कृष्ट योगदान और समाज सेवा के लिए सम्मानित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि फर्स्ट इंडिया न्यूज के सीईओ एवं मैनेजिंग एडिटर पवन अरोड़ा ने कहा कि चिकित्सक और चार्टर्ड अकाउंटेंट समाज व राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं तथा उनका सम्मान प्रेरणादायक पहल है। क्लब अध्यक्ष प्रीती सक्सैना ने बताया कि संस्था समाज सेवा और विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों को सम्मानित करने के लिए निरंतर कार्यरत है।

# कठूमर उपखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत खोखर में ग्रामीण सेवा शिविर में राजस्व संबंधी समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी समाधान

**कठूमर (हुक्मनामा समाचार)।** कठूमर उपखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत खोखर में राजस्थान सरकार द्वारा संचालित 'ग्रामीण सेवा शिविर '-2026 ग्रामीण नागरिकों की राजस्व संबंधी समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी समाधान का सशक्त माध्यम बनकर उभर रहा है। अभियान के अंतर्गत ग्राम खोखर में आयोजित शिविर में एक ऐसा प्रकरण सफलतापूर्वक निस्तारित किया गया, जिसने यह सिद्ध कर दिया कि राजस्व अभिलेखों की छोटी-सी त्रुटि भी नागरिक के अधिकारों एवं सरकारी सुविधाओं में बड़ी बाधा बन सकती है। ग्राम खोखर निवासी प्यारेलाल के राजस्व रिकॉर्ड में उनका नाम 'प्यारा' एवं जाति 'जाटव' दर्ज थी, जबकि आधार कार्ड, जन आधार, पहचान पत्र एवं अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेजों में उनका सही नाम 'प्यारेलाल' एवं जाति 'बैरवा' अंकित थी।

राजस्व अभिलेखों एवं अन्य दस्तावेजों में नाम एवं जाति की इस असमानता के कारण उन्हें विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने, दस्तावेजों के सत्यापन तथा भूमि संबंधी प्रशासनिक कार्यों में बार-बार कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था।

प्यारेलाल ने 01 जुलाई 2026 को राजीव गांधी सेवा केंद्र, ग्राम खोंखर में आयोजित 'ग्रामीण सेवा शिविर' में अपना प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत किया।

प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए शिविर प्रभारी श्याम सुंदर चेतीवाल, राजस्व अधिकारी एवं तहसीलदार कठूमर भानु प्रताप सिंह, ने इसे तत्काल गंभीरता से लिया और नायब तहसीलदार भनोखर नीतु पारीक, कानूनगो बलराम मीना तथा पटवारी नीरज कुमार से दस्तावेजो और राजस्व रिकॉर्ड की जाँच कर रिपोर्ट ली गयी। जांच में यह स्पष्ट हुआ कि राजस्व रिकॉर्ड में नाम अंकन के समय त्रुटिवश 'प्यारा' एवं जाति 'जाटव' दर्ज हो गयी थी।



## 'छात्रों की गूँज' का बिगुल, 40 दिनों तक चलेगा महाअभियान की शुरुआत

**सीकर (हुक्मनामा समाचार)।** हर कॉलेज, कोचिंग, लाइब्रेरी और हॉस्टल तक छात्रों की आवाज पहुँचाने के लिए 'छात्रों की गूँज' एक्शन कमेटी ने सीकर में बड़ा ट्रेनिंग कैंप आयोजित किया। यह अभियान अगले 40 दिनों तक चलेगा।युवा कांग्रेस के इस अभियान का नेतृत्व नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी कर रहे हैं। स्थानीय संयोजक हरीश कुमार काजला ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सरकार पर निशाना साधा।कार्यकर्ताओं ने तीन स्पष्ट माँगों को लेकर प्रशिक्षण शिविर में भाग लिया,केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को तुरंत बर्खास्त किया जाए।देश की परीक्षा व्यवस्था में व्यापक सुधार किए जाएं।वार्षिक परीक्षा एवं भर्ती कैलेंडर जारी किया जाए।काजला ने कहा कि कार्यकर्ता पूरे सीकर शहर में जाकर छात्रों को जागरूक करेंगे और इस मुद्दे को सड़क से संसद तक पहुँचाएंगे। इस दौरान बड़ी संख्या में छात्र नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## बापी ग्राम सेवा सहकारी समिति की व्यवस्थापक रामदास स्वामी को उत्कृष्ट कार्य हेतु सम्मान

**दौसा (हुक्मनामा समाचार)।** सहकारिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पैक्स) के प्रदर्शन मूल्यांकन, रैंकिंग एवं उन्हें बहुउद्देशीय एवं सशक्त संस्था के रूप में विकसित करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे PACS Ranking Framework के तहत बापी ग्राम सेवा सहकारी समिति को बेहतर प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया।इस अवसर पर ग्राम सेवा सहकारी समिति बापी की व्यवस्थापक रामदास स्वामी को सहकारिता क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रशंसा पत्र प्रदान किया गया।कार्यक्रम के दौरान दौसा जिला कलेक्टर एवं प्रशासक डॉ. सौम्या झा, केंद्रीय सहकारी बैंक के प्रबंध निदेशक रोहित सिंह, उप-रजिस्ट्रार सहकारी समितियां रामस्वरूप सिंह, तथा अधिशासी अधिकारी दौसा मनोज कुमार मान सहित अन्य अधिकारियों ने व्यवस्थापक के कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें सम्मानित किया।अधिकारियों ने कहा कि सहकारी समितियों को मजबूत एवं पारदर्शी बनाना सरकार की प्राथमिकता है। ऐसे में जमीनी स्तर पर बेहतर कार्य करने वाले कार्मिकों का सम्मान अन्य समितियों के लिए भी प्रेरणादायक है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि पैक्स फ्रेमवर्क के तहत समितियां भविष्य में और अधिक सशक्त एवं बहुउद्देशीय इकाइयों के रूप में विकसित होंगी। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों ने बापी ग्राम सेवा सहकारी समिति के कार्यों को सराहनीय बताते हुए कहा कि इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी तथा किसानों को सीधा लाभ प्राप्त होगा।

# राज्य सरकार को एसटी का प्रमाण-पत्र जारी करना पड़ेगा : रूपिद्र सिंह

**पदमपुर (हुक्मनामा समाचार)।** श्रीकरणपुर विधायक रूपिन्द्र सिंह कुन्नर ने विधानसभा पटल पर धानका समाज को एसटी का प्रमाण पत्र जारी करने का मुद्दा अनेकों बार पूर्व मंत्री स्वर्गीय गुरमीत सिंह कुन्नर के मार्गदर्शन पर उठाते हुए की धानका समाज को उनके मुल अधिकारों से वंचित सरकार नहीं कर सकती एसटी का प्रमाण पत्र जारी करना ही पड़ेगा , विधायक रूपिद्र सिंह कुन्नर ने श्रीकरणपुर विधानसभा से आये धानका समाज के 200 से अधिक व्यक्तियों को गांव 25 बीवी में संबोधित करते हुए कहा की धानक / धानका /धाणका एक ही है जिसे अलग-अलग समझने की भारी भुल सरकारे कर रही है ,जिसके कारण कई दशकों से उन्हे जायज मांग के लिए बार - बार संघर्ष करना पड़ रहा है । रूपिन्द्र सिंह कुन्नर ने कहा कि पूर्व मंत्री स्व: गुरमीत सिंह कुन्नर ने एसटी का प्रमाण पत्र जारी करने के तिए इस समाज का पक्ष मजबूती से विधानसभा में उठाया था और उनकी प्रेरणा से धानका समाज से इस लड़ाई को अंतिम सांस तक लड़ेंगे , आपने ( तथ्यों सहित धानक / धानका / धाणका के बावन गोतरो की सूची व इस जाति में बेटी व्यवहार भी होता है ,जिसे यह साबित होता है कि जिसे यह साबित होता है कि यह जाती एक ही है ,और किसी विसंगति के कारण इनका अलग-अलग माना गया है । कुन्नर ने कहा कि जिला कलेक्टर के मार्फत राज्य सरकार तक आपकी आवाज को पहुंचने के लिए आप हमारी मदद करे है , क्योंकि अब संघर्ष अंतिम मोड तक पहुंच चुका है , निजी सहायक सांवरमल शर्मा व हनुमान निनानिया ने विधानसभा में विधायक द्वारा उठाए गए उक्त मुद्दे की विस्तृत जानकारी धानका समाज को प्रस्तुत की , विभिन्न मन्डीयों से आए शेराराम बागड़ी , श्यामलाल , बिल्लू राम , कश्मीरी लाल , हीराराम , रतिराम ,संदीप कुमार ,जगदीश भावनिया , सोहनलाल बागड़ी ,राजेश बागड़ी के नेतृत्व में धानका समाज के प्रमुख व्यक्तियों ने अपने हक अधिकारों के लिए संगठित और जागरूक रहने पर जोर दिया , जोगिंदर हांडा , हंसराज खटक ,राजकुमार खरोड़ , रामी डाबला , राजकुमार किराड सहित बअन्य वक्ताओं ने राज्य सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि सरकार उनके सब्र का इम्तिहान ना ले अन्यथा उसे घातक परिणाम भुगतने पड़ सकते है ।

### दर्दनाक हादसा: स्कूल बस के चपेट में आने से सात वर्षीय छात्र शौर्य की मौत, -चालक के खिलाफ दर्ज होगा मुकदमा

**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** बीकानेर जिले के जसरासर कस्बे में बुधवार को एक हृदयविदारक सड़क हादसे में सात वर्षीय मासूम छात्र की जान चली गई।

जिस स्कूल बस से वह रोजाना स्कूल आता-जाता था, उसी बस की चपेट में आने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई। जानकारी के अनुसार जसरासर निवासी शौर्य सुथार (7) कातर स्थित विवेकानंद स्कूल में पढ़ता था और प्रतिदिन स्कूल बस से स्कूल आता-जाता था।

गुरुवार को स्कूल से लौटने के बाद वह बस से उतरकर अपने घर की ओर जा रहा था। इसी दौरान वह बस के आगे से निकलने लगा, लेकिन चालक को मासूम दिखाई नहीं दिया और उसने बस आगे बढ़ा दी। बस के टायर की च में आने से शौर्य गंभीर रूप से घायल हो गया और उसकी म पर ही मौत हो गई। जसरासर थाना प्रभारी आलोक सिंह ने बताया कि हादसे के बाद शव को बीकानेर के पीबीएम अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया है।

शुक्रवार सुबह पोस्टमार्टम की कार्रवाई के बाद शव परिजनों को सौंपा जाएगा। थाना प्रभारी के अनुसार मृतक के परिजनों ने बस चालक के खिलाफ रिपोर्ट दी है। रिपोर्ट के आधार पर चालक के विरुद्ध मामला दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## श्याम बाबा का भव्य जागरण व विशाल भंडारा प्रसादी संपन्न



**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** आज राधा रानी सेवा समिति द्वारा पिछले 2 महीने से शरबत ओर पानी की सेवा आमेर सिटी हेरिटेज होटल आमेर रोड पर निरंतर चलाई जा रही थी जिसका 30 जून को श्याम बाबा का भव्य जागरण और विशाल भंडारा करके समापन किया गया इसमें हजारों श्रद्धालु ने भोजन प्रसादी ग्रहण की एवं विभिन्न कलाकारों ने भजन से समा बांध दिया जिसमें पन्या सेपट ,शनि चक्रधारी आदि ने अपनी शानदार प्रस्तुति दी समाज के प्रबुद्धजन रहे मौजूद इस कार्यक्रम के दौरान सामाजिक कार्यकर्ता और समिति के प्रमुख सहयोगी हनुमान जी सैनी,युवा जागृति संगठन के अध्यक्ष समाजसेवी दौलत त्रिलोकानी ,मनीष पारीक, नितिन सैनी, प्रवीण शर्मा, राजकुमार जी, प्रमोद , सुरेंद्र , राजेश रामानी, प्रीतम दास, दिनेश जी, शंकर जी, मोहन सैनी ,राजू जी शर्मा,हिमांसू सैनी आदि गणमान्य नागरिक व सेवादार उपस्थित रहे

## कानोरिया महाविद्यालय में टॉपर्स का सम्मान एवं नवागंतुक विद्यार्थियों का स्वागत किया

### ओरिएंटेशन कार्यक्रम का भी हुआ आयोजन



**मुकुंदगढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** कानोरिया महाविद्यालय में नवागंतुक विद्यार्थियों का स्वागत एवं ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान महाविद्यालय में संचालित विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज प्राचार्य डॉ. बी.डी. शर्मा ने की। प्राचार्य डॉ. बी.डी. शर्मा ने बताया कि इस कार्यक्रम के दौरान न.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारी दीनदयाल, रोवर्स लीडर मांगूसिंह शेखावत, एन.सी.सी. प्रभारी राजेश कुमार सैनी एवं मिलन शर्मा मंचस्थ रहे। महाविद्यालय में नवप्रवेशित नवागन्तुक विद्यार्थियों का तिलकार्चन कर स्वागत किया गया। प्राचार्य ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप अपने आप को तैयार करने की बात कही तथा विद्यार्थियों को अपने जीवन में अनुशासन व संस्कारित शिक्षा के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया। टॉपर व नवागंतुक विद्यार्थियों को कानोरिया चैरिटेबल सोसायटी चेयरमैन के.के. कानोरिया, सोसायटी सचिव अरविन्द एम. शाह, संस्था सचिव टी. ढ़ांचोलिया एवम् सहसचिव वी.के. बुधिया ने अपनी शुभकामनाएं दी है।

# उत्कृष्ट कार्य करने पर आकाशवाणी के कार्यक्रम अधिकारी निरंजन शर्मा का किया अभिनंदन

**चूरू (हुक्मनामा समाचार)।** शहर के विश्वकर्मा मंदिर में बुधवार को आकाशवाणी चूरू के कार्यक्रम अधिकारी निरंजन कुमार शर्मा का राजकीय सेवा में उत्कृष्ट कार्य करने पर व प्रसारण क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए उनका भव्य अभिनंदन किया गया।

समारोह में बड़ी संख्या में आकाशवाणी से जुड़े उद्घोषकों, कंपेयर्स, तकनीकी कर्मचारियों व गणमान्य लोगों ने उन्हें शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यक्रम अधिकारी विनोद कुमार हलकिया ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कार्यक्रम अधिकारी अमित कुमार सैनी तथा विशिष्ट अतिथि सीनियर टेक्नीशियन सूर्य प्रकाश बाबल रहे। इस अवसर पर अतिथियों ने कहा कि निरंजन शर्मा ने अपने कार्यकाल के दौरान पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ दायित्वों का निर्वहन किया।

उन्होंने आकाशवाणी चूरू के प्रसारण की गुणवत्ता को बेहतर बनाने के साथ-साथ सहकर्मियों के साथ हमेशा आत्मीय और सहयोगात्मक व्यवहार बनाए रखा। उद्घोषकों व कंपेयर्स की ओर से आयोजित इस समारोह में वक्ताओं ने शर्मा के सरल व्यक्तित्व, कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासनप्रियता तथा सकारात्मक कार्यशैली की सराहना की। उन्होंने कहा कि उनका कार्यकाल नए कर्मचारियों के लिए प्रेरणास्त्रोत रहेगा और प्रसारण क्षेत्र में उनके योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा।

इस अवसर पर निरंजन कुमार शर्मा का शॉल ओढ़ाकर, साफा पहनाकर, श्रीफल व स्मृति-चिन्ह् प्रदान कर सम्मान किया गया।



## एक नजर

### इंजीनियर ने खुद पर उड़ेला पेट्रोल,लगा ली आग

**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** अपने कंपनी से परेशान एक इंजीनियर ने खुद पर पेट्रोल डालकर आग लगा ली।जिसे गंभीर हालात में पीबीएम अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।जानकारी मिली है कि पूगल रोड स्थित ऊन मंडी के सामने बने स्मार्ट मीटर के ऑफिस में कार्यरत इंजीनियर अनूपगढ़ निवासी लक्ष्मण सिंह राठौड़ ने मंगलवार रात अपने उपर पेट्रोल उड़ेल लिया और अपने आप को आग के हवाले कर दिया।सूचना पर साथी कार्मिक लक्ष्मण सिंह को पीबीएम लेकर गए। जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। राठौड़ सहित कई कार्मिकों ने आरोप लगाया है कि कंपनी के सीपीएम नीतीश माथुर सभी को परेशान करता है।माथुर के तानाशाही रवैये के चलते सभी कार्मिकों में भारी रोष है और तंग आकर न केवल कंपनी छोड़ रहे है बल्कि इस प्रकार के कदम उठा रहे है।चिकित्सकों ने बताया कि लक्ष्मण सिंह लगभग 40 प्रतिशत झुलस गया।प्राप्त जानकारी के अनुसार लक्ष्मण सिंह राठौड़ पिछले करीब एक वर्ष से कंपनी में कार्यरत हैं और वर्तमान में डिवीजन इंचार्ज के पद पर कार्य कर रहे हैं।उनका कहना है कि कल देर रात लक्ष्मण सिंह को माथुर ने बीकानेर आफिस में बुलाया था।आरोप है कि किसी बात को लेकर हुए विवाद के दौरान उनके साथ मारपीट की गई तथा पेट्रोल डालकर आग लगाने की कोशिश की गई।

### खाजूवाला के युवक की सड़क हादसे में मौत,परिजनों का हंगामा

**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** खाजूवाला के 8 केजेडी निवासी योगेश माहर की सड़क दुर्घटना में मौत,पूगल-दंतौर रोड पर ट्रेलर की टक्कर से हादसा,जिओ कंपनी के टावर मेंटेनेंस कार्य से लौट रहे थे योगेश,परिजनों ने कंपनी अधिकारियों पर लापरवाही का लगाया आरोप,खाजूवाला अस्पताल की मोर्चरी के बाहर धरने पर बैठे परिजन,जिओ व महिंद्रा एंड महिंद्रा के अधिकारी बुलाने की मांग, मांगें पूरी होने तक पोस्टमार्टम कराने से किया इनकार,पुलिस व चिकित्सकों की टीम मौके पर मौजूद।

### चानी फांटा के पास देर रात सड़क हादसा, बाइक सवार युवक घायल

**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** बीकानेर जिले में श्रीकोलायत क्षेत्र के चानी फांटा के पास पिछली देर रात हुए सड़क हादसे में 25 वर्षीय बाइक सवार युवक फुस्सा राम पुत्र ओमा राम, निवासी चानी, घायल हो गया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार हादसा किसी अज्ञात वाहन की टक्कर या अन्य कारण से हुआ, लेकिन वास्तविक वजह अभी स्पष्ट नहीं हो सकी है। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए घायल को तुरंत अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए ट्रॉमा सेंटर, बीकानेर रेफर कर दिया गया। फिलहाल उसका उपचार जारी है। बुधवार को पुलिस ने मामला दर्ज कर दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है। प्रशासन ने लोगों से अपुष्ट जानकारी और अफवाहों पर विश्वास न करने की अपील की है।

### डॉक्टर्स डे पर चिकित्सकों ने किया टीबी रोगियों का सहयोग



**रावतसर (हुक्मनामा समाचार)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रावतसर में बुधवार को डॉक्टर्स डे के अवसर पर टीबी रोगियों को राशन किट वितरण कर सहयोग किया। टीबी कार्यक्रम के प्रभारी एसटीएस संतलाल स्वामी ने बताया कि चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉक्टर पी डी स्वामी और खंड मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर मनिंद्र सिंह की प्रेरणा से डॉक्टर्स डे के अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रावतसर के सभी चिकित्सकों ने सभी एमडीआर टीबी रोगियों के निक्षय मित्र बन कर पोषण किट का वितरण किया। डॉक्टर मनिंदर सिंह ने बताया कि इन रोगियों का जब तक इलाज चलेगा तब तक चिकित्सकों द्वारा प्रति माह पोषण किट की सहायता की जाती रहेगी। सभी अधिकारियों एवं कार्मिकों ने टीबी मुक्त भारत अभियान जैसे अन्य राष्ट्रीय कार्यक्रमों में सहयोग करते रहने की प्रतिज्ञा ली । इस अवसर पर डॉक्टर सुभाष भिडासरा, डॉ धनपत छिंपा, डॉ महेंद्र शर्मा, डॉ मोहब्बत अली, डॉ एसपी ढाल, डॉ विजेंदर सिहाग, डॉ रेखा मीणा, डॉ महेश डागर,डॉ पंकज, नर्सिंग ऑफिसर दिनेश शर्मा, सुभाष, माया, नमिन्द्रा, कृष्ण शर्मा, गुरमीत कौर, लालचंद,फार्मासिस्ट आनंद स्वामी, राधेश्याम आदि उपस्थित रहे।

### अधिवक्ता संघ का पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन मारपीट मामले में सख्त कार्रवाई की मांग

**सीकर (हुक्मनामा समाचार)।** अभिभाषक संघ सीकर के अधिवक्ता स्वप्नील शर्मा के साथ हुई गंभीर मारपीट की घटना ने कानूनी हलकों में हड़कंप मचा दिया। बुधवार को संघ के अध्यक्ष दामोदर प्रसाद माटोलिया के नेतृत्व में अधिवक्ताओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने पुलिस अधीक्षक से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा,वकीलों ने 18 अप्रैल 2026 को थाना बलारा में दर्ज एफआईआर के बावजूद नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी न होने और अब तक कोई ठोस कानूनी कार्रवाई न किए जाने पर तीव्र नाराजगी जताई। उन्होंने इसे पुलिस की उदासीनता करार देते हुए त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई की मांग की।पुलिस अधीक्षक ने अधिवक्ताओं को आश्वस्त किया कि मामले में अतिशीघ्र प्रभावी कानूनी प्रक्रिया अपनाई जाएगी और पीड़ित अधिवक्ता को न्याय दिलाने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी जाएगी।

### कामवन पहुंचे स्वामी हरि चैतन्य पुरी महाराज, भक्तों ने किया भव्य स्वागत

**कामवन (हुक्मनामा समाचार)।** तीर्थराज विमल कुंड स्थित हरि कृपा आश्रम के संस्थापक एवं पीठाधीश्वर स्वामी हरि चैतन्य पुरी जी महाराज के आश्रम पहुंचने पर श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा, माल्यार्पण और आरती के साथ भव्य स्वागत किया। मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र में धर्म सम्मेलनों की अध्यक्षता के बाद लौटे महाराज ने अपने प्रवचन में कहा कि सच्चा सुख केवल धर्म और परमात्मा की शरण में ही प्राप्त होता है। उन्होंने क्षमा, प्रेम, सेवा, सद्भाव और सत्य के मार्ग पर चलने का संदेश देते हुए कहा कि ईर्ष्या, द्वेष और बदले की भावना मनुष्य को पतन की ओर ले जाती है,

# ई.पी. स्कूल खैरथल में मना डॉक्टर्स डे एवं सीए डे, BARC की साइंटिफिक ऑफिसर ख्याति खंडेलवाल समेत पूर्व छात्रों का हुआ सम्मान

**खैरथल (हुक्मनामा समाचार)।** इंजीनियर पॉइंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल, खैरथल में सोमवार को डॉक्टर्स डे एवं सीए डे का भव्य आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में विद्यालय ने अपने उन पूर्व छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया, जिन्होंने यहां से शिक्षा प्राप्त कर चिकित्सा, वाणिज्य एवं परमाणु विज्ञान के क्षेत्र में जिले व देश का नाम रोशन किया है। समारोह का मुख्य आकर्षण रहीं *भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र (ब्ंत्ब्) मुंबई में वैज्ञानिक के पद पर चयनित हुई विद्यालय की पूर्व छात्रा ख्याति खंडेलवाल।* इनके साथ ही डॉ. पारस मलिक, डॉ. यश खंडेलवाल, डॉ. धीरज कुमार, डॉ. संदीप सोनी तथा चार्टर्ड अकाउंटेंट रुचिका चौधरी का माल्यार्पण एवं स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर ख्याति एवं यश खंडेलवाल पिता इन्दर खंडेलवाल व उनकी माता सुषमा खंडेलवाल तथा सीए रुचिका चौधरी के पिता ज्ञानी राम चौधरी का भी विशेष सम्मान किया गया। **संस्थान के निदेशक आजाद चौधरी** ने बताया, 'हर वर्ष हमारे विद्यालय से विद्यार्थी उचित शिक्षा एवं मार्गदर्शन प्राप्त कर ठ्ठ्स, ठ्ठब्ब्, डॉक्टर, इंजीनियर, साइंटिस्ट, ब्ब्- जैसे उच्च पदों पर पहुंचकर देश की सेवा कर रहे हैं। ख्याति का ब्ंत्ब् जैसे विश्वस्तरीय संस्थान में चयन हमारे लिए गौरव का विषय है।'



# आज जिले की 6 ग्राम पंचायतों में आयोजित होंगे ग्रामीण सेवा शिविर

**खैरथल (हुक्मनामा समाचार)।** राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से जिले में 12 जून से 15 जुलाई 2026 तक 'ग्रामीण सेवा शिविर-2026' का आयोजन किया जा रहा है। जिला कलक्टर ने बताया कि ग्रामीण सेवा शिविरों में राजस्व विभाग सहित कुल 22 विभागों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी।

2 जुलाई को तिजारा उपखंड की ग्राम पंचायत जोजाका स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, उपखंड कोटकासिम की ग्राम पंचायत उजौली स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, उपखंड किशनगढ़ बास की ग्राम पंचायत मांचा स्थित अटल सेवा केंद्र, उपखंड टपूकड़ा की ग्राम पंचायत झीवाना स्थित अटल सेवा केंद्र, उपखंड मुंडावर की ग्राम पंचायत गादूवास, बासनी स्थित अटल सेवा केंद्रों पर ग्रामीण सेवा शिविर आयोजित किए जाएंगे।

ग्रामीण सेवा शिविरों के माध्यम से आमजन की विभिन्न समस्याओं का त्वरित समाधान, राजस्व प्रकरणों का निस्तारण, पात्र व्यक्तियों को योजनाओं का लाभ प्रदान करना तथा विभिन्न विभागीय सेवाओं की प्रभावी पहुंच सुनिश्चित की जाएगी। जिला प्रशासन ने सभी विभागों को शिविरों के सफल संचालन हेतु आवश्यक तैयारियां समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं।

# डॉक्टर्स डे'' व सीए डे पर अलायन्स क्लबों द्वारा नवलगढ़ के चिकित्सकों व सीए का सम्मान

**नवलगढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** बंगाल के भूतपूर्व मुख्यमंत्री डॉ बिधान चंद राय की स्मृति में राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के उपलक्ष्य में नवलगढ़ के चिकित्सकों व सीए का सम्मान किया गया।

सबसे पहले जांगिड अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ दयाषंकर जांगिड डॉ षिखरचंद जैन, डॉ मीनाक्षी जांगिड व डॉ मनीष जांगिड डॉ मेहुल जांगिड़ का सम्मान उनकी तीन पीढ़ियों का चिकित्सा सेवा में योगदान पर किया गया।

इसके साथ मनोज कुमार रूनला के तीनो पुत्र पुत्रियां का मेडिकल में चयन के लिए माला दुपटटा व मोतियों की माला से सम्मान किया गया। अलायंस प्रांतपाल मनोज कुमार रूनला पूर्व प्रांतपाल रामावतार सबलानिया मुरली मनोहर चोबदार की टीम द्वारा चिकित्सकों के आवास पर जाकर उन्हे पुष्प माला व मोतियों की माला से सम्मान किया। डॉ कपिल गुप्ता विनायक अस्पताल की डॉ अंजू शर्मा आभा होस्पिटल की डॉ आभा गुप्ता व डॉ हेमंत गुप्ता, डॉ बिजेन्द्र सिंह चैधरी, डॉ ज्योति चैधरी, जयपुरिया होस्पीटल के डॉ रामेष्वर, फिजियो थेरेपिस्ट निलोफर, डॉ अभिषेक हरि होस्पीटल के डॉ राजेष सैनी डॉ कैलाष सैनी डॉ ताराचंद को सम्मानित किया गया।




# मदार-रेवाड़ी अनारक्षित एक्सप्रेस स्पेशल 1 से 31 जुलाई तक चलेगी, फुलेरा सहित कई स्टेशनों पर होगा ठहराव

**फुलेरा (हुक्मनामा समाचार)।** अतिरिक्त यात्री यातायात को देखते हुए उत्तर पश्चिम रेलवे ने यात्रियों की सुविधा के लिए मदार-रेवाड़ी-मदार अनारक्षित एक्सप्रेस स्पेशल रेल सेवा का संचालन करने का निर्णय लिया है।

यह विशेष रेल सेवा 1 जुलाई 2026 से 31 जुलाई 2026 तक प्रतिदिन संचालित होगी। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी अमित सुदर्शन ने बताया कि गाड़ी संख्या 09639 मदार-रेवाड़ी अनारक्षित स्पेशल प्रतिदिन सुबह 4:30 बजे मदार से रवाना होकर 10:30 बजे रेवाड़ी पहुंचेगी।

वहीं गाड़ी संख्या 09640 रेवाड़ी-मदार अनारक्षित स्पेशल प्रतिदिन दोपहर 3:30 बजे रेवाड़ी से रवाना होकर रात्रि 10:35 बजे मदार पहुंचेगी। यह रेल सेवा मार्ग में किशनगढ़, नरेना, फुलेरा, रेनवाल, बधाल, रींगस, श्रीमाधोपुर, कांवट, भगेगा, नीम का थाना, मावंडा, डाबला, निजामपुर, नारनौल, अटेली और कुण्ड स्टेशनों पर ठहराव करेगी। रेल सेवा में 07 साधारण श्रेणी के कोच तथा 02 गार्ड डिब्बों सहित कुल 09 डिब्बे लगाए जाएंगे। रेलवे के अनुसार इस विशेष रेल सेवा के संचालन से मार्ग के यात्रियों को आवागमन में अतिरिक्त सुविधा मिलेगी।

# भारतीय किसान संघ ने सौंपा मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन

**रावतसर (हुक्मनामा समाचार)।** भारतीय किसान संघ ने जिले में गैंहू की सरकारी खरीद में हुए घोटाले की विस्तृत जांच तथा दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग को लेकर जिला कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा है। संगठन जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह सूडा के नेतृत्व में संगठन कार्यकर्ताओ ने जिला कलेक्टर कार्यालय से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन अनुसार जिले में गैंहू की सरकारी खरीद में हुई हेराफेरी तथा घोटाले की विस्तृत जांच करवाते हुए जिले के सभी रजिस्ट्रेशन की जांच करवाई जावे। उन्होंने बताया कि अगर सभी रजिस्ट्रेशन की जांच हो तथा पारदर्शिता से हो तो गैंहू खरीद में बहुत बड़ा घोटाला उजागर हो सकता है। सूडा ने अब तक हुई जांच में दोषी पाए गए लोगों के खिलाफ कार्रवाई नहीं होने पर गहरी नाराजगी जताते हुए कहा कि भ्रष्टाचार के खिलाफ अगर हम ढुलमुल रवैया रखेंगे तो भ्रष्टाचार और बढेगा। ज्ञापन में मांग की गई है कि दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करते हुए उनके लाइसेंस रद्द किए जाए। संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज किया जावे तथा गैंहू घोटाले की संपूर्ण राशि

## डॉ भीमराव अंबेडकर राजस्थान दलित आदिवासी उद्यम प्रोत्साहन योजना पर विशेष जागरूकता शिविर 7 जुलाई को रूपवास में

**भरतपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राज्य सरकार द्वारा अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के युवाओं एवं उद्यमियों को स्वरोजगार तथा उद्योग.व्यापार के क्षेत्र में प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से डॉ भीमराव अंबेडकर राजस्थान दलित आदिवासी उद्यम प्रोत्साहन योजना-2022 संचालित की जा रही है। योजना का मुख्य उद्देश्य गैर.कृषि क्षेत्रों जैसे विनिर्माण सेवा एवं व्यापार में अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग की प्रभावी भागीदारी सुनिश्चित कर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है। महाप्रबन्धक जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र चन्द्रमोहन गुप्ता ने बताया कि योजना के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को उद्योग सेवा एवं व्यापारिक गतिविधियों से संबंधित परियोजनाओं की स्थापना विस्तार विविधीकरण एवं आधुनिकीकरण हेतु मार्गदर्शनए सहयोग तथा विभिन्न प्रकार की वित्तीय सहायता उपलब्ध करवाई जाती है। कृषि एवं उससे संबद्ध गतिविधियों को छोडकर सभी वैध विनिर्माण सेवा एवं व्यापारिक गतिविधियां योजना के दायरे में शामिल हैं। उन्होंने बताया कि अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के 18 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्ति तथा ऐसी साझेदारी फर्में जिनमें एससी एसटी वर्ग के भागीदारों की हिस्सेदारी 51 प्रतिशत से अधिक हो लाभ प्राप्त करने के पात्र हैं। पात्र उद्यमियों को वित्तीय संस्थाओं के माध्यम से परियोजना लागत का 85 से 90 प्रतिशत तक गण उपलब्ध कराया जाता है। साथ ही सीजीटीएमएसई गारंटी शुल्क का पुनर्भुगतान परियोजना लागत का 25 प्रतिशत अथवा अधिकतम 25 लाख रुपये तक मार्जिन मनी अनुदान तथा 5 वर्षों तक 6 से 9 प्रतिशत तक ब्याज अनुदान जैसी आकर्षक वित्तीय सुविधाएं राज्य सरकार द्वारा प्रदान की जाती हैं। उन्होंने योजना के व्यापक प्रचार.प्रसार एवं अधिकाधिक पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित करने के उद्देश्य से मंगलवार 7 जुलाई को प्रातः 11 बजे पंचायत समिति रूपवास में विशेष जागरूकता शिविर आयोजित किया जाएगा।

## बयाना के रेलवे स्टेशन पर रिटायर सूबेदार का भव्य स्वागत व सम्मान

## 30साल की सेवाओं के बाद अपने वतन लौटे,अब युवाओं को दूंगा फ्री में ट्रेनिंग

**बयाना (हुक्मनामा समाचार)।** बयाना में भारतीय सेना में 30 सालों तक सेवा देने के बाद सूबेदार महेंद्र सिंह तंवर बुधवार को अपने गृह क्षेत्र लौटे। बयाना रेलवे स्टेशन पर पूर्व सैनिक संघ और ग्रामीणों ने उनका स्वागत किया। इस दौरान सैकड़ों लोगों ने उन्हें साफा पहनाकर, माल्यार्पण कर और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। सूबेदार महेंद्र सिंह तंवर बयाना उपखंड के ध्वजा मोरोली गांव के निवासी हैं। उन्होंने भारतीय सेना की 20वीं ग्रेनेडियर रेजीमेंट में रहते हुए देश की सीमाओं पर लंबे समय तक सेवाएं दीं। उनके सकुशल घर लौटने पर परिवारजनों, रिश्तेदारों और ग्रामीणों ने उनका स्वागत किया। युवाओं के लिए बताया प्रेरणा स्त्रोत पूर्व सैनिक संघ बयाना के अध्यक्ष बलराम कांवर ने सूबेदार तंवर के सैन्य जीवन को क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बताया। उन्होंने कहा कि देश सेवा के प्रति उनका समर्पण समाज के लिए गर्व का विषय है। सम्मान समारोह में सूबेदार महेंद्र सिंह तंवर ने घोषणा की कि वे अब अपने गांव में रहकर सेना में भर्ती होने की तैयारी कर रहे युवाओं को निशुल्क प्रशिक्षण देंगे। उनका उद्देश्य है कि अधिक से अधिक युवा भारतीय सेना में शामिल होकर देश सेवा कर सकें। उन्होंने सामाजिक गतिविधियों में भी सक्रिय भूमिका निभाने की बात कही।

# डॉक्टर्स डे पर हार्ट-टू-हार्ट बच्चे बने स्वास्थ्य के दूत, सीखी सीपीआर की कला

**सीकर (हुक्मनामा समाचार)।** पोलो ग्राउंड स्थित विद्याश्रम पब्लिक स्कूल में डॉक्टर्स डे के अवसर पर आयोजित स्वास्थ्य संगोष्ठी ने विद्यार्थियों को नई राह दिखाई। मुख्य वक्ता डॉ. विशाल यादव ने छात्रों को दिल की सेहत के गुर सिखाते हुए बताया कि बचपन से संतुलित आहार और नियमित व्यायाम जैसी आदतें गंभीर बीमारियों का कवच हैं। उन्होंने समय-समय पर हेल्थ चेकअप की अहमियत पर भी जोर दिया। **जान बचाने का हुनर:** संगोष्ठी में स्टाफ मनीष कुमार व पंकज ने विद्यार्थियों को आपातकाल में सीपीआर कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन देने की सटीक विधि का प्रत्यक्ष प्रदर्शन किया, जिससे बच्चों ने जीवन रक्षक तकनीकों को करीब से समझा। **'स्वस्थ जीवन ही सफलता का आधार':** विद्यालय की निदेशिका मंजू लाटा ने सभी को डॉक्टर्स डे की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि स्वस्थ रहना ही वास्तविक सफलता है। उन्होंने बच्चों से अपने साथ परिजनों की सेहत का ख्याल रखने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन चंदा शर्मा ने किया।इस मौके पर प्राचार्या पायल शुक्ला, समन्वयक सरिता टेलर व समस्त शिक्षक-गैर शिक्षक स्टाफ उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने चिकित्सकों के प्रति आभार जताते हुए एक स्वस्थ समाज के निर्माण का संकल्प लिया।

## आर्यन बघेल कप्तान एवं हिमांशु सोगरवाल उप कप्तान होंगे

# राज्यस्तरीय अंडर-19 डूंगरपुर शील्ड क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए जिले की 16 सदस्यीय टीम घोषित

**भरतपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राज्यस्तरीय अंडर-19 डूंगरपुर शील्ड क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए जिला क्रिकेट संघ भरतपुर के चयनकर्ताओं सूरज शर्मा नरेश खत्री लंकेश सियाराम प्रेम सिंह व पंकज गोयल के द्वारा जिले की 16 सदस्य वाली टीम घोषित की गई तथा टीम में 5 सुरक्षित खिलाड़ी भी शामिल किये हैं जिला क्रिकेट संघ के सचिव शत्रुघन तिवारी ने बताया कि टीम चयन के लिए अपनाई गई एक दिवसीय चयन प्रक्रिया व यो यो फिटनेस टेस्ट पास करने वाले चयनित सभी खिलाड़ियों के आपस में कराए गए दो.दो सिलेक्शन मैचों की परफॉर्मेंस व पूर्व में की गई राज्यस्तरीय व अन्य प्रतियोगिताओं की परफॉरमेंस के आधार पर भरतपुर जिले की टीम घोषित की गई है। टीम का कप्तान आर्यन बघेल एवं उपकप्तान हिमांशु सोगरवाल को बनाया गया है जबकि बाकी टीम गिरीश चाहर हरिदत तिवारी अनमोल शर्मा ध्रुव इंदौलिया कुश सोलंकी मन्नू सैनी विनय कमवार कुणाल फ ौजदार तनिष्क खंडेलवाल अनुज मीणा पुनीत गुर्जर देवांश सिसोदिया मोहम्मद हमजा सुमित शर्मा अंकित आशीष प्रजापत राज वाल्मीकि आकाश सिंह प्रशांत चाहर को टीम में शामिल किया गया है।

टीम का कोच अमरदीप कुमार व मैनेजर पुष्पेंद्र सिंह को नियुक्त किया गया है । सचिव ने बताया कि यह प्रतियोगिता एक दिवसीय लीग मैच के आधार पर रेड बॉल से 6 जुलाई से जयपुर में खेली जायेगी । टीम के चयन पर जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष विष्णु लोहिया कोषाध्यक्ष मुनेंद्र तिवारी संयुक्त सचिव अरुण कुमार गुप्ता उपाध्यक्ष अजय कुमार शर्मा राजकुमार जैन व सदस्य रविंद्र कौमारियाँ नाहर सिंह विनोद शर्मा राहुल लोहिया त्रिलोकनाथ शर्मा पवन कौनंये अमित सिंह गिरीश शर्मा जितेंद्र गुर्जर बीनू सिंह अवदेश खटाना देवेंद्र सिंह कालू व वरिष्ठ खेल पत्रकार संजीव चीनियां आदि ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं प्रेषित की एवं जीत की अग्रिम बधाई दी।

# मनीष गर्ग बने भरतपुर जिला अग्रवाल महासभा के युवा शहर अध्यक्ष

**भरतपुर (हुक्मनामा समाचार)।** भरतपुर जिला अग्रवाल महासभा के जिलाध्यक्ष सीए अतुल मित्तल द्वारा युवा समाजसेवी मनीष गर्ग को भरतपुर जिला अग्रवाल महासभा युवा शहर इकाई का शहर अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। इस नियुक्ति पर समाज में हर्ष का वातावरण है। समाज के पदाधिकारियों एवं अग्रबंधुओं ने उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ प्रेषित करते हुए उनके सफल कार्यकाल की कामना की। नवनियुक्त शहर अध्यक्ष मनीष गर्ग ने जिलाध्यक्ष सीए अतुल मित्तल के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन द्वारा उन पर जताया गया विश्वास उनके लिए सम्मान के साथ.साथ एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी भी है। उन्होंने कहा कि वे संगठन की विचारधारा एकता सेवा एवं संस्कार को आत्मसात करते हुए युवा शक्ति को संगठित करेंगे तथा समाजहित के कार्यों को पूरी निष्ठाए ईमानदारी एवं समर्पण के साथ आगे बढ़ाएंगे। साथ ही समाज के प्रत्येक वर्ग को साथ लेकर संगठन को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाने का हरसंभव प्रयास करेंगे। इस अवसर पर महामंत्री ओमप्रकाश गुप्ता ने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि मनीष गर्ग के नेतृत्व में युवा शहर इकाई नई ऊर्जा नए उत्साह एवं नई सोच के साथ संगठन को और अधिक मजबूत बनाएगी। उन्होंने कहा कि मनीष गर्ग एक सक्रिय कर्मठ एवं समाजहित के प्रति समर्पित कार्यकर्ता हैं तथा उनके नेतृत्व में अधिक से अधिक युवा संगठन से जुड़कर सेवा संस्कार एवं सामाजिक उत्थान के कार्यों में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

## एक नजर

### महिलाओं के लिये निःशुल्क कम्प्यूटर प्रशिक्षण कोर्स शुरू

**भरतपुर (हुक्मनामा समाचार)।** विश्व हिन्दू परिषद सेवा विभाग भरतपुर द्वारा स्थानीय उच्च माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर केशव नगर में संचालित हिन्दू गौरव महाराजा सूरजमल कौशल विकास केन्द्र पर महिलाओं के लिए निःशुल्क कम्प्यूटर कोर्स का प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारम्भ किया गया है। इसमें इच्छुक महिला सरकार द्वारा अनुमोदित कम्प्यूटर कोर्स निःशुल्क प्राप्त कर सकती हैं। विहिप के प्रान्त सेवा प्रमुख नरेश खंडेलवाल ने बताया कि सेवा विभाग द्वारा महिलाओं के लिए निःशुल्क सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम नियमित चलाया जा रहा है। उक्त के अतिरिक्त आदर्श विद्या मंदिर पुराना बयाना बस स्टैंड पर महिलाओं के लिए निःशुल्क मेंहदी एवं ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण कार्यक्रम नियमित चालू है।

### विक्रम जागरवाल होंगे आईएफडब्ल्यूजे के जिलाध्यक्ष

**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** बीकानेर के वरिष्ठ पत्रकार विक्रम जागरवाल, इंडियन फेडरेशन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट (आईएफडब्ल्यूजे) की बीकानेर इकाई के जिलाध्यक्ष होंगे। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देशानुसार प्रदेश अध्यक्ष उपेंद्र सिंह राठौड़ ने जागरवाल को जिलाध्यक्ष मनोनीत किया है। जागरवाल के बीकानेर ईकाई के जिलाध्यक्ष बनने पर पत्रकारों ने खुशी व्यक्त की है। बता दें कि विक्रम जागरवाल लंबे समय से इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से जुड़े हैं। वहीं विभिन्न पत्रकार संगठनों में अलग अलग पदों पर रहते हुए अपनी जिम्मेदारी का कुशल निर्वहन कर चुके हैं। आईएफडब्ल्यूजे के प्रदेशाध्यक्ष ने पत्रकारिता व संगठनों में उनके अनुभव को देखते हुए यह बड़ी जिम्मेदारी दी है। जागरवाल ने प्रदेश कार्यकारिणी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जिले में संगठन व पत्रकारों के हितों से जुड़े कार्य प्राथमिकता से किए जाएंगे। संगठन की जिला कार्यकारिणी की घोषणा भी जल्द ही की जाएगी।

### बंगला नगर में विवाहिता ने फंदा लगाकर की आत्महत्या, पुलिस जांच में जुटी

**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** शहर के बंगला नगर क्षेत्र में बुधवार की शाम एक विवाहिता ने फंदे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर पुलिस और समाजसेवी संस्थाओं की टीम मौके पर पहुंची तथा शव को कब्जे में लेकर पीबीएम अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया। जानकारी के अनुसार, बुधवार की शाम करीब 4:15 बजे सूचना मिली कि डूडी पेट्रोल पंप के पीछे स्थित बंगला नगर में एक मकान की ऊपरी मंजिल के कमरे में एक विवाहिता फंदे से झूलती हुई मृत अवस्था में है। सूचना पर मुक्ताप्रसाद थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का मौका-मुआयना कर आवश्यक कार्रवाई शुरू की। इसी दौरान ख़िदमतगार खादिम सोसायटी एवं असहाय र संस्थान के स्वयंसेवक सोएब भाई और राजकुमार खड़्ग़ा एम्बुलेंस के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस की निगरानी में शव पीबीएम अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकीय परीक्षण के बाद शव को मोर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया गया। मृतका की पहचान हर्षा (28) के रूप में हुई है। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और परिजनों से पूछताछ के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### चिराना के नेमीचंद रॉयल रेलवे में सब-इंस्पेक्टर चयनित, सर्व समाज ने साफा व माला पहनाकर किया स्वागत



**चिराना (हुक्मनामा समाचार)।** कस्बे के पुराने बाजार स्थित लाल गट्टे पर सर्व समाज की ओर से एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इसमें भारतीय रेलवे में सब-इंस्पेक्टर पद पर चयनित हुए नेमीचंद रॉयल का भव्य स्वागत किया गया। नेमीचंद रॉयल (पुत्र बोदू राम रॉयल) के रेलवे में सब-इंस्पेक्टर बनने पर पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर है। इस गौरवमयी उपलब्धि पर ग्रामीणों ने लाल गट्टे पर एकत्रित होकर नेमीचंद का माला व साफा पहनाकर अभिनंदन किया। कार्यक्रम के दौरान समाजसेवी विनोद परियाल ने कहा कि नेमीचंद की यह सफलता क्षेत्र के अन्य बच्चों के लिए प्रेरणा बनेगी। उन्होंने स्थानीय युवाओं को इस सफलता से सीख लेकर आगे बढ़ने और सभी क्षेत्रों में नाम रोशन करने के लिए उत्साहित किया। समारोह में उपसरपंच मोहम्मद इकबाल शेख़, आनंद सिंह शेखावत, मनोज कल्याण, संजय बारी, अनिल भार्गव, आदिल ख़ान, सत्यनारायण सैन, शायर चंदेल, सुनील कुमावत, सुभाष चन्द्र वर्मा आदि सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित लोगों ने एक-दूसरे का मुंह मीठा करवाकर खुशियां बांटी और चयनित सब-इंस्पेक्टर के उगवल भविष्य की कामना की।

### विभिन्न ग्राम पंचायतों में आज आयोजित होंगे ग्रामीण सेवा शिविर

**डीग (हुक्मनामा समाचार)।** आमजन को स्थानीय स्तर पर त्वरित राहत प्रदान करने और रा%य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से सीधे लाभान्वित करने के उद्देश्य से 2 जुलाई गुरुवार को जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों में ग्रामीण सेवा शिविरों का आयोजन किया जाएगा। निर्धारित कार्यक्रम के तहत 2 जुलाई को जिले की छह ग्राम पंचायतों में इन शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इसके अंतर्गत ग्राम पंचायत परमदरा अवार कनवाड़ा धौलेट तरोंडर और झंझार में स्थित भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केंद्र पर शिविर लगाए जाएंगे। जिला प्रशासन ने संबंधित क्षेत्रों के समस्त नागरिकों और जनप्रतिनिधियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में इन शिविरों में पहुँचकर विभिन्न लोक.कल्याणकारी योजनाओं और प्रशासनिक सेवाओं का लाभ उठाएं।

### दिव्यांगों को बांटे दिव्यांग उपकरण

**भरतपुर (हुक्मनामा समाचार)।** लायंस क्लब भरतपुर द्वारा महावीर विकलांग समिति में लायन एमजेएफ शिवशंकर बंसल द्वारा अपनी शादी की वर्षगांठ एवं धर्मपत्नि राधा बंसल के जन्म दिवस पर 27 दिव्यांगों को ट्राईसाइकिल, पैर, श्रवण यंत्र, व्हील चेयर आदि एक लाख के दिव्यांग उपकरणों का वितरण किया गया। कार्यक्रम क्लब अध्यक्ष कृष्ण मुरारी की अध्यक्षता में किया गया। सचिव सत्यदेव आर्य ने बताया कि सर्वप्रथम एमजेएफलायन शिवशंकर बंसल व राधा बंसल का दुपट्टा पहनाकर उपहार देकर सम्मान किया गया।